RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 9 अंक 332
नई दिल्ली, बुधवार, 13 अक्टूबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com





शेफाली वर्मा बल्लेबाजी में दूसरे स्थान पर खिसकीं
स्पोर्ट्स-10


### ऊर्जा मंत्रालय ने एनटीपीसी तथा डीवीसी को दिया निर्देश

# दिल्ली को दें अधिक से अधिक बिजली

● कोयला आधारित संयंत्रों से मिलने वाली बिजली का दुरुपयोग न करें राज्य

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली



**ऊर्जा** मंत्रालय ने एनटीपीसी लिमिटेड और दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) को संभावित संकट से निपटने के लिए दिल्ली को अधिक से अधिक बिजली की आपूर्ति करने के निर्देश जारी किए हैं। देश में इस समय बिजली संयंत्रों में कोयले का भंडार निम्न स्तर तक गिर गया है और तमाम राज्य ब्लैकआउट की चेतावनी दे रहे हैं। मंत्रालय ने दिशा-निर्देश जारी कर हिदायत दी है कि राज्य केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू) के कोयला आधारित संयंत्रों से मिलने वाली बिजली का दुरुपयोग न करें।

इस बीच, प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मंगलवार को देश भर के ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले की आपूर्ति की समीक्षा की। बैठक में बिजली सचिव आलोक कुमार और कोयला सचिव एके जैन ने कोयला और बिजली की उपलब्धता पर एक प्रस्तुति दी। सूत्रों ने कहा कि बैठक में कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के तरीकों पर भी चर्चा की गई। बैठक में कोयला मंत्रालय को कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए कहा गया है, जबकि रेलवे को बिजली संयंत्रों तक ईंधन पहुंचाने के लिए वैगन उपलब्ध कराने को कहा गया है। मांग को पूरा करने के लिए राज्यों को ऊंची दरों पर बिजली खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द ही कोयले के मुद्दे पर बैठक कर सकते हैं। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) को इस सप्ताह बिजली उत्पादकों को कोयले की आपूर्ति बढ़ाकर 1.55-1.6 मिलियन टन प्रतिदिन करने और 20 अक्टूबर के बाद इसे प्रतिदिन 1.7 मिलियन टन तक बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, कोयले की कमी के कारण दिल्ली में संभावित बिजली संकट के मद्देनजर बिजली मंत्रालय ने एनटीपीसी और डीवीसी को निर्देश दिया है कि दोनों कंपनियां अपने बिजली खरीद समझौतों के तहत आवंटित बिजली दिल्ली डिस्कॉम को उपलब्ध कराएं।

केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन करते हुए एनटीपीसी और डीवीसी ने दिल्ली को बिजली की लगातार आपूर्ति करने पर सहमति जताई है। एनटीपीसी ने मंगलवार को 1 से 11 अक्टूबर तक 11 दिनों के डेटा ट्वीट करते हुए कहा कि वह दिल्ली के लिए आवश्यक बिजली उपलब्ध करा रही है। इन 11 दिनों में दिल्ली डिस्कॉम एनटीपीसी द्वारा उपलब्ध कराई गई बिजली में से 70 प्रतिशत का उपयोग कर पाई है। इस दौरान दिल्ली डिस्कॉम को 54.83 मिलियन यूनिट बिजली दी गई, जबकि उसने शहर में 38.81 मिलियन यूनिट ही आपूर्ति की। मंत्रालय ने दिल्ली में बिजली आपूर्ति की स्थिति पर एक तथ्यात्मक रिपोर्ट भी जारी की। इसमें कहा गया है कि बीते 10 अक्टूबर को दिल्ली में बिजली की

(शेष पेज 9)

## केंद्र ने गैस की आपूर्ति रोकी बढ़ गई बिजली लागतः जैन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोयले** की किल्लत को लेकर दिल्ली के ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि केंद्र की नीति के कारण दिल्ली सरकार को पांच गुना कीमत पर बिजली खरीदनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सभी कोयला आधारित प्लांट बंद हो चुके हैं और भाजपा अफवाहें फैला रही है। इससे ऐसा प्रतीत होता है जैसे कोयला संकट पैदा किया जा रहा है।

जैन ने कहा कि यदि कोयले की कमी नहीं है तो एनटीपीसी संयंत्र पूरी क्षमता के साथ बिजली उत्पादन क्यों नहीं कर पा रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली पड़ोसी राज्यों के कोयला आधारित संयंत्रों से बिजली खरीदती है। कोयले की कमी होने से ये संयंत्र पूरी क्षमता से उत्पादन नहीं कर पा रहे। इससे दिल्ली को भी संकट का सामना करना पड़ रहा है। बिजली संकट पर दिल्ली के ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) करार के अनुसार 3500 मेगावाट बिजली देता था, लेकिन अब वह करार से आधी यानी 1750 मेगावाट बिजली ही दे पा रहा है। जैने ने आरोप लगाया कि राजधानी में कोयले से एक भी पावर प्लांट संचालित नहीं होता है।

यहां सब गैस से चलने वाले ही पावर प्लांट चल रहे हैं। यह जानते हुए भी केंद्र सरकार ने दिल्ली को निर्धारित दर पर गैस देना बंद कर दिया है। इस कारण दिल्ली सरकार को बिजली उत्पादन के लिए मार्केट से अधिक कीमत पर गैस खरीदनी पड़ रही है। इससे लागत बढ़ गई है। उन्होंने कहा

(शेष पेज 9)

# दो मुठभेड़ों में पांच आतंकवादी ढेर

● जम्मू-कश्मीर में नागरिकों की हत्याओं के दोषी मार गिराए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर



जम्मू कश्मीर के पुंछ में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों के जवान

**जम्मू-कश्मीर** के शोपियां जिले में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में पांच आतंकवादी मारे गए। इनमें से एक आतंकवादी हाल में श्रीनगर में बिहार के एक फेरी वाले की हत्या में शामिल था। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि श्रीनगर और बांदीपुरा में लोगों की चुन-चुनकर हत्या करने के हाल के चार मामलों में से दो को इन घटनाओं में शामिल आतंकवादियों को मार गिराए जाने के साथ ही सुलझा लिया गया है। उन्होंने बताया, पिछले 24 घंटों में शोपियां के दो गांवों तुलरान और फेरीपुरा में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद दो आतंकवाद रोधी अभियान चलाए गए, जिसमें पांच आतंकवादी मारे गए।

मृत आतंकवादियों में मुख्तार शाह शामिल है, जो श्रीनगर के लाल बाजार इलाके में एक गैर स्थानीय विक्रेता की हत्या में शामिल था। प्रवक्ता ने बताया कि खुफिया सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने दक्षिण कश्मीर के दो गांवों की घेराबंदी की और वहां तलाश अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि तुलरान में आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने का बार-बार मौका दिया गया लेकिन उन्होंने सुरक्षाबलों के संयुक्त दलों पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने कहा, अंधेरे के कारण अभियान निलंबित कर दिया गया लेकिन घेराबंदी जारी रही। सुबह-सुबह आतंकवादियों को आत्मसमर्पण के लिए कहते हुए बार-बार घोषणाएं

(शेष पेज 9)

### दिल्ली में खूनखराबे की साजिश रच रहा पाक आतंकी गिरफ्तार

● दस साल से रह रहा था राजधानी में, कब्जे से एके-47 व हैंड ग्रेनेड बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल ने राष्ट्रीय राजधानी में पाकिस्तानी आतंकी को गिरफ्तार किया है। आतंकी गत पंद्रह सालों से फर्जी नाम और पहचान पत्र के साथ यहां लक्ष्मीनगर के रमेश पार्क इलाके में रह रहा था। पुलिस का कहना है कि यहां वह स्लीपर सेल के तौर पर काम कर रहा था और दूसरे आतंकियों की मदद करता था। सिलीगुड़ी के रास्ते यहां पहुंचा ये आतंकी राजधानी में लोन वुल्फ अटैक यानी किसी भीड़ वाली जगह में अंधाधुंध फायरिंग कर खूनखराबे की साजिश रच रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे

(शेष पेज 9)

### अष्टम महागौरी



**श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।**
**महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥**

नवरात्रि में आठवें दिन महागौरी शक्ति की पूजा की जाती है। इनका रूप पूर्णतः गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। अष्टवर्षा भवेद् गौरी यानी इनकी आयु आठ साल की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद हैं। इसीलिए उन्हें श्वेताम्बरधरा कहा गया है। 4 भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है इसीलिए वृषारूढ़ा भी कहा गया है। इनके ऊपर वाला दाहिना हाथ अभय मुद्रा है तथा नीचे वाला हाथ त्रिशूल धारण किया हुआ है। ऊपर वाले बांए हाथ में डमरू धारण कर रखा है और नीचे वाले हाथ में वर मुद्रा है। इनकी पूरी मुद्रा बहुत शांत है। पति रूप में शिव को प्राप्त करने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी। इसी वजह से इनका शरीर काला पड़ गया लेकिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने इनके शरीर को गंगा के पवित्र जल से धोकर कांतिमय बना दिया। उनका रूप गौर वर्ण का हो गया। इसीलिए यह महागौरी कहलाईं। यह अमोघ फलदायिनी हैं और इनकी पूजा से भक्तों के तमाम कल्मष धुल जाते हैं। पूर्वसंचित पाप भी नष्ट हो जाते हैं। महागौरी का पूजन-अर्चन, उपासना-आराधना कल्याणकारी है। इनकी कृपा से अलौकिक सिद्धियां भी प्राप्त होती हैं।

### किसानों को तोहफा, उर्वरकों पर 28,655 करोड़ रुपए की सब्सिडी मंजूर

**नई दिल्ली (पीएनएस)।** सरकार ने मंगलवार को फॉस्फेटिक और पोटाश (पीएंडके) उर्वरकों पर 28,655 करोड़ रुपए की शुद्ध सब्सिडी की घोषणा की ताकि रबी की बुवाई के सीजन में किसानों को ये पोषक तत्व सस्ती कीमत पर मिल सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) की बैठक में अक्टूबर, 2021 से मार्च, 2022 की अवधि के लिए पीएंडके उर्वरकों के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरों को मंजूरी दे दी है। रबी (सर्दियों की बुवाई) का मौसम अक्टूबर में शुरू होता है। एक सरकारी बयान के अनुसार एनबीएस के तहत एन (नाइट्रोजन) की प्रति किलो सब्सिडी दर 18.789 रुपए, पी (फास्फोरस) के लिए 45.323 रुपए, के (पोटाश) के लिए 10.116 रुपए और एस (सल्फर) के लिए 2.374 रुपए तय की गई है। सरकार ने कहा कि रोलओवर की कुल राशि 28,602 करोड़ रुपए होगी। इसके तहत 5,716 करोड़ रुपए की संभावित अतिरिक्त लागत के लिए डीएपी पर अतिरिक्त सब्सिडी को विशेष एकमुश्त पैकेज भी प्रदान किया है।

## बंदिशें खत्म, 18 से पूरी क्षमता से उड़ान भरेंगी एयरलांइस

● यात्रियों की मांग और कोविड संक्रमण के मामलों में कमी को देखते हुए दी गई छूट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**घरेलू** विमानन सेवाएं अब 18 अक्टूबर से कोविड से पहले की तरह अपने 100 फीसदी क्षमता के साथ काम कर सकेंगी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने त्योहारी सीजन से पहले यात्रियों हवाई यात्रा की मांग में बढ़ोतरी और कोविड-19 संक्रमण मामलों में गिरावट को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को प्रतिबंध हटा दिए हैं। सरकार के इस कदम से एयरलाइंस कंपनियों को अधिक उड़ानें संचालित करने में मदद मिलेगी और त्योहारी सीजन शुरू होने के साथ पूरे भारत में यात्रियों की संख्या बढ़ेगी। ताजा सर्कुलर लगातार सुधरते हालात की तरफ इशारा करता है।

मंत्रालय ने मई 2020 से घरेलू एयरलाइन की क्षमता को सीमित कर दिया था। 18 सितंबर से की घोषणा के बाद से घरेलू उड़ानों की क्षमता वर्तमान में 85 फीसदी है। आदेश में कहा गया कि घरेलू परिचालन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के बाद यानि हवाई यात्रा के लिए यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने प्रतिबंध में ढील देते हुए 18 अक्टूबर से सभी घरेलू परिचालनों को बहाल करने का निर्णय है। उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, उड़ान क्षमता पर मानदंडों में ढील देने का निर्णय वर्तमान हवाई यात्रा की समीक्षा के बाद लिया गया था।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही एयरलाइंस/हवाई अड्डे के संचालक कोविड के प्रसार को रोकने के लिए दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करेंगे यात्रा के दौरान उनके द्वारा कोविड

(शेष पेज 9)

### लखीमपुर हिंसा

### आशीष मिश्रा को पूछताछ के लिए क्राइम ब्रांच ले जाया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखीमपुर-खीरी

**उत्तर** प्रदेश के लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा मामले में आरोपी केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को मंगलवार को अपराध शाखा कार्यालय ले जाया गया, जहां विशेष जांच दल (एसआईटी) उससे गहन पूछताछ कर रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अदालत से मंजूरी मिलने पर आशीष मिश्रा को पुलिस हिरासत में लिया गया। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी (एसपीओ) एसपी यादव ने सोमवार को बताया कि अदालत (मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी) में आशीष मिश्रा को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजने के लिए शनिवार को अर्जी दी गई थी जिस पर सुनवाई हुई और अदालत ने 12 से 15 अक्टूबर तक उसे पुलिस हिरासत में भेजने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि आशीष मिश्रा का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जाएगा और उसे पूछताछ के नाम पर पुलिस प्रताड़ित नहीं करेगी। यादव ने यह भी बताया कि

(शेष पेज 9)

## दो से 18 वर्ष तक के बच्चों को लगाई जा सकेगी कोवैक्सीन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● सब्जेक्ट एक्सपर्ट कमेटी ने दी आपात इस्तेमाल की मंजूरी, डीसीजीआई अभी लगाएगा अंतिम मुहर

● बच्चों को भी दी जाएंगी दो खुराक, पहली और दूसरी डोज के बीच 20 दिनों का अंतराल होगा

**देश** में 2 से 18 वर्ष तक के बच्चों को भारत बायोटेक की कोवैक्सीन लगाने को सब्जेक्ट एक्सपर्ट कमेटी (एसईसी) ने आपातकालीन उपयोग के लिए मंजूरी दे दी है। हालांकि अभी इसे ड्रग्स एंड कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) से अंतिम मंजूरी का इंतजार है। हैदराबाद स्थित फार्मा कंपनी ने सितंबर में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों पर कोवैक्सीन के दूसरे और तीसरे चरण के परीक्षणों को पूरा करने के बाद इस माह के शुरू में डीसीजीआई को परीक्षण के आंकड़े जमा किए हैं।

एसईसी के विशेषज्ञ पैनल समूह द्वारा जारी बयान में कहा गया कि इस मामले में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद समिति ने आपातकालीन स्थिति में 2 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों में टीके के सीमित उपयोग के लिए बाजार प्राधिकरण को मंजूरी देने की सिफारिश की है। मेड-इन-इंडिया वैक्सीन बच्चों को दो खुराक में दी जाएगी, पहली और दूसरी खुराक के बीच 20 दिनों के अंतराल होगा। अगस्त में भारत ने 12 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए जायकोव-डी के कोविड -19 वैक्सीन को आपातकालीन उपयोग के लिए मंजूरी दी थी। वैक्सीन को फार्मास्युटिकल फर्म जाइडस कैडिला द्वारा विकसित किया गया है और यह दुनिया में स्वीकृत होने वाला पहला डीएनए वैक्सीन है। एक बयान में, भारत बायोटेक ने

(शेष पेज 9)

### न्यायालय की कार्यवाही में बाधा नहीं डाल सकते वकील

**नई दिल्ली (पीएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि बार एसोसिएशन के हड़ताल या बहिष्कार के कारण वकीलों का सुनवाई के लिए अदालत आने से इंकार करना गैर-पेशेवर और अशोभनीय है क्योंकि वे अदालती कार्यवाही में बाधा नहीं डाल सकते और अपने मुव्वकिल के हितों को नुकसान नहीं पहुंचा सकते। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि एक वकील अदालत का अधिकारी होता है जिसे समाज में विशेष दर्जा प्राप्त होता है। न्यायमूर्ति एम. आर. शाह और न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना ने 27 सितंबर, 2021 को राजस्थान उच्च न्यायालय के वकीलों की हड़ताल के एक मामले की सुनवाई करते हुए उक्त टिप्पणी की। पीठ ने कहा, ...बार एसोसिएशन और बार काउंसिल द्वारा आहूत हड़ताल या बहिष्कार के कारण अदालती कार्यवाही में शामिल होने से इंकार करना किसी भी वकील के लिए गैर-पेशेवर और अशोभनीय है। इतना ही नहीं वकील अदालत का एक अधिकारी होता है और समाज में उसे विशेष दर्जा प्राप्त होता है, वकीलों का दायित्व और कर्तव्य है कि वे अदालत की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने दें, उनका अपने

(शेष पेज 9)

### बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,284 | ↑ 148 | |
| निफ्टी | 17,991 | ↑ 46 | |
| सोना | 46,286 | ↑ 129 | /10g |
| चांदी | 60,369 | ↓ 120 | /kg |

### क्विक न्यूज

**अमित खरे प्रधानमंत्री के सलाहकार नियुक्त**

**नई दिल्ली।** पिछले महीने उच्च शिक्षा सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए पूर्व नौकरशाह अमित खरे को संविदा आधार पर दो साल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सलाहकार नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी आदेश में यह जानकारी दी गई। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1985 बैच के झारखंड कैडर के अधिकारी खरे इसी साल 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हुए थे।

## मुंद्रा पोर्ट ड्रग मामले में एनआईए की एनसीआर में छापेमारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर 2,988 किलोग्राम हेरोइन की जब्ती की जांच के सिलसिले में मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कई स्थानों पर छापे मारे। एजेंसी ने बताया कि दिल्ली के लाजपत नगर, अलीपुर और खेरा कलां इलाकों में आवासीय परिसरों और गोदामों तथा नोएडा में कुछ परिसरों पर छापे मारे गए।

एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, लेख और सामान जब्त किए गए हैं। संघीय एजेंसी ने इस महीने की शुरुआत में केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) से मामले को अपने हाथ में लिया था और स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस कानून) तथा गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धाराओं के तहत आपराधिक शिकायत दर्ज की थी। एनआईए ने मामला दर्ज करने के तुरंत बाद भी छापेमारी की थी।

एनआईए के एक अधिकारी ने बताया था कि मामला मुंद्रा बंदरगाह पर 2,988.21 किलोग्राम मादक पदार्थ (हेरोइन) की जब्ती और खेप की खरीद और वितरण में विदेशी नागरिकों की संलिप्तता से संबंधित है। डीआरआई ने 13 सितंबर को दो कंटेनरों को कब्जे में लिया था जो अफगानिस्तान के कंधार से ईरान के बांदर अब्बास बंदरगाह से होते हुए मुंद्रा बंदरगाह पहुंचे थे। कंटेनरों को लेकर की गई घोषणा में दावा किया गया था कि इनमें अर्ध- प्रसंस्कृत टैल्क स्टोन हैं। एक सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया था कि अच्छी तरह से जांच करने

(शेष पेज 9)

# मानवाधिकार उल्लंघन के नाम पर बिगाड़ी जा रही देश की छविः मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● कहा, मानवाधिकार की व्याख्या कुछ लोग अपने-अपने तरीके से, अपने-अपने हितों को देखकर करने लगे हैं



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मानवाधिकारों की चयनित तरीके से व्याख्या करने वालों तथा उन्हें राजनीतिक नफा-नुकसान के तराजू से तौलने वालों की आलोचना करते हुए मंगलवार को कहा कि ऐसा आचरण मानवाधिकारों तथा लोकतंत्र के लिए भी नुकसानदायक है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के 28वें स्थापना दिवस समारोह में प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में मानवाधिकार की व्याख्या कुछ लोग अपने-अपने तरीके से, अपने-अपने हितों को देखकर करने लगे हैं।

उन्होंने कहा कि चयनित तरीके से आचरण करते हुए कुछ लोग मानव अधिकारों के हनन के नाम पर देश की छवि को भी नुकसान पहुंचाने का प्रयास करते हैं और ऐसे लोगों से देश को सतर्क रहना है। प्रधानमंत्री ने किसी व्यक्ति या संगठन का नाम नहीं लिया। हालांकि सत्तारूढ़ भाजपा मानवाधिकार समूहों के एक वर्ग की आलोचना करती रही है जिसमें वैश्विक मौजूदगी वाले समूह भी हैं। पार्टी का मानना है कि ए समूह कथित तौर पर सरकार को निशाना बनाने के लिए मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामलों को चयनित तरीके से एवं एकतरफा ढंग से उठाते हैं। मोदी ने अपने संबोधन में कहा, मानवाधिकार का बहुत ज्यादा हनन तब होता है जब उसे राजनीतिक रंग दिया जाता है, राजनीतिक चश्मे से देखा जाता है, राजनीतिक नफा-नुकसान के तराजू से तौला जाता है। इस तरह का चुनिंदा व्यवहार, लोकतंत्र के लिए भी उतना ही नुकसानदायक होता है। उन्होंने कहा कि एक ही प्रकार की किसी घटना में कुछ लोगों को मानवाधिकार का हनन दिखता है और वैसी ही किसी दूसरी घटना में उन्हीं लोगों को मानवाधिकार का हनन नहीं दिखता। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में देश ने अलग-अलग वर्गों में, अलग-अलग स्तर पर हो रहे अन्याय को भी दूर करने का प्रयास किया है।

मोदी ने अपने संबोधन में गरीबों, महिलाओं और दिव्यांगों के सशक्तीकरण के लिए अपनी सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि दशकों से मुस्लिम महिलाएं तीन तलाक के खिलाफ कानून की मांग कर रही थीं और उनकी सरकार ने तीन तलाक के खिलाफ कानून बनाकर, मुस्लिम महिलाओं को नया अधिकार दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज महिलाओं के लिए काम के अनेक क्षेत्रों को खोला गया है, और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि महिलाएं 24 घंटे पूरी सुरक्षा के साथ काम कर सकें। उन्होंने कहा कि दुनिया के बड़े-बड़े देश ऐसा नहीं कर पा रहे लेकिन भारत आज कामकाजी महिलाओं को वेतन सहित 26 हफ्ते का मातृत्व अवकाश दे रहा है। मोदी ने कहा, आज देश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र पर चल रहा है। यह एक तरह से मानव अधिकार को सुनिश्चित करने की ही मूल भावना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने लगातार विश्व को समानता और मानव अधिकारों से जुड़े विषयों पर नया दृष्टिकोण दिया है। उन्होंने कहा, बीते दशकों में ऐसे कितने ही अवसर विश्व के सामने आए हैं, जब दुनिया भ्रमित हुई है, भटकी है। लेकिन भारत मानवाधिकारों के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहा है, संवेदनशील रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, यह समझना महत्वपूर्ण है कि मानवाधिकार केवल अधिकारों से नहीं जुड़ा है बल्कि यह हमारे कर्तव्यों का भी विषय है।

उन्होंने कहा, अधिकार और कर्तव्य दो ऐसे रास्ते हैं जिन पर मानव विकास और मानव गरिमा की यात्रा आगे बढ़ती है तथा कर्तव्य भी अधिकारों के समान ही महत्वपूर्ण हैं एवं उन्हें अलग नहीं देखना चाहिए, क्योंकि वे एक दूसरे के पूरक हैं। कोविड-19 के दौरान गरीबों की मदद के लिए निःशुल्क अनाज उपलब्ध कराने और बुजुर्गों तथा अन्य संवेदनशील तबकों को नकद अंतरण सहित सरकार के प्रयासों को रेखांकित करते हुए मोदी ने कहा कि इतनी बड़ी आबादी में विगत में एक महामारी ने समाज में अस्थिरता पैदा की है, लेकिन भारत ने आम आदमी के अधिकारों के लिए किए गए अपने कार्य से सभी आशंकाओं को गलत साबित किया। उन्होंने कहा, मैं इस बात पर

(शेष पेज 9)

# 20 किमी लंबी दीवार बनाने का काम शुरू

**जेवर एयरपोर्ट**

## जमीन की हो चुकी है पैमाइश, हर दस फीट पर लगेंगे आरसीसी के पिलर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का काम तेज गति से आगे बढ़ रहा है। जमीन की पैमाइश हो चुकी है। साथ ही 20 किमी लंबी दीवार का निर्माण किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि जहां से निर्माण शुरू हुआ है, इसी के पास शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन होगा। हालांकि शिलान्यास को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। फिलहाल रन्हेरा चौकी से लेकर गांव तक निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

बाद में 20 किमी लंबी दीवार का काम पूरा किया जाएगा। इसमें हर 10 फीट पर आरसीसी के पिलर लगेंगे। इसके लिए जमीन के पांच फ ीट नीचे से स्ट्रैचर तैयार किया जा रहा है। हालांकि निर्माण में उन जगहों को छोड़ा जा रहा है, जहां सड़क, रजवाहे और नाले आ रहे हैं।

पहले चरण के विकास के लिए कुल 1351 हेक्टयर जमीन एयरपोर्ट निर्माता कंपनी ज्यूरिख को सौंप दी गई है। ज्यूरिख इंटरनेशनल की भारतीय कंपनी ने दीवार बनाने से पहले पूरी जमीन की तहसील व यीडा की टीम के साथ मिलकर पैमाइश कराई थी। उसके बाद काम शुरू हुआ है। जानकारी के मुताबिक पैमाइश के बाद भी कुछ जगहों पर दीवार में मोड़ बन रहे हैं।

एयरपोर्ट बनाने वाली कंपनी इन मोड़ों को खत्म करना चाहती है। ताकि एयरपोर्ट की सुरक्षा में आसानी रहे। जानकारों की माने तो बाउंड्री को सीधा करने के दो ही रास्ते हैं। इसके मुताबिक कुछ अधिगृहीत जमीन को बाउंड्री के बाहर छोड़ना पड़ेगा। यदि निर्माता कंपनी जमीन बाउंड्री के बाहर नहीं छोड़ना चाहती तो ऐसे में उसे 40 हेक्टेयर जमीन और किसानों से लेनी होगी। जेवर-झाजर मार्ग स्थित रन्हेरा चौकी के पास से बाउंड्री बनाने का कार्य शुरू किया गया है।

एयरपोर्ट के लिए लगभग 20 किलोमीटर लंबी दीवार बनाई जानी है। इसकी लंबाई दोनों तरफ 6.6 किलोमीटर होगी। वहीं, चौड़ाई 4.4 किलोमीटर के करीब है। एयरपोर्ट को विकसित करने का काम अब रफ्तार पकड़ रहा है।

## दीपावली से पहले ग्रेनो में सड़कें, पार्क और ग्रीन बेल्ट को चमकाने की योजना

**नोएडा।** दीपावली पर्व के मद्देनजर ग्रेटर नोएडा को साफसुथरा, सुंदर और हरा.भरा बनाने की पहल प्राधिकरण ने की है। प्राधिकरण का प्रोजेक्ट विभाग इस काम में जुट गया है। महाप्रबंधक परियोजना एके अरोड़ा अपनी टीम के साथ इन रिहायशी सेक्टरों का जायजा लेंगे। सोमवार से इसकी शुरुआत कर दी है। पहले दिन उन्होंने सेक्टर अल्फा वन और ओमीक्रॉन थ्री का निरीक्षण किया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण ने दिवाली से पहले ग्रेटर नोएडा को और चमकाने के निर्देश दिए हैं। दिवाली से पहले हर सेक्टर में फुटपाथ और सेंट्रल वर्ज को दुरुस्त किया जाएगा। पेड़ों की छंटाई और पार्कों को दुरुस्त किया जाएगा। रोड साइड और सेंट्रल वर्ज पर लगी घास को काटा जाएगा। प्रोजेक्ट विभाग ने इस पर अमल करना शुरू कर दिया है। प्राधिकरण के प्रोजेक्ट विभाग के महाप्रबंधक एके अरोड़ा अपनी टीम के साथ सोमवार को सेक्टर अल्फा वन और ओमीक्रॉन थ्री पहुंचे। उन्होंने सेक्टर अल्फा वन में घास की कटाई, फुटपाथ दुरुस्त करने और पेड़ों की छंटाई के निर्देश दिए। पार्क को भी दुरुस्त करने को कहा। इसके बाद सेक्टर ओमीक्रॉन थ्री गए। वहां की अदरूनी सड़कों को रिपेयर करने के निर्देश दिए। फुटपाथ व रोड साइड पटरी भी सुधारने को कहा। यहां भी पार्क में उगी बड़ी घास की कटाई कराने निर्देश दिए। महाप्रबंधक का सेक्टरों का दौरा आगे भी जारी रहेगा।

**जीडीए की पहले आओ पहले पाओ स्कीम**

# 28 आवेदकों ने किया आवेदन चार को मिला तत्काल आवंटन

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



जीडीए की पहले आओ पहले पाओ स्कीम की जानकारी लेते आम लोग।

लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन परिसर में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के तत्वावधान में जीडीए की विभिन्न योजनाओं में रिक्त पड़े भवनों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर बेचने प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस मौके पर 28 आवेदकों नेभवनों की क्रय प्रक्रिया के लिए आवेदन किया है।

4 आवेदकों को तत्काल भवन आवंटित भी कर दिए गए। जिनका मूल्य लगभग 50 लाख है।खास बात यह है कि इस मेले में संपत्तियों पर होम लोन मेले का आयोजन भी किया गया है, यानी मौके पर ही लोन उपलब्ध कराने की सुविधा भी प्राधिकरण ने मुहैया कराई है।

जीडीए के सचिव बृजेश कुमार ने बताया कि आवेदकों द्वारा विभिन्न योजनाओं के निर्मित भवनों का स्थलीय निरीक्षण कर भावनाओं को क्रय करने में रुचि ली जा रही है।

इसके अलावा मेले में आवेदकों द्वारा बैंक से ऋण प्राप्त करने में भी विशेष रूचि ली जा रही है।

आवंटियों की रुचि को ध्यान में रखते हुए मेला 13 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि सुबह 11:00 बजे से 4:00 बजे तक भवन विक्रय का कार्य चलेगा।

जीडीए की पहले आओ पहले पाओ स्कीम के तहत दिन भर लोगों का तांता लगा रहा। जीडीए के कर्मचारियों ने भी आने वाले लोगों को प्रत्येक स्कीम के बारे में विस्तार से लोगों को जानकारी दी।

# भंगेल एलिवेटेड रोड पर गर्डर रखने का काम शुरू

## 97 फीसदी पाइल लगे, जल्द शुरू होगा ट्रैफिक

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा शहर के भारी यातायात से निजात देने के लिए भंगेल एलिवेटेड रोड का काम भी रफ्तार पकड़ रहा है। इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर गर्डर रखने का काम शुरू हो गया है। इस एलिवेटेड रोड को दिसंबर 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि अफसरों का कहना है कि इसे समय से पहले पूरा कर लिया जाएगा। इसके तैयार होने के बाद लाखों वाहनों को सहूलियत मिलेगी।

उन्हें बरौला और भंगेल के जाम से निजात मिलेगी। वे एलिवेटेड रोड से सेक्टर-37 से नोएडा फेस-2 पहुंच सकेंगे। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य महाप्रबंधक राजीव त्यागी ने बताया, ब्रिज निर्माण में तीन स्टेज होती हैं। फाउंडेशन, सब्स्ट्रक्चर और सुपर स्ट्रक्चर। पाइल एवं पाइल केप का कार्य फाउंडेशन स्टेज में किया जाता है। पीयर एवं पीयर केप का कार्य सब्स्ट्रक्चर स्टेज पर किया जाता है। गर्डर्स, डेक स्लैब एवं मार्ग निर्माण का कार्य सुपर स्ट्रक्चर स्टेज में किया जाता है। सोमवार को इस एलिवेटेड रोड में गर्डर रखने का काम शुरु हो गया है।

इस पर भविष्य में डेक स्लैब एवं मार्ग निर्माण का कार्य कराया जाएगा। जानकारी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट में कुल 2122 पाइल्स लगेंगे। इसमें से करीब 97 फीसदी 2065 पाइल लग चुके हैं। इसी तरह 145 पाइल कैप में से 120 का काम पूरा हो चुका है। एलिवेटेड रोड पर प्रस्ताविक 145 पीयर में से 106 तैयार हो चुके हैं। जबकि 53 पीयर कैप का काम हो चुका है। इस प्रोजेक्ट में कुल 145 पीयर कैप लगने हैं। तीसरे चरण में गर्डर लगाने का काम चल रहा है। पूरे प्रोजेक्ट में 1400 गर्डर लगेंगे। इसमें से 70 लगाए जा चुके हैं। एलिवेटेड रोड को 2 साल में बनाने की समयसीमा रखी गई थी।

# महंगी कार में बाबूजी बनकर चुराते थे सामान

- लाखों के माल पर साफ कर चुके हैं हाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



कोतवाली सेक्टर 20 पुलिस ने बंद घरों की रेकी कर चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी शातिर किस्म के चोर हैं जो सेक्टरों व कालोनियों के बंद घरों में घुसकर चोरी करते थे।

आरोपी पहले स्कूटी से रेकी करते थे और फिर महंगी कार में सवार होकर चोरी की वारदातों को अंजाम देने पहुंचते थे। आरोपियों ने पूछताछ में चोरी की कई घटनाओं को किये जाने की बात कुबूल की है। एडीसीपी नोएडा रणविजय सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी सिद्धार्थ महरोत्रा और दिल्ली निवासी योगेश उर्फ चिंटू के रूप में हुई है।

योगेश के खिलाफ अलग.अलग थानों में 15 मामले और सिद्धार्थ महरोत्रा के खिलाफ चार मुकदमे दर्ज हैं। एडीसीपी ने बताया कि पुलिस ने इनके कब्जे से 12 लाख 50 हजार रुपये नकद, लाखों के आभूषण, चाकू, स्कूटी, कार और कई अहम दस्तावेज बरामद किए हैं।

दोनों आरोपी किसी भी सेक्टर में स्कूटी से घुस जाते थे और खाली घरों की घंटी बजाकर चेक करते थे की उसमें कोई है या नहीं। यदि घंटी बजाने पर कोई घर से निकल कर बाहर आता था तो खुद को इंटरनेट या डिश ऑपरेटर बताकर उसे किसी स्कीम के बारे में बताते थे। लेकिन यदि किसी घर से घंटी बजाने के बाद भी कोई नहीं निकलता था तो वही घर अगले दिन इन चोरों के निशाने पर होता था।

# भगवान शिव की 61 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

- दूर से दर्शन कर सकेंगे श्रद्धालु

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

श्री रामलीला कमेटी ने सफीपुर गांव में स्थित मोक्षधाम में भगवान शिव की 61 फीट ऊंची शिव प्रतिमा स्थापित कराया है।

विधि-विधान पूर्वक इस भव्य प्रतिमा का अनावरण भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल और गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा ने किया। प्रतिमा का निर्माण प्रसिद्ध मूर्तिकार रामसुतार ने किया है। 61 फीट ऊंची यह प्रतिमा देश में 11वें नंबर की सबसे ऊंची शिव की प्रतिमा है। उड़ीसा में भगवान शिव की 61 फीट ऊंची प्रतिमा है, लेकिन वह विश्राम की मुद्रा में है। राजेश अग्रवाल ने कहा समिति के द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है।

दुख की घड़ी में मोक्षधाम आने वाले लोगों को विशाल व आकर्षक प्रतिमा शांति प्रदान करेगी। सांसद डॉ महेश शर्मा ने कहा कि समिति शहर में लगातार अच्छा कार्य कर रही है। कई किलोमीटर दूर से भी लोग भगवान का दर्शन कर सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार



नोएडा प्रेस क्लब में पत्रकारों को संबोधित करते नादिर शाह।

### सपा की तरफ से नादिर शाह ने पेश की दावेदारी

**नोएडा।** अभी भले ही उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव दूर हैं, लेकिन चुनावों को लेकर दावेदारी करने का सिलसिला शुरू हो गया है। मंगलवार को सेक्टर-29 गंगा शॉपिंग कंपलेक्स स्थित मीडिया क्लब में मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के नोएडा महानगर अध्यक्ष नादिर शाह ने समाजवादी पार्टी विधानसभा 61 के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। उनका कहना था कि उन्होंने यह दावेदारी इसलिए पेश की है, क्योंकि वह पार्टी से जुड़े हुए हैं और वह पार्टी के बहुत पुराने कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी जीतती है तो हम बेरोजगारी, महंगाई और किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएंगे और हल करेंगे। मंगलवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान चौधरी कुंवर, बिलाल बरनी, लिलटी यादव, सोनू यादव, अनुज भाटी, कुंवर सिरसा, नाभिया प्रधान, तनवीर हुसैन, अजय मलेडिया, अतुल शर्मा, कर्मवीर अवाना आदि भी उपस्थित रहे।

### नारी-शक्ति को दर्शाती नृत्य नाटिका का आयोजन

**नोएडा।** मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल नोएडा द्वारा विद्यालय में नवरात्रि के शुभ अवसर पर नारी के अंदर समाहित महिषासुरमर्दिनी को जाग्रत करता कार्यक्रम प्रिपॉन्डरेंस ऑफशक्ति का हर्षोल्लास तथा धूमधाम के साथ आयोजन किया गया, कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय की प्रधानाचार्या सुश्री



निंदिया साकेत और सह संचालिका सुश्री प्रियंका सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर मानव रचना स्कूल, नोएडा के कार्यकारी निदेशक श्री लवकेश मगु अतिथि के रूप में उपस्थित थे, मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति के साथ तथा उसके भावों के साथ जोड़े रखती हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने छात्रों से उस शक्ति को पहचानने का आग्रह किया जो उनके भीतर निहित है। वे देवी दुर्गा की तरह समाज को बुराई की चपेट से बचा सकती हैं, उन्हें केवल अपने अन्दर की क्षमता को पहचानने की आवश्यकता हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह लड़कियों को अपने भीतर साहस की विशाल क्षमता का एहसास कराने के लिए प्रोत्साहित करें।

### पीड़िता के परिवार से मिला कांग्रेसी प्रतिनिधिमंडल

**नोएडा।** यूपी कांग्रेस सोशल मीडिया की उपाध्यक्ष और नोएडा में पार्टी का प्रमुख चेहरा पंखुड़ी पाठक ने जेवर में सामूहिक दुष्कर्म की पीड़िता के परिजनों से मुलाकात की। उनके साथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी, प्रदेश सचिव अजीत दौला, सेवादल यूपी के महानगर अध्यक्ष अनुपम ओबेरॉय, पार्टी के जिला प्रवक्ता पवन शर्मा, सोशल मीडिया के प्रदेश सचिव रवि माथुर और दलित कांग्रेस प्रदेश सचिव ऋषि गौतम आदि मौजूद रहे। पंखुड़ी पाठक ने पीड़िता के परिजनों को ढांढस बंधाया और कहा कि मुश्किल की इस घड़ी में कांग्रेस परिवार के साथ है। बताते चलें कि जेवर क्षेत्र में रविवार की सुबह एक दलित महिला के साथ चार आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। हालत गंभीर होने पर महिला को नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना पर विपक्षी दल सरकार को घेरने में जुटे हैं।

# गोल्फलिंक वन सोसाइटी के निवासियों की उम्मीदें बढ़ीं, प्राधिकरण ने बनाई कमेटी

- जल्द सीईओ को सौंपगी रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा की एकलौती फ्रीहोल्ड सोसाइटी गोल्फ लिंक वन के निवासियों को अब न्याय की उम्मीद बढ़ गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने करार से जुड़े दस्तावेजों के समीक्षा के लिए एक कमेटी का गठन किया है।

यह कमेटी जल्द ही प्राधिकरण और हाउसिंग सोसाइटी के बीच एमओयू की शर्तों का अध्ययन करेगी। उसके बाद अपनी रिपोर्ट सीईओ नरेंद्र भूषण को सौंपेगी। तब गोल्फ लिंक वन के 4000 से ज्यादा लोगों के भाग्य का फैसला होगा। मगर सोसाइटी के निवासी अथॉरिटी के इस कदम से उत्साहित हैं। ग्रेटर नोएडा के पॉश लोकेशन पर स्थित गोल्फलिंक वन सोसाइटी के निवासी पिछले 10 साल से सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं। असली समस्या यह है कि बिल्डर अंसल वहां कोई विकास कार्य नहीं कराता। क्योंकि कागजी आधार पर अब यह सोसायटी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र में आती है।

# अवैध कारखाना से 3 करोड़ के पटाखे जब्त, 6 पकड़े

- दीवाली से पहले एनसीआर में करनी थी सप्लाई, मालिक फरार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



बरामद माल व गिरफ्त में कर्मचारी व इंसेट में जब्त पटाखें।

गाजियाबाद पुलिस की स्वाट टीम ने मधुबन बापूधाम के नजदीक मनन धाम के सामने छापा मारकर एक अवैध रूप से चलाई जा रही एक पटाखा फैक्ट्री को पकड़ा है ।

पुलिस ने यहां से पटाखा करने तैयार करने वाले 6 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि फैक्ट्री मालिक फरार हो गया। पुलिस ने मौके से 3 करोड़ रुपए की कीमत के अवैध रूप से तैयार किए गए पटाखे बरामद किए हैं।

इन पटाखों का निर्माण दिवाली पर्व के मद्देनजर आपूर्ति करने के लिए से किया जा रहा था। इस संबंध में पुलिस पुलिस अधीक्षक नगर (प्रथम) निपुण अग्रवाल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर स्वाट टीम ने मंगलवार को मधुबन बापूधाम में चल रही एक फैक्ट्री पर छापा मारा। वहां काम कर रहे लोगों से जब फैक्ट्री का लाइसेंस मांगा गया तो वह नहीं दिखा सके। उन्होंने बताया कि इस फैक्ट्री में अवैध रूप से पटाखे तैयार किए जा रहे थे। पुलिस ने मौके से रवि, राकेश, आकाश, विष्णु, संदीप और अरविंद को गिरफ्तार किया है। जबकि दिल्ली के त्रिनगर निवासी मनीष जैन, ललित गोयल व तरुण राय फरार हो गए।

पकड़े जाए कर्मचारियों में टेक्निशियन व ऑपरेटर भी शामिल हैं। मौके से 6 ड्रम एथेनॉल, 10 कैन काली प्लास्टिक नाइट्रिक एसिड,100 गत्ते के एक डिब्बे, 4 सौ पेटी तैयार पटाखे, मशीन व पटाखे बनाने के अन्य उपकरणों समेत टैक्स इनवॉइस भी बरामद हुई है।

# केवाईसी अपडेट के नाम पर खाते से निकाली रकम

- रियल स्टेट के मैनेजर को बनाया निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



कोतवाली बीटा-2 क्षेत्र के सेक्टर ओमेगा-2 में रहने वाले रियल स्टेट कंपनी के सीनियर मैनेजर से साइबर ठगों ने मोबाइल नंबर की केवाईसी अपडेट करवाने के नाम पर 10 रुपये का पेमेंट करवाया।

इस दौरान ठगों ने उनके कई बैंक खातों से 78900 रुपये उड़ा दिए। खातों से रुपये निकल जाने की जानकारी होने पर पीड़ित ने कोतवाली बीटा-2 पुलिस से शिकायत की थी। इस पर पुलिस ने 13 दिन बाद मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक हिमाचल के कसौली में रियल स्टेट कंपनी सिल्वर ग्लेड में प्रवीण प्रताप सिंह सीनियर मैनेजर हैं। उनका घर ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमेगा-2 की एनआरआई रेजिडेंसी में है जहां उनका परिवार भी रहता है। 28 सितंबर को सुबह 11 बजे अपने एयरटेल पोस्टपेड मोबाइल नंबर की केवाईसी अपडेट करवाने का मैसेज आया हुआ देखा। यह देखकर उन्होंने मैसेज में दिए गए फान नंबर पर कॉल की।

कॉल करने वाले ने अपना नाम राहुल अग्रवाल बताया और एक एप डाउनलोड कर एयरटेल के खाते में 10 रुपये का पेमेंट करने की बात कही। एटीएम कार्ड से पेमेंट करने पर पेमेंट पूरा हो गया। इस दौरान फोन करने वाले व्यक्ति ने उनको बातों में उलझा रखा और उनके खाते से कई बार में 78900 रुपये निकाल लिए।

## छापेमारी में तीन गांवों से लहन-कच्ची शराब बरामद

**गाजियाबाद।** हिंडन नदी के किनारों बसे गांवों में कच्ची शराब बनाने वाले माफियाओं के खिलाफ आबकारी विभाग का अभियान लगातार जारी है।

आबकारी विभाग के सभी आबकारी निरीक्षकों ने लोनी क्षेत्र में हिंडन नदी के किनारे बसे तीन गांवों व हिन्डन नदी के खादर क्षेत्र में कई घंटे तक छापामार कार्रवाई की। इस दौरान 16 सौ किलो लहन व 20 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह नेबताया कि अवैध शराब की निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए इन दिनों विशेष अभियान चलाया जा रहा है।



अवैध शराब की भट्ठी को जब्त करतीं पुलिस।

# 11 महीने बाद शुरू हुआ चिल्ला एलिवेटेड रोड का काम

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



करीब 11 महीने के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर से चिल्ला एलिवेटेड रोड का काम शुरू हो गया है। पहले दिन फि ल्म सिटी के पास पाइल टेस्टिंग और दूसरे काम कराए गए। बोर्ड बैठक में ही प्राधिकरण ने इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट को फिर से शुरू करा कर जल्द से जल्द पूरा कराने का फैसला लिया था।

इस एलिवेटेड रोड के बनने से रोजाना दो लाख वाहनों को राहत मिलेगी। उन्हें बिना रेड लाइट दिल्ली से ग्रेटर नोएडा, आगरा एक्सप्रेसवे और यूपी के दूसरे जनपदों में जाने की सहूलियत मिलेगी।

फिलहाल दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। दिल्ली के मयूर विहार के चिल्ला रेगुलेटर से शुरू होकर यह एलिवेटेड रोड नोएडा के सेक्टर-14ए 16ए और शाहदरा ड्रेन के किनारे से होता हुआ महामाया फ्लाईओवर तक बनाया जाएगा।

इसके तैयार होने के बाद फिल्म सिटी के रूट पर ट्रैफि क का दबाव कम हो जाएगा। लाखों वाहन दिल्ली से सीधे नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर पहुंच सकेंगे।

अफसरों ने बताया कि पाइल टेस्टिंग के साथ-साथ पिलर के लिए पाइलिंग करने का काम भी सोमवार से शुरू हो गया है। परियोजना को पूरा करने में तेजी दिखाई जाएगी।

## पहला चरण एक साल में पूरा होने की संभावना

एलिवेटेड रोड के पहले चरण को 1 साल के अंदर वाहनों के लिए शुरू किया जा सकता है। पहले फेज में यह सेक्टर.18 से महामाया फ्लाईओवर तक तैयार होगा। हालांकि पहले सितंबर 2021 से ही इसे खोलने की तैयारी थी। दिसंबर 2021 तक प्रोजेक्ट पूरा होना था। लेकिन फंड नहीं मिलने से काम ठप हो गया था। नई डेडलाइन के मुताबिक पूरे एलिवेटेड रोड को बनने में फरवरी 2023 तक का वक्त लग सकता है। इसका निर्माण कार्य जून 2020 में शुरू हुआ था। अथॉरिटी ने बीते डेढ़ साल में अपर मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग और अपर मुख्य सचिव औद्योगिक विकास विभाग को 13 बार पत्र लिखकर पैसा देने की मांग की थी। 25 जनवरी 2019 को जब इसका शिलान्यास हुआ था, तब यह माना जा रहा था कि इस प्रोजेक्ट को शासन-प्रशासन, प्राधिकरण प्राथमिकता में रखेंगे। कोशिश थी कि डेडलाइन से पहले ही इसे खोल दिया जाएगा। मगर ऐसा नहीं हो सका। इस एलिवेटेड रोड के बनने से दिल्ली के अक्षरधाम से नोएडा होते हुए ग्रेटर नोएडा पहुंचना सरल हो जाएगा। लाखों वाहनों को जाम से छुटकारा मिलेगा। बताते चलें कि चिल्ला एलिवेटेड रोड के निर्माण का काम उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम कर रहा है।

## परियोजना में आएगी 605 करोड़ रुपये की लागत

पहले यह तय हुआ था कि एलिवेटेड रोड यूपी सरकार और नोएडा प्राधिकरण की 50-50 प्रतिशत भागीदारी में बनेगा। राज्य सरकार की तरफसे बजट रुक गया था। इस पूरी परियोजना पर करीब 605 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। प्राधिकरण ने करीब 73 करोड़ का बजट लगाकर प्रोजेक्ट शुरू हुआ था। पिछली बोर्ड बैठक में 24 सितंबर को प्राधिकरण ने लोक निर्माण विभाग से इस प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए लंबित धनराशि लेने के लिए प्रभावी ढंग से शासन स्तर पर पैरवी करने का आदेश दिया था। साथ ही बोर्ड बैठक में तय हुआ था कि जनहित को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण एक बार फिर इस परियोजना को शुरू कराए। शासन स्तर से लंबित राशि लेने के लिए अफसर प्रयासरत रहेंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

## राजधानी में प्रदूषण के खिलाफ जंग

# रेड लाइट ऑन-गाड़ी ऑफ अभियान 18 से

## पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने से अब बढ़ने लगा प्रदूषण : केजरीवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को रोकने और उस पर काबू पाने के लिए आम आदमी पार्टी की सरकार हरसंभव कोशिश कर रही है। अक्टूबर के महज दस दिनों में वायु प्रदूषण का स्तर संतोषजनक से बढ़कर सामान्य स्थिति में पहुंच गया है। इससे स्पष्ट है कि रोजाना दिल्ली की आबोहवा खराब हो रही है। ऐसे में अगले दो-तीन दिनों में इसके खराब श्रेणी में आने की संभावना है।

सोमवार को वायु गुणवत्ता मध्यम श्रेणी में है। इसको लेकर जहां विंटर एक्शन प्लान लागू है। अब दिल्ली सरकार ने रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान 18 अक्टूबर से शुरू करेगी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पड़ोसी राज्यों में पराली जलने से



फाइल फोटो

अब प्रदूषण बढ़ रहा है। ऐसे में कुछ और कदम उठाने होंगे। लोगों को सप्ताह में कम से कम एक दिन अपनी गाड़ी का प्रयोग बंद करना होगा।

अरविंद केजरीवाल ने बढ़ते वायु प्रदूषण को काबू करने के लिए सोमवार को रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वह रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ मुहिम 18 अक्टूबर से शुरू करेंगे। उन्होंने दिल्ली वालों से आज से ही रेड लाइट पर खुद की गाड़ी बंद करना शुरू करने की अपील की। इसके अलावा वे सप्ताह में एक दिन अपनी गाड़ी का इस्तेमाल न करके और ग्रीन दिल्ली एप पर प्रदूषण फैलाने वालों की शिकायत करके वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। अगर रेड लाइट वाहन बंद रहेंगे तो साल में 250 करोड रुपए की बचत हो सकती है और 13-20 फीसद तक प्रदूषण भी कम हो सकता है।

केजरीवाल ने पड़ोसी राज्यों पर किसानों की मदद नहीं करने की आरोप मढ़ा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकारें किसानों की मदद नहीं कर रही हैं इसलिए किसान न चाहते हुए भी पराली जलाने को मजबूर हैं। इसलिए सभी से अपील है कि बाहर से आ रहे पराली के धुएं से निपटने के लिए हर दिल्ली का नागरिक अपने हिस्से के प्रदूषण को कम करने की कोशिश करें। केजरीवाल ने दावा किया कि पिछले 7-8 साल में दिल्ली वालों के साथ मिलकर 25 फीसद तक वायु प्रदूषण को कम किया है।

## साफ-सफाई में खामियां मिलने पर सैनटरी गाइड निलंबित

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने रघुबरपुरा वार्ड के निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था में खामियां मिलने पर एक सैनटरी गाइड को निलंबित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, एक सफाई निरीक्षक को चेतावनी पत्र जारी करने को कहा है।

महापौर ने वरिष्ठ निगम अधिकारियों के साथ रघुवरपुरा क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई सुनिश्चित करना निगम का प्राथमिक कार्य है और निगम के अधिकतर पर्यावरण सहायक कड़ी मेहनत से पूर्वी दिल्ली को साफ रखते हैं जबकि कुछ लोगों की लापरवाही से उनके काम पर भी पानी फिर जाता है। निरीक्षण के दौरान महापौर ने मच्छरजनित बीमारियों को लेकर आम लोगों को जागरूक किया।

## दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी का ऐलान

# लखीमपुर खीरी में किसानों को कुचलने वाली जगह बनेगा स्मारक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

लखीमपुर खीरी के पांच शहीदों की अंतिम अरदास को समर्पित हुए श्रद्धांजलि समागम में एक बड़ा ऐलान किया गया कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी द्वारा जिस स्थान पर यह कत्लेआम हुआ वहां जगह खरीद कर एक स्थाई स्मारक का निर्माण करवाएगी।

श्रद्धांजलि समागम में शामिल होने पहुंचे कमेटी के अध्यक्ष स. मनजिंदर सिंह सिरसा द्वारा मंगलवार को संयुक्त मोर्चे व स्थानीय संत महापुरूषों के साथ विचार विमर्श कर इस संबंध में फैसला लिया गया तथा समागम में संयुक्त किसान मोर्चे के नेता डॉ. दर्शनपाल ने स्वंय यह ऐलान संगत के समक्ष किया।

इस बारे में स. सिरसा ने कहा कि आज कमेटी की टीम पांच शहीदों लवप्रीत सिंह, नच्छत्तर सिंह, गुरविंदर सिंह, दलजीत सिंह व पत्रकार रमन कश्यप के श्रद्धांजलि समागम में शामिल होने के लिए पहुंची थी। एक ही कमेटी ने आज संयुक्त किसान मोर्चे और यहां के संत समाज के साथ बैठ कर यह फैसला किया है कि जहां यह कत्लोअम किया, वहां जगह खरीद कर स्मारक का निर्माण करवाया जाए। उन्होंने कहा कि यह स्मारक आने वाले समय में सरकारों व भावी पीढ़ी को स्मर्ण दिलाएगा कि जब सरकार ने हम पर जुल्म ढहाया तो हम डरे नहीं और झुके नहीं बल्कि स्मृति के रूप में इस जुल्म की निशानी को संभाला है।



श्रद्धाजंलि समागम में शहीद किसानों को पुष्पाजंलि अर्पित मनजिंदर सिंह सिरसा।



नवरात्र पर 112 साल पुरानी दुर्गा पूजा समिति द्वारा कश्मीरी गेट पर सजाया गया मां दुर्गा का पंडाल। फोटो : रंजन डिमरी

# राकेश अस्थाना बने रहेंगे कमिश्नर

● नियुक्ति के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुजरात काडर के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी राकेश अस्थाना की शहर के पुलिस आयुक्त के रूप में नियुक्ति को चुनौती देने वाली जनहित याचिका मंगलवार को खारिज कर दी।

मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की पीठ ने कहा, रिट याचिका और लंबित अर्जियां खारिज की जाती हैं। अस्थाना 1984 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वह सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक के तौर पर सेवाएं दे रहे थे। लेकिन 31 जुलाई को सेवानिवृत्ति से चार दिन पहले ही 27 जुलाई को राकेश अस्थाना को दिल्ली का पुलिस आयुक्त नियुक्त कर दिया गया था। उनका राष्ट्रीय राजधानी के पुलिस प्रमुख के तौर पर कार्यकाल एक साल का होगा।

याचिकाकर्ता एवं वकील सद्रे आलम ने अस्थाना को अंतर-काडर प्रतिनियुक्ति और सेवा विस्तार देते हुए दिल्ली पुलिस आयुक्त के रूप में नियुक्त करने का गृह मंत्रालय का 27 जुलाई का आदेश रद्द करने का अनुरोध किया था। याचिका में कहा गया था, (गृह मंत्रालय का) संबंधित आदेश प्रकाश सिंह मामले में भारत के उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन है, क्योंकि प्रतिवादी संख्या दो अस्थाना) के पास छह महीने का न्यूनतम कार्यकाल शेष नहीं था। दिल्ली पुलिस आयुक्त की नियुक्ति के लिए यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) की कोई समिति नहीं बनाई गई थी और दो साल के न्यूनतम कार्यकाल के मानदंड को नजरअंदाज किया गया।

केंद्र ने अपने हलफनामे में कहा था कि राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था से जुड़ी विविध चुनौतियों के मद्देनजर अस्थाना की नियुक्ति और उनके सेवा कार्यकाल में विस्तार का निर्णय जनहित में लिया गया है।

# राजधानी की अदालतों में स्मार्ट कार्ड से मिले प्रवेश : बार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

वकीलों के संगठनों ने दिल्ली उच्च न्यायालय को सलाह दी कि अदालत परिसरों में वकीलों को डिजिटल चिप लगे स्मार्ट कार्ड के आधार पर ही प्रवेश दिया जाना चाहिए, ताकि उनकी पहचान का सत्यापन हो सके।

दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोसिएशन और दिल्ली बार काउंसिल ने रोहिणी अदालत कक्ष में हालिया गोलीकांड में तीन व्यक्तियों की मौत के मद्देनजर अदालत परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था में सुधार को लेकर मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति ज्योति सिंह की खंडपीठ के समक्ष कहा कि ए स्मार्ट कार्ड उच्चतम न्यायालय परिसर में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए वकीलों को जारी होने वाले प्रॉक्सिमिटी कार्ड की तरह ही होंगे।

पीठ रोहिणी अदालत में 24 सितम्बर को हुई गोलीबारी की घटना के मद्देनजर अदालत परिसरों में सुरक्षा के संदर्भ में स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी। न्यायालय ने इससे पहले केंद्र, दिल्ली सरकार और विभिन्न वकील संघों सहित सभी हितधारकों से इस मामले में अपनी राय देने को कहा था, ताकि उसे संबंधित आदेश में शामिल किया जा सके।

# वसंत विहार के बाजारों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

## महापौर मुकेश सुर्यान ने दक्षिणी जोन के वार्ड का किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

महापौर मुकेश सुर्यान ने मंगलवार को अतिरिक्त आयुक्त ए.ए. ताजिर के साथ दक्षिणी जोन के वसंत विहार वार्ड का निरीक्षण कर, निगम द्वारा प्रदान की जा रही जन-सुविधाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर दक्षिणी जोन के अध्यक्ष सुभाष भड़ाना, उपायुक्त डॉ. सोनल स्वरूप, स्थानीय पार्षद मनीष अग्रवाल व निगम के अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

महापौर ने वसंत विहार वार्ड के मुख्य बाजार, शास्त्री मार्किट व साउथ मोती बाग मार्किट में जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आदेश दिए कि त्योहारों के समय



मंगलवार को अधिकारियों के साथ दक्षिण जोन के वार्ड का निरीक्षण करते महापौर मुकेश सुर्यान।

दक्षिणी जोन के सभी बाजारों में सघन सफाई अभियान चलाया जाए। क्षेत्र में अतिरिक्त सफाई सैनिक तैनात कर छोटी सड़कों व गलियों की साफ-सफाई की जाए। उन्होंनें कहा कि सफाई के मामले में कोई भी लापरवाही नहीं होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि क्षेत्र के बाजारों से अवैध अतिक्रमण हटाया जाए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्थानीय व्यापारियों की समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं के निवारण के लिए हर संभव प्रयास किया जायेगा।

महापौर ने साउथ मोती बाग के विद्यालय का दौरा किया और सुनिश्चित किया कि विद्यालय में सभी व्यावस्थाएं नियामानुसार चल रही है। इसके अतिरिक्त उन्होंने सत्य निकेतन के पार्क का निरीक्षण किया और पार्क को विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी पार्कों का सौंदर्यीकरण किया जायेगा।

## बारिश से नष्ट हुई फसल के मुआवजे की मांग

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम के पूर्व सदन नेता व वार्ड 36 से वर्तमान निगम पार्षद जयेंद्र डबास ने दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल व उत्तर पश्चिमी जिले की उपायुक्त ( राजस्व) को चिट्ठी लिखकर किसानों की नष्ट हुई फसल के मुआवजे की मांग की है।

इस मांग को लेकर मंगलवार को जयेंद्र डबास और किसान मोर्चा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष विनोद सहरावत किसानों के प्रतिनिधिमंडल व अन्य लोगों के साथ उपायुक्त चेष्टा यादव के कार्यालय में पहुंचे। प्रतिनिधि मंडल में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जगपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजरानी छिकारा, डॉक्टर प्रकोष्ठ सह संयोजक रविंद्र डबास, पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रवि लाकड़ा आदि शामिल रहे।

# सरकार बिना राशन कार्ड वालों के घर पहुंचाए अनाज : बिधूड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने केजरीवाल सरकार पर जनता में निरर्थक भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि अगर दिल्ली सरकार राजधानी में डोर स्टेप डिलीवरी के जरिए लोगों को राशन पहुंचाना चाहती है तो वह उन लोगों को राशन पहुंचाए जिनके पास राशन कार्ड नहीं हैं। ऐसे 60 लाख लोगों ने राशन कार्ड के लिए आवेदन किया हुआ है। दिल्ली सरकार दावे के बावजूद इन लोगों को राशन नहीं दे पा रही।

बिधूड़ी ने कहा है कि राजधानी में 72 लाख से ज्यादा कार्ड कार्ड धारकों को केंद्र की मोदी सरकार राशन उपलब्ध कराती है। इन लोगों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 4 किलो गेहूं दो रुपए प्रति किलो की दर से और और एक किलो चावल 3 रुपए प्रति किलो के नाममात्र के दाम पर मुहैया कराया जाता है। कोरोना काल के दौरान पिछले डेढ़ साल से इन लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत इतना ही राशन बिलकुल मुफ्त मुहैया कराया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार



### कलियर शरीफ के उर्स पर मुख्यमंत्री ने की चादरपोशी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कलियर शरीफ के उर्स के आगाज पर चादरपोशी की। इस मौके पर उन्होंने पूरे मुल्क में अमन, शांति, आपसी भाईचारा बढ़े, कोविड-19 से देश दुनिया को निजात मिले इसके लिए दुआ मांगी। हजरत मखदूम अलाउद्दीन अली अहमद साबिर पाक रहमतुल्ला अलैह के 753वें उर्स की शुरुआत हो चुकी है। अरविंद केजरीवाल की चादर को पेश करने के लिए दरगाह शरीफ में खास इंतजाम किया गया था, जिसमें इंडियन आईडल फेम सिंगर मोहम्मद दानिश मुंबई से खास तौर पर चादरपोशी के लिए कलियर शरीफ तशरीफ लाए थे। दिल्ली से आई टीम का आम आदमी पार्टी के पिरान कलियर विधानसभा प्रभारी इंजीनियर शादाब आलम ने अपनी टीम के साथ पुरजोर इस्तकबाल किया।

### राधिका अबरोल व अनिता तंवर निर्विरोध निर्वाचित

**नई दिल्ली।** दक्षिणी निगम की तदर्थ (लाभकारी परियोजना) समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए राधिका अबरोल व अनिता तंवर निर्विरोध निर्वाचित हुई। इस अवसर पर स्थायी समिति की उपाध्यक्षा पूनम भाटी, नेता सदन सदन इंद्रजीत सहरावत, पूर्व महापौर नरेंद्र चावला व अन्य पार्षदगण उपस्थित थे। तदर्थ (लाभकारी परियोजना) समिति की पहली बैठक अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। बैठक निगम मुख्यालय डॉ एसपीएम सिविक सेंटर स्थित सभागार में हुई

### रक्तदान से शांति के साथ मिलता है स्वास्थ्य लाभ

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने मंगलवार को स्वास्थ क्षेत्र में अग्रणीय संस्था मेडिकल इंस्टीट्यूट आफ स्क्रीनिंग टेस्ट मिसट के द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का उदघाटन किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा की रक्तदान महादान है इसे करने से आत्मिक शांति के साथ ही स्वास्थ लाभ भी मिलता है। उपाध्याय ने उपस्थित युवाओं से कहा की रक्तदान करने के बाद व्यक्ति के शरीर में रक्त संचार और तेज होता है।

# छठ के लिए भाजपा का प्रदर्शन मनोज तिवारी को लगी चोट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में छठ पूजा के आयोजन पर लगे प्रतिबंध के विरोध में यहां मंगलवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास के बाहर प्रदर्शन किया।

इस बीच प्रदर्शन के दौरान भाजपा सांसद मनोज तिवारी घायल हो गए और उन्हें सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया। पार्टी नेता नीलकांत बख्शी ने बताया कि चोट उनके कान में लगी है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष आदेश गुप्ता और अन्य ने राष्ट्रीय राजधानी में लाखों पूर्वांचलियों द्वारा मनाए जाने वाले त्योहार के आयोजन पर प्रतिबंध लगाए जाने के लिए दिल्ली सरकार की निंदा की।

दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने 30 सितंबर को अपने आदेश में कोविड-19 के मद्देनजर नदी तटों, जलाशयों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर छठ पूजा के आयोजन पर रोक लगा दी थी।

## छठ पूजा की अनुमति के लिए केंद्र को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आस्था का महापर्व छठ पूजा के आयोजन पर लगी रोक हटाने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने छठ पूजा की अनुमति देने और आयोजन को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है।

उन्होंने पत्र में कहा है कि पिछले साल भी केंद्र सरकार की अनुमति से छठ महापर्व का सार्वजनिक आयोजन हुआ था। सिसोदिया ने कहा कि पूर्वांचल के लोग अपने परिवार और प्रियजनों के साथ हर बार की तरह इस बार भी छठ महापर्व मनाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# छठ पर प्रतिबंध खत्म हो : कांग्रेस

## पूर्वांचलियों और दलितों की आस्था के साथ खिलवाड़ न करें केजरीवाल : चौ. अनिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि पूर्वांचल के लोगों के लिए छठ महापर्व सबसे बड़े आस्था का पर्व है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल चाहते है कि पूर्वांचल के लोग दिल्ली में छठ पर्व न मनाएं। जबकि महर्षि वाल्मीकि जन्मोत्सव कमेटी के बाल्मीकि जयंती पर शोभा यात्रा के 28 सितम्बर के आवेदन को दिल्ली सरकार ने अभी तक लंबित रखा हुआ है।

प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अरविन्द केजरीवाल पूर्वांचल के लोगों और दलितों की आस्था के साथ खिलवा? करना बंद करें। उन्होंने दिल्ली के उपराज्यपाल से मांग की कि दिल्ली सरकार के आदेश को उपराज्यपाल तुरंत प्रभाव से निरस्त करें। संवाददाताओं को संबोधित करते हुए चौधरी अनिल कुमार ने मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से पूछा कि जब शराब के ठेके, शादियां, बस, यातायात, साप्ताहिक बाजार, सिनेमा हाल को कोविड प्रोटोकाल के तहत खोलने की इजाजत दी गई, तो फिर दिल्ली सरकार ने कोरोना फैलने के खतरे से छठ पूजा के सार्वजनिक आयोजन की पांबदी क्यों लगाई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की रथ यात्रा, जन आर्शीवाद यात्रा पर दिल्ली सरकार ने कोविड खतरे के तहत पाबंदी क्यों नही लगाई। केजरीवाल से सवाल पूछा कि जब रामलीला, दशहरा, दुर्गा पूजा को मनाने पर दिल्ली सरकार ने कोई प्रतिबंध नहीं लगाया तो फिर केजरीवाल छठ पर्व पर प्रतिबंध क्यों लगा रहे हैं।

punjab national bank
...Together for the better
सर्कल सस्तरा, जालंधर (पश्चिम) दूसरा तल 922, जी.टी. रोड, जालंधर, पंजाब

**अचल जायदाद की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समैंट) रूल्ज 2002 के रूल 8(6) के प्रोविजो सहित पढ़े जाते "सिक्योरिटाईजेशन एंड रीकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनैंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समैंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002" केअधीन अचल एसेट्स की बिक्री के लिएई-नीलामी बिक्री सूचना। नोटिस एतद्‌द्वारा आम तौर पर जनता को तथा विशेष, तौर पर कर्जदार (ों) और गारंटर (ों) को दिया जाता है कि सिक्योर्ड क्रैडिटर के पास निम्नवर्णित अचल जायदाद (ों) मार्टगेज्ड / चार्ज्ड का, रचनात्मक / मूल / सांकेतिक कब्जा, जिसका बैंक के अधिकृत अफसर, सिक्योर्ड क्रैडिटर द्वारा ले लिया गया है, की बिक्री "जैसे है जहां है", "जो है सो है" तथा "जो भी है जहां है" आधार पर अलग-अलग कर्जदार (ों) और गारंटर (ों) से बैंक / सिक्योर्ड क्रैडिटर को उनके देयों की वसूली के लिए, इसमें निम्न सारिणी में वर्णित अनुसार तिथि को की जाएगी। आरक्षित कीमत और धरोहर राशि जमा अलग-अलग जायदादों के सामने निम्न सारिणी में वर्णित अनुसार होगी।

**सिक्योर्ड एसेट्स का शैड्यूल**

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | ब्रांच का नाम / खाते का नाम / कर्जदार/गारंटर का नाम और पद | मार्टगेज्ड अचल जायदादों का विवरण/ मालिक का नाम / जायदाद (ों) की मार्टगेजर | ई) सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13(2) के अधीन डिमांड नोटिस की तिथि एफ) बकाया राशि के अनुसार - जी) कब्जा सांकेतिक/मूल/रचनात्मक की प्रकृति | ए) आरक्षित कीमत (रु. लाखों में) बी) ईएमडी (जमा की अंतिम तिथि 09.11.2020) सी) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/ समय | सिक्योर्ड क्रैडिटर्स को ज्ञात भारों के विवरण |
| 1. | इंडस्ट्रीयल एरिया, जालंधर<br>कर्जदार (ों) : 1. मैसर्ज आर.एस. इंटरनैशनल, प्लाट नं. 71, लैदर काम्पलैक्स, कपूरथला रोड, जालंधर, 2. मैसर्ज कांति लॉज प्राइवेट लिमि., 46 अमृत नगर, न्यू दिल्ली, 3. श्रीमती पूनम विरालिया पत्नी श्री विनय कुमार, 4. श्री खुशाल विरालिया पुत्र विनोद कुमार, 5. श्री विनोद कुमार पुत्र रघुवीर सिंह, 6. श्री विनय कुमार पुत्र श्री रघुवीर सिंह, 7. श्री रघुवीर सिंह (252/3ए शिवलोकपुरी, कंकर खेड़ा, मेरठ, उत्तर प्रदेश) | रिहायशी प्लाट नं. 1/2 ए आरटीडी नं. 6807 तिथि 28.05.2011 मैसर्ज कांति लॉज प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर इसके निदेशकों मि. विनय कुमार तथा रघुवीर सिंह द्वारा मौजा रिठानी, परगना, ओल्ड मेरठ दिल्ली नैशनल हाईवे, तहसील तथा जिला मेरठ में स्थित। दिशाएं निम्न आनुसार :- पूर्व - अन्यों के अहाता, पश्चिम - रास्ता आम, उत्तर - अन्यों की जायदाद, दक्षिण - अन्यों का अहाता, भूमि परिमाप 2365.38 वर्ग मीटर्स जिसका खसरा नं. 1034 मिन, 1035 मिन, 1037 मिन। | डिमांड नोटिस तिथि 11.10.2018<br>30.09.2018 के अनुसार बकाया राशि रु. 4,81,91,668.69 (रुपए चार करोड़ इक्यासी लाख इक्यानवे हजार छह सौ अड़सठ तथा उनहत्तर पैसे मात्र) + भावी ब्याज तथा अन्य चार्जिस जब तक पूरी अदायगी नहीं की जाती है।<br>धारा 13(4) के अधीन कब्जा तिथि 24.12.2018, मूल कब्जा | A) Rs. 4,25,30,000 (Rupees Four Crore Twenty Five Lacs Thirty Thousand Only)<br>B) Rs. 43,00,000.00 (Rs. Forty Three Lac Only)<br>C) Rs. 10,000.00 (Rs. Ten Thousand Only) | 28.10.2021 01:00 PM TO 02:00 PM | NIL |

**नियम और शर्तें**

बिक्री सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समैंट में निर्धारित नियमों और शर्तों तथा अधोलिखित अन्य शर्तों का विषय होगी : 1) जायदादों की बिक्री "जैसे है जहां है" आधार तथा "जो है सो है आधार" और "जो भी है जहां है" आधार पर की जा रही है। 2) यहां उपरोक्त शैड्यूल में निर्दिष्ट सिक्योर्ड एसेट्स का विवरण अधिकृत अफसर की जानकारी के अनुसार सर्वोत्तम बताया गया है परंतु अधिकृत अफसर किसी त्रुटि, गलत बयानबाजी या इस उद्‌घोषणा में चूक के लिए उत्तरदायी नहीं होगी। 3) बिक्री कामल नं. 6 में उपरोक्त दिए समय के अनुसार 28.10.2021 को वैबसाइट https://www.mstcecommerce.com पर मुहैया ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी। 4) बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया www.ibapi.in, www.tenders.gov.in, www.mstcecommerce.com, https://eprocure.gov.in/epublish/app का संदर्भ लें।

**दि सरफेसी एक्ट, 2002 के नियमों के अधीन वैधानिक 15 बिक्री नोटिस**

तिथि : 12.10.2021 स्थान : जालंधर अधिकृत अधिकारी (पंजाब नैशनल बैंक, सिक्योर्ड क्रैडिटर)

# बहन शूर्पणखा की कटी नाक के बदले रावण ने किया सीता हरण

## जैकबपुरा की श्रीदुर्गा रामलीला का आठवां दिन

## फेसबुक पर देश-विदेश में बैठे लोगों ने देखी यह रामलीला

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**यहां** जैकबपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला क्लब की ओ से आठवें दिन की लीला की शुरुआत में अपनी कटी हुई नाक लेकर शूर्पणखा (निर्देशक अशोक सौदा) अपने भाई खर और दूषण के वध बाद अपने भाई लंका पति रावण(आदित्य मीना) के पास जाती है। उन्हें अपने साथ हुए अत्याचार की दास्तां सुनाती है।

जब रावण ने पूछा कि किसने तेरी नाक काटी है। वह बोली, अयोध्या के राजा दशरथ के पुत्र हैं। उनके साथ एक सुंदर स्त्री भी है। उन्हीं के छोटे भाई मैंने जैसे ही तेरा नाम लिया, छूटते ही उसने दी गाली और मेरे कान काट डाले मेरी नाक काट डाली। जब खर और दूषण मेरी सहायता के लिए गए तो उन्हें भी मार डाला। उन्हें किसी भगवान के अलावा कोई नहीं मार सकता। मन ही मन में रावण सोचता है कि- निश्चय ही वो अवतारी है तो उनसे बैर रखूंगा मैं। रावण बोले-नारी की नाक काटने से होती है नाक नहीं ऊंची, अबला पर हाथ उठाके से जमती है नहीं धाक ऊंची। मैं चला नाक की सीध उन्हें नाके पर पकड़ूंगा, तेरी आंखों के आगे मैं उनकी नाक रगड़ दूंगा।

इसके बाद वन का दृश्य दिखाया गया। लक्ष्मण कंद-मूल फल लेने के लिए वन में गए, तब अकेले में रामचंद्र जी ने हंसकर सीता जी से कहा-सुनो सीते, अब मैं कुछ मनोहारी मनुष्य लीला करुंगा, इसलिए जब तक मैं राक्षसों का नाश करूं, तब तक तुम अग्नि में निवास करो। जैसे ही राम जी ने कहा तो सीता जी (कुणाल गुप्ता) अग्नि में समा गई। सीता जी ने अपनी छाया वहां छोड़ दी।

लीला में रावण को अपने दरबार में दिखाया गया। रावण अपनी बहन की कटी नाक का बदला लेने के लिए एक योजना बना चुके हैं। वे अपने मामा मारिच (निर्देशक तेजिंदर सैनी) के पास जाते हैं। मारिच को वे कहते हैं कि वह सोने का मृग बनके चित्रकूट पर विचरण करे और राम-लक्ष्मण को वहां से दूर जाने पर विवश करे।


श्रीदुर्गा रामलीला में सीता हरण के दौरान साधू के वेश में रावण बनवारी लाल सैनी।


गुरुग्राम के जैकबपुरा स्थित श्रीदुर्गा रामलीला में सीता हरण करते रावण।

# दृष्टि रोग से ग्रसित बच्चों को स्कूल में मिलेंगे चशमे

## जनवरी 2022 के अंत तक जिला के सभी स्कूलों को कवर करने का लक्ष्य

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

**मोबाइल,** टीवी व अन्य माध्यमों का जरूरत से अधिक उपयोग करने से आज बच्चों की नजरें खराब हो रही हैं। उनकी दृष्टि बाधित हो रही है। अगर इसे रोका नहीं गया तो परिणाम और भी घातक हो सकते हैं। इसी के चलते गुरुग्राम जिला के स्कूलों में स्क्रीनिंग यानी बच्चों की नजरों की जांच की गई है। बच्चों की नजरों पर भी स्वास्थ्य विभाग नजर रख रहा है। अब निर्णय लिया गया है कि दृष्टि रोग से ग्रसित बच्चों को स्कूलों में नजर के चश्में वितरित किये जाएंगे।

14 अक्टूबर को विश्व दृष्टि दिवस है। इसी को ध्यान में रखते हुए गुरुग्राम जिला स्वास्थ्य विभाग ने निर्णय लिया है कि राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों को नि:शुल्क चश्मे वितरित किये जाएंगे। यह कार्य अब स्कूलों में ही करवाने का निर्णय लिया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जिला के सभी स्कूलों में स्क्रीनिंग के बाद चश्में वितरण कार्य के लिए जनवरी 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।


गुरुग्राम के चकरपुर स्थित राजकीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव व उनकी टीम के सदस्य।

### स्कूलों में जाकर की जा रही स्क्रीनिंग

**गुरुग्राम** के सिविल सर्जन डा. वीरेंद्र यादव ने मंगलवार को चकरपुर के सरकारी स्कूल में इस कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर बताया कि राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत डॉक्टर्स की एक पूरी टीम स्कूलों में जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करती है। इसमें दृष्टि रोग से पीड़ित बच्चों को स्क्रीनिंग टेस्ट व उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में रेफर किया जाता है। नागरिक अस्पताल में राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत संबंधित बच्चों की आंखों का स्क्रीन टेस्ट कर उनको नजर के चश्में नि:शुल्क वितरित किए जाते हैं।

### रेफर करने की प्रक्रिया नहीं आई रास

**डॉ. यादव** ने बताया कि स्कूल से नागरिक अस्पताल रेफर करने की पूरी प्रकिया काफी लंबी व थका देने वाली प्रक्रिया है। स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों व उनके अभिभावकों की परेशानी को ध्यान में रख राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम व राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम से संबंधित डॉक्टर्स की टीम में आपसी समन्वय स्थापित कर उपरोक्त पूरी प्रक्रिया स्कूलों में ही करवाने का निर्णय लिया है।

### छठी से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थी शामिल

**उप-सिविल** सर्जन व कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. ईशा नारंग के मुताबिक चश्में नि:शुल्क वितरण के इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। यदि कोई बच्चा जन्म से अथवा अन्य किसी कारण से दृष्टिहीनता से पीड़ित है तो राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम व राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत उसकी नि:शुल्क सर्जरी भी करवाई जाएगी।

## डेंगू से एक की मौत, स्वास्थ्य विभाग पर नहीं रोगियों व मरने वालों की सूची

**होडल।** होडल में भी डेंगू व मलेरिया जैसी भयंकर बीमारी ने पैर पसार लिए हैं। डेंगू व मलेरिया के चपेट में आने वाले रोगियों को पलवल और फरीदाबाद के अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है। सोमवार देर रात भी डेंगू की चपेट में आए एक व्यक्ति ने फरीदाबाद अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शहर में दिन-प्रतिदिन बढ़ती बीमारी को देख लोगों में दहशत का माहौल है वहीं स्वास्थ्य विभाग के पास डेंगू व मलेरिया बीमारी की चपेट में आने वाले रोगियों की कोई सूची तक नहीं है।

कॉलोनी के लोगों ने बताया कि राजकुमार अग्रवाल को रविवार सायं बुखार आया तो उन्हें पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्हें बाहर ले जाने की सलाह दी। राजकुमार के परिजन उन्हें फरीदाबाद स्थित निजी अस्पताल में ले गए। कालोनी के लोगों ने बताया कि रिपोर्ट के आधार पर डाक्टरों ने डेंगू बताया। राजकुमार ने सोमवार देर रात अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मामले में स्वास्थ्य विभाग के एसएमओ डा. सतीस वर्मा का कहना है कि अब तक स्वास्थ्य विभाग के पास डेंगू का एक मरीज ही पहुंचा है जो कि गांव सोन्हद से है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा और कोई मरीज नहीं है।

# छात्र की पिटाई करने वाले शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज

## पेपर देने के बाद आदित्य पीछे मुड़कर देख रहा था

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**सोहना** में स्थित एशियन स्कूल की दो अलग-अलग ब्रांचों में विद्यार्थियों के साथ हुई घटनाओं से अभिभावकों में आक्रोश है। दौला स्थित स्कूल की ब्रांच में शिक्षक के थप्पड़ से छात्र के कान का पर्दा फटने की आशंका जताई गई। जबकि सोहना स्थित स्कूल की ब्रांच की वैन से गिरकर कक्षा दो में पढ़ने वाली छात्रा चोटिल हो गई। पुलिस ने शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जबकि वैन चालक के खिलाफ अभिभावक ने पुलिस को लिखित में शिकायत दी है।

सोहना के वार्ड-3 निवासी रेखा राघव ने सोहना सदर थाना पुलिस को बताया कि पीटीआई शिक्षक अरुण पर कक्षा 10 में पढ़ने वाले 15 वर्षीय आदित्य को बिना वजह से पीटने का आरोप लगाया है। आरोप है कि शिक्षक के थप्पड़ से छात्र को देखने और सुनने में परेशानी हो रही है। महिला ने सोहना सदर थाना पुलिस को बताया कि उसका बेटे का शुक्रवार को स्कूल में पेपर था। पेपर देने के बाद आदित्य पीछे मुड़कर देख रहा था। इसी बात पर शिक्षक अरुण ने आदित्य को 5, 6 थप्पड़ मारे। कान में काफी दर्द हो रहा है। जिससे नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। उसे पूरी आशंका है कि उसके बेटा आदित्य का शिक्षक के मारे गए थप्पड़ से कान का पर्दा फट गया है।

### शिक्षक को दिखाया बाहर का रास्ता

**दौला** में स्थित एशियन स्कूल की प्रधानाचार्य वदना सिंह ने बताया कि आठ अक्टूबर को ही प्रबंधक कमेटी ने शिक्षक अरुण को निकाल दिया है। प्रधानाचार्य भारती मेहता ने बताया कि वैन चालक को ट्रायल पर रखा हुआ है। जिसके खिलाफ स्कूल प्रबंधक कमेटी जल्द ही फैसला लेगी।

### स्कूल से गिरी छात्रा

**एशियन** स्कूल की सोहना स्थित ब्रांच की कक्षा दो में पढ़ने वाली सात वर्षीय छात्रा समीक्षा को स्कूल वैन लेकर जा रही थी। चालक की लापरवाही से छात्रा समीक्षा वैन से सड़क पर गिर गई। वैन में अकेला एक मात्र चालक ही विद्यार्थियों को बैठाने और उतारने का कार्य कर रहा था। जिससे छात्रा को काफी चोट आई। जिसकी शिकायत सिटी चौकी पुलिस को दी है। चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा के साथ सीए एसो. गुरुग्राम लगाएगा 11 हजार पेड़


गुरुग्राम में पेड़ लगाने के लिए अधिकारी को पत्र सौंपते नवीन गोयल व सीए एसोसिएशन के सदस्य।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम की सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) एसोसिएशन ने निर्णय लिया है कि वे आगामी 22 व 23 अक्टूबर को गुरुग्राम जिला में 11 हजार पेड़ लगाकर यहां हरियाणा बढ़ाएंगें और पर्यावरण को स्वच्छ बनाएंगे। मंगलवार को पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने सीए एसोसिएशन के सदस्यों की फोरेस्ट अधिकारी वास्वी त्यागी ये मुलाकात करवाई और उन्हें इस कार्य की बाबत पत्र सौंपा। पत्र में कहा गया है कि एसोसिएशन के इस कार्य में जो भी मदद, अनुमति विभाग की ओर से दी जा सकती है, वह दी जाए। नवीन गोयल ने बताया कि पर्यावरण के प्रति पर्यावरण संरक्षण विभाग के बैनर तले जो जनजागरण चलाया गया है, उससे इस विषय के प्रति बहुत जागृति आई है। आज इस पर बात होने लगी है। चर्चाएं होने लगी हैं और फिर जमीनी स्तर पर लोग काम करने आगे आ रहे हैं। उन्होंने सीए एसोसिएशन को धन्यवाद दिया कि उन्होंने इस कार्य के लिए कदम बढ़ाया है। सीए एसोसिएशन के अध्यक्ष नितिन कटारिया व उपाध्यक्ष मोहित सिंघल के मुताबिक सीए एसोसिएशन के गुरुग्राम में 8 हजार सदस्य हैं और 5 हजार छात्र हैं। इन सबके सहयोग से आगामी 22 व 23 अक्टूबर 2021 को 11 हजार पेड़ लगाने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जाएगा। भविष्य में भी इस विषय पर एसोसिएशन काम करती रहेगी। इस अवसर पर जिला ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य प्रवीण अग्रवाल, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, एमएम स्कूल के प्रबंधक मनोज गुप्ता, सीए एसो. अध्यक्ष सीए नितिन कटारिया, उपाध्यक्ष सीए मोहित सिंघल ने मांग पत्र दिया।

### अग्रसेन जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

**होडल।** श्री महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर सोमवार देर सायं अग्रवाल सम्मेलन व श्रीवैश्य अग्रवाल सभा के तत्वावधान में शहर में बैंड-बाजों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में मनमोहक झांकियां भी सजाई गई। शोभायात्रा का शुभारंभ पलवल के विधायक दीपक मंगला ने पुरानी जीटी रोड स्थित अग्रवाल भवन से हरी झंडी दिखाकर किया गया। झांकियां ढोल-नगाडों के साथ अग्रवाल भवन से चलकर जगजीवन राम चौक, नानक डेरी रोड, अग्रसेन चौक और अनाज मंडी होते हुए वापस अग्रवाल अग्रवाल भवन में पहुंचकर झंकियां अवसर पर मनमोहन झांकियां निकाली गई। झांकियों के मध्य में अग्रवाल समाज के लोगों व मंडलों द्वारा जलपान की भी व्यवस्था की हुई थी। अग्रवाल सभा की ओर से सोमवार को अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ अग्रवाल समाज के लोगों द्वारा पूजा-अर्चना व विधायक दीपक मंगला द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। शोभायात्रा अग्रवाल भवन से शुरू होकर शहर के मुख्य रास्तों से होते हुए वापस अग्रवाल भवन में पहुंचकर समापन किया गया। शोभायात्रा में राधा-कृष्ण, महाराज अग्रसेन के अलावा घोडों पर सवार महाराजा अग्रसेन के युवराजों की झांकियां आकर्षण कर केंद्र बनी। इस मौके पर विधायक दीपक मंगला ने कहा कि समाज के इस प्रकार के होने वाले कार्यक्रमों में समाज के लोगों को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज की नई पीढी को महाराज अग्रसेन के बताए गए पद चिन्हों पर चलकर बुलंदियों को छुना चाहिए। इस मौके पर राजकपुर बंसल, प्रथम जैन, अनिल गर्ग, श्याम सुन्दर गर्ग, श्याम सुन्दर मंगला, राजकुमार तायल, रिषी बंसल, सुनील गोयल, गौरव गर्ग, कैलाश मंगला, अधिवक्ता विनय बंसल, पीयुष अग्रवाल, संजय बंसल, घनश्याम गोयल, हन्नी नागल, सुनील मंगला, अमित बंसल, सुभाष गर्ग, गोल्डी बंसल, दीपक सिंगला आदि सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।


अग्रसेन जयंती के अवसर पर निकाली गई शोभायात्रा में सजी झांकिया।

### नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर बैठक का आयोजन

**होडल।** हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन की बैठक सैनिक कॉलोनी स्थित कार्यालय पर हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय उपप्रधान भगवान सिंह सौरोत ने की और मंच संचालन जिला प्रधान बिजेंद्र सिंह सहरावत ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि नई कार्यकारिणियों का गठन किया जाए। प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता रविदत्त जोशी ने बताया कि 13 अक्टूबर को हथीन खंड इकाई का चुनाव राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गहलब में दोपहर बाद दो बजे होगा। जिला प्रधान बिजेंद्र सिंह सहरावत व महासचिव हंसराज रावत चुनाव पर्यवेक्षक होंगे। खंड इकाई पलवल का चुनाव 17 अक्टूबर को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) पलवल में प्रात: 9 बजे होगा। प्रांतीय प्रैस प्रवक्ता रविदत्त जोशी और जिला प्रधान बिजेंद्र सिंह सहरावत चुनाव पर्यवेक्षक होंगे। खंड इकाई होडल का चुनाव 20 अक्टूबर को राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) होडल में प्रात: 9 बजे होगा। जिला प्रधान बिजेंद्र सिंह सहरावत और महासचिव हंसराज रावत चुनाव पर्यवेक्षक होंगे।

# दर्जनभर युवकों ने दुकानदार से 50 हजार रुपये और मोबाइल लूटे

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने मोबाइल दुकानदार की शिकायत पर दर्जनभर युवकों के खिलाफ50 हजार रुपये और हजारों रुपये के मोबाइल फोन लूट कर ले जाने का मामला दर्ज किया है। पीड़ित दुकानदार ने एक युवक पर देशी कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाय है।

रिठौज निवासी मोहित पुत्र संतराम ने पुलिस को बताया कि उसने मारुति कुंज में वाटिका मोड के पास मोबाइल फोन रिपेयर और बेचने की दुकान खोली हुई है। उसकी दुकान पर जितेन्द्र और प्रिंस भी रहते हैं। आठ अक्टूबर की रात करीब सवा नौ बजे उसकी दुकान के सामने तीन गाड़ियां आकर रुकी। 10-12 नौजवान हाथों में लाठी, डंडे, सरिया आदि लेकर उतरे थे। उनमें से दो युवकों ने उसके साथ मारपीट क दी। दुकान में काम करने वाले दोनों लड़कों को भी पीटा। मारपीट के दौरान शिवम यादव निवासी वाटिका कुंज गली नंबर 2 ने उसकी पेंट की जेब से 50 हजार रुपये और एपल का मोबाइल फोन समेत अन्य कीमती सामान निकाल लिया। दुकान से अन्य कई मोबाइल फोन उठा लिए। पीड़ित दुकानदार ने चार युवकों की पहचान करते हुए उनके नाम शिवम, रवि अधाना निवासी वाटिका कुंज, राबिन और राहुल निवासी भोंडसी बताया है। पुलिस ने दो दिन बाद मिली शिकायत के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

# शहर में बंदर और गोवंशों का आतंक

**एन रोहिल्ला।** सोहना।

**शहर** में गोवंश और बंदरों का आतंक दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है। शहरवासी खुले घूम रहे गोवंशों और बंदरों को पकड़ने के लिए अभियान चलाने की मांग कर रहे हैं।

प्रदेश सरकार ने शहर में गोवंशों को पकड़कर गोशालाओं में छोड़ने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को आदेश जारी किए हुए हैं। पिछले दो वर्ष से नगर परिषद ने शहर में गोवंशों के खिलाफ धड़पकड़ का अभियान नहीं चलाया है। गोवंश अनाज मंडी, फव्वारा चौक, बाईपास, तिकोना पार्क, गुरुद्वारा, सांप की नंगली मोड़ सहित बाजार के अन्य स्थानों पर धूमते देखे जा सकते हैं। गोवंश कब किसी दुकानदार के सामान को सड़क पर गिराकर नुकसान पहुंचा दे या फिर किसी राहगीर पर हमला कर दें कहा नहीं जा सकता। इसके अलावा गोवंशों का झुंड बाजार में सड़क के बीचों बीच बैठकर जाम की स्थिति पैदा कर देते हैं।


सोहना के बाजारों में घूमती गाय।

### बंदर कर रहे हैं जख्मी

**शहर** में उत्पाती बंदरों का आतंक हर गली, मोहल्ले से लेकर बाजार और घर आंगन तक छाया हुआ है। बंदर आम रास्तों में पैदल चलने वालों पर हमला कर जख्मी कर रहे हैं। शहर में महिलाएं कई बार बंदरों के आंतक से अपने ही घरों में जख्मी हो गई हैं।

### कार्रवाई की मांग

**शहरवासी** करतार सिंह का कहना है कि बंदरों के खिलाफ नगर परिषद को जल्द से जल्द अभियान चलाना चाहिए। जिनकी संख्या दिन प्रति दिन बढ़ रही है। आम नागरिक अपने घर के अंदर भी बंदरों से सुरक्षित नहीं है। साक्षी का कहना है कि छोटे बच्चों को घर में अकेला देख बंदर हमला कर रहे हैं।

## कुपोषित बच्चों की पहचान कर उपचार किया जाएगा

**सोहना।** महिला एवं बाल विकास विभाग और सामाजिक संगठन सयुक्त रूप से कुपोषित बच्चों का उपचार कराएगा। जिसके लिए विभाग द्वारा सर्वे अभियान शुरू किया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने सामाजिक संगठन 'सेव दा चिल्ड्रन' के साथ समझौता किया है। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग व सामाजिक संगठन खंड में गंभीर और कुपोषित बच्चों की तलाश करके उनका फ्री में उपचार कराएंगे। 0 से 6 वर्ष की उम्र वाले करीब साढ़े 23 हजार बच्चे किसी बीमारी से ग्रस्त न रहें। विभाग ने ऐसे बच्चों की आयु के अनुसार उनकी लम्बाई और ऊंचाई का सर्वे अभियान छेड़ दिया है। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जानकारी प्राप्त हो सके। कुपोषित बच्चों को नागरिक अस्पताल गुरुग्राम में दाखिल कराएगा।

# रूम टू रीड -हर कदम बेटी के संग लीडरशिप की तरंग 2021 राष्ट्रव्यापी मुहिम में दिल्ली के सरकारी स्कूलों की गर्ल लीडर्स एकजुटता से जुड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**रूम टू** रीड यह एक राष्ट्रव्यापी गर्ल एज्युकेशन कैम्पेनिंग (बालिका शिक्षा अभियान) है. जिसका घोषवाक्य है हर कदम बेटी के संग लीडरशिप की तरंग 2021। इस अभियान का उद्येश्य है लड़कियों की शिक्षा में प्रतिबद्धत्ता लाना, उन्हें स्वयंपूर्ण बनाना, इस अभियान ने लड़कियों की शिक्षा और उनके भविष्य के महत्व को बढ़ाया है। साथ ही इस कैम्पेनिंग ने लॉकडाऊन में लडकियों के शिक्षा के प्रयासों को सराहा है और प्रोत्साहित किया है।

स्कूलों को फिर से खोलने के साथ, रूम टू रीड द्वारा समर्थित 11 सरकारी स्कूलों में अधिकांश ऑफ़लाइन गतिविधियां आयोजित की गईं थी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) में टेक-केयर कार्ड, ऑडियो जिंगल और अन्य सामग्रियों के वितरण के साथ, रूम टू रीड ने स्थानीय और स्कूल समुदायों में लड़कियों की शिक्षा के लिए जागरूकता पैदा की। इस अभियान में स्कूलों में लंच ब्रेक के दौरान और प्रत्येक स्कूल के दिन के अंत में अभियान गान मैं हूं लीडर बजाया गया। इस अभियान को और मजबूत बनाने के लिए, स्कूल प्रिन्सिपल्स, शिक्षा मित्र और एसएमसी सदस्यों के साथ वाद-विवाद और चर्चा का आयोजन किया गया. यह सभी स्कूलों में लड़कियों की शिक्षा का समर्थन करने के लिए उठाया गया सहयोगात्मक कदम था।

मनीष कोतवाल, स्पोर्ट टिचर, एसकेवी जनकपुर डी ब्लॉक-1 ने अपने विचार साझा करते हुए कहा, शिक्षा विभाग और उसके शिक्षक पूरी तरह से लगे हुए हैं ताकि बच्चों की शिक्षा का यह राष्ट्र निर्माण कार्य कहीं रुक न जाए। इस बीच,हर कदम बेटी के संग लीडरशिप की तरंग जैसा अभियान छात्रों में आत्मविश्वास पैदा करता है और नेतृत्व को बढ़ावा देता है। इस दिशा में रूम टू रीड ने उठाया यह कदम बहुत ही सराहनीय है। ज्योति चोपड़ा, पीजीटी एसकेवी रमेश नगर, ने कहा, रूम टू रीड से जुड़े शिक्षकों ने हमारे स्कूल में छात्रों के प्रति करुणा, सहानुभूति और दया दिखाई है. उन्होंने बच्चों को दिशा दी है. महामारी के दौरान छात्रों के लिए उनकी सलाह मूल्यवान थी। उन्होंने किशोरियों पर विशेष ध्यान देने के साथ सभी छात्रों के लिए मार्गदर्शक के रूप में काम किया. वे छात्रों के परिवारों से भली-भांति परिचित हैं. वे माता-पिता और बच्चे के बीच आवश्यक संतुलन प्रदान करते हैं।

रूम टू रीड इंडिया की प्रोग्राम ऑपरेशन्स डायरेक्टर पूजा त्रिसाल ने कहा - दिल्ली में, यह अभियान 13000 से अधिक स्थानीय और स्कूल कम्युनिटी सदस्यों तक सफलतापुर्वक पहुंचा. गर्ल एज्युकेशन प्रोग्राम स्कॉलर्स, टिचर्स, प्रिन्सीपल्स, आंगणबाड़ी कार्यकर्ता, एसएमसी सदस्य, शिक्षा मित्र और पुरे एनसीआर से सभी महामारी के दौरान भी जश्न मनाने के लिए एक साथ आए।




# ई-श्रम योजना में पंजीकरण कराने वालों का दो लाख का दुर्घटना बीमा मुफ्त

**गुरुग्राम।** जिले में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, कामगारों तथा छोटे व मध्यम किसानों आदि का पंजीकरण ई-श्रम योजना 2021 के तहत करवाने के लिए गठित जिला स्तरीय कॉर्डिनेशन कमेटी की बैठक हुई।

उपायुक्त डा. यश गर्ग की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में उपायुक्त डा. गर्ग ने बताया कि इस योजना के तहत पंजीकृत व्यक्ति का दो लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा मुफ्त होगा और स्थाई अंग-भंग होने पर उसे एक लाख रुपये तक की सहायता राशि मिलेगी। बैठक में डा. गर्ग ने कहा कि यह योजना श्रमिकों के लिए काफी लाभदायक है। योजना का लाभ लेने के लिए व्यक्ति को अपने नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाकर अपना पंजीकरण करवाना होगा। व्यक्ति खुद भी पर जाकर अपना व अपने परिवार के सदस्यों का पंजीकरण कर सकता है। यह पंजीकरण बिल्कुल मुफ्त किया जा रहा है। इसमें वे श्रमिक ही अपना पंजीकरण करवा सकते हैं जिनकी आयु 16 वर्ष से 59 वर्ष तक है और जो इनकम टैक्स नहीं भरते। ना ही उन्हें ईपीएफओ या ईएसआईसी का लाभ मिल रहे हों।

ई-श्रम योजना का लाभ लेने के लिए श्रमिकों की श्रेणी में छोटे और मध्यम किसान, खेतों में काम करने वाले मजदूर, मनरेगा योजना के श्रमिक, पशुपालन श्रमिक, सब्जी और फल रेहड़ी लगाने वाले, घरेलू कार्य करने वाले व्यक्ति, आशा वर्कर, रिक्शा या ऑटो रिक्शा ड्राईवर, लकड़ी का काम करने वाले, दूध विक्रेता, प्रवासी श्रमिक, ईंट भट्ठा या पत्थर का काम करने वाले व्यक्ति, भवन व अन्य निर्माण कार्य में लगे श्रमिक आदि आते हैं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण करवाने वाले व्यक्तियों को ई-श्रम कार्ड मिलेगा, जिससे अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने मे भी उन्हें मदद मिलेगी। डा. गर्ग ने यह भी बताया कि इसके लिए ई-श्रम पोर्टल भी लांच किया गया है जिसके माध्यम से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का एकीकरण किया जाएगा।

# मिशन शक्तिः मेरठ की महिला उद्यमी पारूल शुक्ला को किया सम्मानित

## प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया पीआर में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए मिला सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा।** मेरठ

**प्रिंट** एवं डिजिटल मीडिया में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए मेरठ की महिला उद्यमी पारूल शुक्ला को मिशन शक्ति के अर्न्तगत सम्मानित किया गया। 'मिशन शक्ति' के तहत भागीरथी आर्य कन्या इंटर कॉलेज लालकुर्ती मेरठ कैंट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में स्कूल प्रधानाचार्या ने पारूल शुक्ला का सम्मान किया।

पारूल शुक्ला एक महिला उद्यमी के रूप में अपने भाई अमित बिश्नोई के साथ अपनी कंपनी Swatcat Communication (PR & Content Placement) के नाम से संपूर्ण भारत में अपनी सेवाएं दे रही हैं। प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में वर्षों से कार्यरत पारूल शुक्ला आज जाना-माना नाम हैं। पारूल शुक्ला ने प्रिंट व डिजिटल मीडिया के क्षेत्र में मेरठ शहर मे अपनी एक अलग छवि स्थापित की है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती लता सागर ने श्रीमती पारूल शुक्ला जी को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। तत्पश्चात भागीरथी आर्य कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं से संवाद तथा 'अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस' कार्यक्रम के तहत उनका साक्षात्कार भी कराया गया। कामयाब महिला उद्यमी को अपने समक्ष पाकर उत्साहित छात्राओं ने उनसे प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया के विषय में अनेक महत्वपूर्ण तथ्य जाने। पारूल शुक्ला ने बालिकाओं को बताया कि इंटरमीडिएट परीक्षा के उपरांत पीआर यानी पब्लिक रिलेशंस से संबंधित कौन-कौन से कोर्स किए जा सकते हैं व कौन से नए कोर्स जैसे एमबीए आदि में पब्लिक रिलेशन को अटैच किया गया है। इन कोर्स को करने के पश्चात वें आगे कौन सी डिग्री प्राप्त कर सकती हैं।



महिला उद्यमी पारूल शुक्ला ने इस प्रकार की अनेक महत्वपूर्ण जानकारी बालिकाओं से साझा कीं। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर छात्राओं ने सुंदर कविता प्रस्तुत कर सभी के मन को मोह लिया। कार्यक्रम डॉ स्नेह प्रभा की देखरेख में संपन्न हुआ। मिशन शक्ति भागीरथी आर्य कन्या इंटर कॉलेज की नोडल अधिकारी स्वाति सिंह ने मंच संचालन कर कार्यक्रम को गति प्रदान की। समस्त भागीरथी परिवार ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपना संपूर्ण योगदान दिया।

# दुर्गापूजा : पूजा के साथ सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों की धूम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहर** में पश्चिम बंगाल की संस्कृति की छलक दुर्गापूजा के पंडालों पर साफ देखने को मिल रही है। शहर में करीब एक दर्जन से ज्यादा स्थानों पर दुर्गापूजा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जहां पूजा अर्चना के साथ साथ विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से पश्चिम बंगाल की संस्कृति की झलक जगह-जगह देखने को मिली।

## सप्तमी पूजा का आयोजन

**बाटा-हार्डवेयर** चौक रोड पर स्थित फरीदाबाद दुर्गावाडी समिति ने इस बार संस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रमों के आयोजन पर रोक लगाई हुई है। लेकिन मंदिर में पूजा पूरी रस्मों और रिवाज के साथ की जा रही है। इस दौरान कोरोना वायरस से बचाव के सभी नियमों को ध्यान में रखकर ही मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है। इस बारे में जानकारी देते हुए मंदिर कमेटी के सदस्य शलील चक्रवर्ती ने बताया कि मंगलवार को सप्तमी का पूजन किया गया। इसके बाद बिना फुलों का इस्तेमाल कियो श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पांजलि दी गई।



फरीदाबाद कालीबाड़ी मंदिर में दुर्गापूजा पर नृत्य प्रस्तुति देतीं कलाकार।

### रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन

**सेक्टर**-16 फरीदाबाद कालीबाड़ी मंदिर में मंगलवार की सुबह मां दुर्गा की पूजा भव्य तरीके से की गई। तदोपरांत संध्या में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कालीबाड़ी मंदिर महासचिव सपन कुमार बोस ने बताया कि करीब 1400 श्रद्धालु को प्रसाद (लंगर) पैकेट के रूप में वितरण किया गया। माता की सप्तमी पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें माता का अन्नपूर्णा रूप की पूजा अर्चना की गई। माता की आरती एवं पुष्पांजलि के पश्चात भोग वितरण किया गया। देर शाम संस्कृति दास एवं अंतरा विश्वास ने महिला ग्रुप का डांस प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सोलो डांस प्रस्तुत किया गया। जिसमें कलाकर निलांजना सरकार, अहोना, मधुश्री सरकार, अदिति सरकार और अनुष्का विधार्थी शामिल रही।

# खतरनाक हुआ डेंगू : फेफड़ों और पेट में भर रहा पानी

## डेंगू के चार नए मरीजों से आंकड़ा पहुंचा 147

कविता। फरीदाबाद


बीके अस्पताल के अपातकालीन कक्ष में भर्ती हर उम्र के रोगी।

**इस** बार डेंगू खतरनाक रूप में सामने आया है। डेंगू संक्रमित कई मरीजों में लिवर में सूजन की समस्या सामने आई है। मरीजों पेट और फेफड़ों में पानी भर रहा है। डॉक्टरों के मुताबिक पहली बार ये समस्याएं डेंगू संक्रमितों में देखने को मिल रही हैं। मितली, उल्टी, पेट दर्द की समस्या तो आम है।

अगस्त के महीने से डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। मंगलवार को डेंगू के चार मामले सामने आए हैं। अब तक 147 मरीजों की पुष्टि की जा चुकी है। जिनमें कई मरीजों की प्लेटलेट्स गिरने से हालत गंभीर भी हो रही है। ऐसे में उन्हें जंबो प्लेटलेट्स चढ़ानी पड़ रही है। इस बार डेंगू ज्यादा खतरनाक रूप में सामने आए हैं। शहर के बीके सिविल अस्पताल में भर्ती डेंगू के मरीजों के लिवर में सूजन देखने को मिल रही है। जिससे मरीजों को अपच की दिक्कत हो जा रही है। ऐसे मरीजों ने खाना भी कम कर दिया है। इसके अलावा कुछ मरीजों के पेट और फेफड़ों में पानी भरने के मामले भी सामने आए हैं।

डॉक्टरों के मुताबिक कोविड की तरह डेंगू में भी सूजन के कारण पांचवें-छठें दिन ऐसी समस्या देखने को मिल रही है। प्लेटलेट्स गिरने से मरीजों की आंतों में खून भी आने की समस्या आती है। उन्हें तुरंत जंबो प्लेटलेट्स चढ़ानी पड़ती है। जिससे मरीजों की सेहत में सुधार हो गया। चिकित्सकों की माने तो लगातार प्लेटलेट्स गिरने से लिवर में हैमरेज होने की संभावना रहती है। इससे पेट की नलियां फट सकती हैं।

### बच्चे भी हो रहे शिकार

**बीके** सिविल अस्पताल में 10 वर्ष से अधिक आयुवर्ग में इस समस्या से ग्रस्त मरीज सामने आ रहे है। पेट में दर्द के कारण भर्ती डेंगू के मरीजों का अल्ट्रासाउंड किया जा रहा है। इसमें बच्चों के साथ सभी उम्र के मरीज सामने आ रहे है। अल्ट्रासाउंड कराने मे उनके पेट में पानी भरा हुआ दिखता है। मरीजों के लिवर में सूजन की समस्या भी सामने आ रही है। डॉक्टरों का कहना है कि लिवर में सूजन आने के बाद मरीज का खाना नहीं पच रहा था। उन्हें लगातार उल्टियां भी आती है।

### चिकित्सक का कथन


डॉ. विकास गोयल।

**बीके** अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास गोयल ने बताया कि इस बार डेंगू संक्रमितों में गंभीर लक्षण सामने आ रहे हैं। जिसमें मरीजों के लिवर में सूजन आ रही है। पेट और फेफड़ों में पानी भरने के केस भी देखने को मिले हैं।

# डालसा ने एमआर में लगाया मेगा जागरुकता कैंप

## विद्यार्थियों व आमजन को किया कानूनी पहलुओं के बारे में जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिला** एवं सत्र न्यायाधीश कम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन वाईएस राठौर के दिशा दिशा निर्देश अनुसार मंगलवार को स्थानीय मानव रचना विश्वविद्यालय में मेगा जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। सीजेएम कम् मेगा जागरुकता शिविर के नोडल अधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मंगलेश शिवा चौबे मंगलेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में यह है मेगा जागरुकता कैंप आयोजित किया गया।

मानव रचना विश्व विद्यालय के चांसलर डॉ प्रशांत भल्ला, डायरेक्टर जनरल एनसी वधवा एवं डायरेक्टर एडमिन अतुल अरोड़ा, डीन एवं डायरेक्टर एफएम रेडियो गुरजीत कौर एवं दीन मानव रचना यूनिवर्सिटी श्रुति शर्मा शामिल थी। मीडिया प्रभारी मानव रचना पूजा गहलोतरा, शिवानी शर्मा एवं रविंद्र शर्मा मौजूद रही। पैनल अधिवक्ता दीपशिखा भारद्वाज, उमा चौहान, निब्रास अहमद, अधिवक्ता संजय गुप्ता, रविंद्र गुप्ता, अधिवक्ता अर्चना गोयल, अधिवक्ता मनमीत कौर, अधिवक्ता मीनाक्षी चौधरी एवं अन्य लोगों ने अपना अपना योगदान दिया।

इस जागरुकता कैंप में जिला महिला एवं बाल विकास विभाग, केनरा बैंक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मत्स्य विभाग, शिक्षा विभाग,स्वास्थ्य विभाग, रोजगार विभाग, एडीसी कार्यालय, समाज कल्याण, जिला बाल सुरक्षा इकाई, जिला रेडक्रास, कारागार, हेफड, आयुष विभाग, कृषि विपनान बोर्ड, खाद्य एवं आपूर्ति तथा वन विभाग सहित अनेक विभागों ने अलग-अलग स्टाले लगा कर उन विभागों द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं बारे साहित कानूनी पहलुओं बारे भी विद्यार्थियों व आमजन को जागरूक किया गया। सीजीएम मंगलेश कुमार चौबे ने बताया कि यह मेगा कानूनी जागरुकता कैंप आमजन को जागरूक करने में मील का पत्थर साबित होगा।

# बैंकिंग में पारदर्शिता लाने को चलाया जागरुकता अभियान


सैंट्रल बैंक द्वारा बैंकिंग प्रणाली में परादर्शिता लाने के लिए चलाए गए जागरुकता अभियान को झंडी दिखा कर रवाना करते हिमांशु गुप्ता।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बैंकिंग** क्षेत्र में उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत सेंट्रल बैंक आफ इंडिया ने बाटा रोड स्थित एनआईटी शाखा में नवरात्रों पर लोन मेले का आयोजन किया गया, जिसमें होम लोन, व्हीकल लोन व गोल्ड लोन के तरह-तरह ऑफर रखे गए और उपभोक्ताओं को कम से कम ब्याज और कम से कम समय में लोन देने का प्रावधान रखा गया।

बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक हिमांशु गुप्ता ने बताया कि इस लोन मेले का उद्देश्य उपभोक्ताओं को कम समय में कम ब्याज पर जल्द से जल्द लोन दिलवाना है और बैंक ने अब उपभोक्ताओं के लिए कागजी प्रक्रिया को भी बेहद सरल बना दिया है। चीफ मैनेजर राहुल सक्सेना, सीनियर मैनेजर ध्रुव अग्रवाल, ब्रांच मैनेजर बल्लभगढ़ राकेश जटौलिया, मैनेजर सन्नी कुमार, मैनेजर हरीश आर्य, मैनेजर देवेंद्र सिंह, एलसी कदम, सहित बैंक के अनेकों कर्मचारी मौजूद थे। हिमांशु गुप्ता ने कहा कि बैंकिंग प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए विजिलेंस का गठन किया गया है अगर कोई भी बैंक का अधिकारी लोन की एवज में या किसी भी चीज के लिए पैसे मांगता है तो उसको तुरंत कार्रवाई होगी। इसके अलावा इस अभियान के तहत उपभोक्ता प्रोटक्शन ऑफ इंफोरमेंश के तहत अपनी शिकायत चाहे वह बैंक के खिलाफ हो या फिर सरकारी कर्मचारी के खिलाफ, उसे पोर्टल पर जाकर कर सकते हैं।

# कोटपा के तहत 773, लोगों के काटे चालान: डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार कोटपा अधिनियम-2003 के अनुसार जिस विभाग को जो दायित्व मिला है। उसे पूरा करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि धुम्रपान निषेध अधिनियम के क्रियान्वयन विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कोटपा अधिनियम 2003 की हिदायतों अनुसार दिशा निर्देश दिए गए हैं।

जिला में धूम्रपान निषेध ऑफ का अधिनियम के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने हुए और सिगरेट की खुली बिक्री पर पूर्णतया प्रतिबंध है। यदि कोई ऐसा करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ अनुसार आता अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।डीसी ने बताया कि सिग्रेट एवं अदर तंबाकू प्रोडक्ट्स एक्ट (कोटपा) 2003 के तहत कैद/जुर्माना लागाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट पीने पर और कोपटा के नियमों का उल्लंघन करने पर प्रति उल्लंघन 200 रुपये तक जुर्माने का प्रावधान है। जिला में गत माह 773 लोगों के सार्वजनिक स्थलों पर धुम्रपान करने पर खिलाफ चालान कटे गए।

# राइट टू सर्विस एक्ट के विरोध में प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेक्टर 19 बिजली बोर्ड के कार्यालय पर प्रदर्शन कर रोष प्रकट करते कर्मचारी।

**हरियाणा** स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर्स यूनियन की वार्ता समिति के आह्वान पर पूरे प्रदेश में राइट टू सर्विस एक्ट के विरोध में प्रदर्शन कर फरीदाबाद की चारों डिविजनों की सभी सबडिवीजन कार्यालयों पर कर्मचारी गरजे।

इसी के तहत सबडिवीजन ईस्ट, मथुरा रोड, नम्बर चार, वेस्ट सेक्टर-19 पर केंद्रीय कमेटी के नेता सतीश छाबड़ी सहित यूनिट प्रधान लेखराज चौधरी, बल्लभगढ़ के प्रधान कर्मवीर, एनआईटी के प्रधान विनोद शर्मा, ग्रेटर फरीदाबाद के प्रधान सुनील कुमार व सर्कल सचिव सन्तराम लाम्बा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने गगनभेदी नारे लगाते हुए अपना जोरदार प्रदर्शन कर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी की खामियां और इसकी त्रुटियों को लेकर, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार समान काम समान वेतन में देरी करना व कौशल रोजगार आयोग के तहत प्रदेश सरकार पहले से लगे हुए कच्चे कर्मचारियों को निकाल कर अपने आदमियों को भर्ती करना चाहती है। सभी क्लेरिकल कर्मी व टेक्निकल कैटेगरी के कर्मचारियों की इंटरयूटिलिटी ट्रांसफर आदि मुख्य बिंदुओं पर यूनियन ने इन सभी मुद्दों को लेकर आज बिजली निगम की सभी सबडिवीजनों पर एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के बैनरतले ने 02 घंटे का विरोध जताते हुए जबरदस्त प्रदर्शन कर मांग की है कि राइट टू सर्विस एक्ट को लागू करने से पहले प्रदेश में रिक्त पड़े हजारों पदों को रीस्ट्रक्चरिंग के माध्यम से भरने का पहले काम करें।

प्रदेश के उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने के लिए बिजली निगम का प्रत्येक कर्मचारी आज वचनबद्ध है। कर्मचारियों ने कोरोना काल में भी निर्बाध बिजली आपूर्ति करके प्रदेश में लॉकडाउन को कामयाब बनाया साथ ही पूरे देश की बिजली कंपनियों में दूसरे नम्बर का स्थान लेकर मुकाम हासिल किया। बावजूद इसके सरकार और निगम मैनेजमेंट अपने डण्डे के जोर पर कर्मचारियों के अधिकारों का हनन व श्रम कानूनों का उल्लंघन करके राइट टू सर्विस एक्ट को जबरन कर्मचारियों पर थोपना चाहती है। जिसका हर स्तर पर एचएसईबी वर्कर्स यूनियन पुरजोर विरोध करती है और आगे भी करेगी। इस अवसर पर अपने संयुक्त बयान में प्रान्तीय प्रधान बिजेंदर बेनीवाल व प्रान्तीय महासचिव सुनील खटाना कहा कि इसके बाद भी सरकार कर्मचारियों पर जबरन ऐसे काले कानूनो को लागू करती है, तो आने वाले समय में प्रदेश का कर्मचारी वर्ग लामबंद होकर पूरे हरियाणा प्रदेश में आगामी निर्णायक आंदोलन की घोषणा करेगा। जिसमें मुख्यरूप से पुरानी पेंशन बहाली, जोखिम भत्ता, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना और जब तक पक्का ना किया जाए तब तक सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार समान काम समान वेतन का लाभ देने, सभी प्रकार के कच्चे पक्के कर्मचारियों को 1000 यूनिट फ्री बिजली यूनिट का लाभ मिले।

# सातवें दिन की गई मां कालरात्रि की पूजा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नवरात्रों** के सातवें दिन शहर के मंदिरों में मां के स्वरूप कालरात्रि की पूजा की गई। जिसमें हजारों लोगों ने पूजा-अर्चना की। मंदिरों में प्रात:कालीन व सायंकालीन पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। प्रात:कालीन आरती में मां के भजनों के बीच हवन यज्ञ में श्रद्धालुओं ने अपनी आहूति डाली।

## वैष्णों देवी मंदिर

**तिकोना** पार्क स्थित सिद्धपीठ मां वैष्णों देवी मंदिर में सातवें दिन मां कालरात्रि की भव्य पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर कमेटी के प्रधान जगदीश भाटिया समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे। पूजा के उपरांत जगदीश भाटिया ने कहा कि सातवें दिन महा सप्तमी के दिन मां दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा का विधान है। शक्ति का यह रूप शत्रु और दुष्टों का संहार करने वाला है। मां कालरात्रि ही वह देवी हैं जिन्होंने मधु कैटभ जैसे असुर का वध किया था।


नवरात्र में तिकोना पार्क महारानी वैष्णो देवी मंदिर में माथा टेकते भक्त गण।

## सिद्धपीठ काली मंदिर

**सिद्धपीठ** काली मंदिर में मां कालरात्रि के सातवें स्वरूप की पूजा अर्चना बड़े धूमधाम से की गई। मां के स्वरूप के बारे में पंडितों ने बताया कि देवी कालरात्रि का स्वरूप अत्यंत भयंकर है। देवी कालरात्रि का यह भय उत्पन्न करने वाला स्वरूप केवल पापियों का नाश करने के लिए है। शास्त्रों में देवी कालरात्रि को त्रिनेत्री कहा गया है। इनके तीन नेत्र ब्रह्मांड की तरह विशाल हैं।


## आठवें दिन करें महागौरी की पूजा : मुनिराज

**फरीदाबाद।** राधाश्र्वेवर मंदिर के संस्थापक संत मुनिराज ने बताया कि आठवें दिन महागौरी की पूजा होती है। माता महागौरी शंख और चंद्र के समान अत्यंत श्वेत वर्ण धारी है व मां दुर्गा का आठवां स्वरूप है। धर्मिक ग्रंर्थो के मुताबिक भगवान शिव को पाने के लिए पार्वती जी द्वारा किए गए कठोर तप से मां का रंग काला व शरीर क्षीण हो गया था। तपस्या से प्रशन्न होकर भगवान शिव ने मां पर्वती के शरीर को गंगा जल से धोया तो वह विद्युत प्रभा के समान गौरा हो गया। इसी कारण मां को महागौरी के नाम से पूजा जाता है।

महागौरी की चार भुजाएं है, जिनमें से दो अभयमुद्रा और वरमुद्रा में है तथा दो में त्रिशुल और डमरू धारण किए हुए है। अपने सभी रूपों में से मां भगवती का महागौरी नामक स्वरूप सबसे शांत रूप है। अष्टमी के दिन कन्या पूजन का विधान है। अष्टमी के दिन मां भगवती को नारियाल का भोग लगाना चाहिए। इसके फलस्वरूप उस भक्त के पास किस प्रकार का संताप नहीं आ सकता। उन्होंने बताया कि दुर्गा जी के आठवें स्वरूप महागौरी मां का प्रसिद्ध पीठ हरिद्वार के समीप कनखल नामक स्थान पर है।

# अवैध कॉलोनी में जेसीबी से ढहाए निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


अवैध निर्माण ढहती जेसीबी।

**उपायुक्त** जितेंद्र यादव ने बताया कि मंगलवार को जिला नगर योजनाकार, इंफोर्समेंट एण्ड विजीलेंस द्वारा गांव मुजेड़ी की राजस्व सम्पदा में तीन अवैध कालोनी जो कि लगभग 10 एकड भूमि पर विकसित की जा रही थीं। जिला प्रशासन की मदद से तोडफोड की कार्रवाई अमल में लाई गई। तोडफोड की कार्रवाई के दौरान अवैध कालोनियों में बनाए गए रोड नेटवर्क के अलावा 80 डीपीसी, बाउंड्रीवाल में तोड़फोड़ की गई।

तोड़फोड़ की कार्रवाई के दौरान राजेन्द्र टी. शर्मा, जिला नगर योजनाकार-कम-ड्यूटी मजिस्ट्रेट, अनिल, एसआई थाना सदर बल्लभगढ़ पुलिस बल व सुभाष शर्मा जेई मौजूद थे। तोडफोड की इस कार्रवाई के दौरान जिला नगर योजनाकार, इंफोर्समेंट एण्ड विजीलेंस, फरीदाबाद राजेन्द्र टी. शर्मा द्वारा बताया गया कि विभाग द्वारा की जा रही तोड़फोड़ में और सख्ती बरती जायेगी ताकि अवैध कालोनी काटने व उसमें निर्माण करने वाले मंसूबे पूरे न हो सकें और समय रहते पनप रहे अवैध निर्माण को तोड़ा जा सके। यहां यह भी बताया जाता है कि सभी अवैध कालोनियों में जन साधारण को जागरूक करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाये जा चुके हैं। उन्होंने आम जनता से अनुरोध किया है कि अवैध कॉलोनियों में भूमाफिया के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बरबाद ना होने दें।

# संक्षिप्त समाचार

## मानसिक स्वास्थ्य के बारे में दी महत्वपूर्ण जानकारियां

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ स्थित सुषमा स्वराज राजकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। जिसका संचालन मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. सपना सचदेवा ने किया। डॉ. निधि वर्मा एसोसिएट प्रोफेसर अमेटी यूनिवर्सिटी गुरुग्राम ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी और कहा कि हम सब को मानसिक बीमारियों को भी इसी प्रकार से लेना चाहिए। जिस प्रकार से हम अन्य शारीरिक बीमारियों को लेते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य कृष्णा श्योरान ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के बारे में छात्राओं को जागरूक किया और सभी को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सजग एवं सम्वेदनशील रहने की बात कही। साथ ही महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। डॉ. सपना नागपाल, डॉ. उषा दहिया, रमनप्रीत, सौरभ त्रिपाठी, चंद्रशेखर, शिवानी, भावना और डॉ. धर्मवीर आदि उपस्थित रहे।

## राम रहीम की सजा को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था सख्त

**फरीदाबाद।** बहुचर्चित रणजीत सिंह हत्याकांड मामले में 19 साल बाद सीबीआई की विशेष अदालत डेरामुखी राम रहीम समेत पांच दोषियों को सजा सुनाएगी। फरीदाबाद में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। फरीदाबाद के सीकरी में डेरा सच्चा सौदा का नामचर्चा गृह है। शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए पुलिसकर्मियों को फील्ड में तैनात किया है। फरीदाबाद पुलिस पूरे अलर्ट मोड में है। पुलिसकर्मियों द्वारा इलाके में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है और साथ ही ईआरवी डायल 112 टीम द्वारा भी एरिया में लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिसकर्मियों द्वारा संदिग्ध प्रकार के व्यक्तियों पर निगरानी रखेगी। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने नगरवासियों से अदालत के फैसले का सम्मान करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की और कहा कि आमजन किसी के बहकावे में न आएं और कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश न करें। कानून व्यवस्था में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी इसलिए आमजन शांति बनाए रखें तथा पुलिस प्रशासन के कार्यों में सहयोग करें।

## निगम ने की कई ईकाइयां सील

**फरीदाबाद।** निगमायुक्त यशपाल यादव के निर्देश पर फरीदाबाद नगर निगम ने संपत्ति कर के बकायेदारों पर शिंकजा कसते हुए मंगलवार को बकाया संपत्ति कर की वसूली करने के लिये फरीदाबाद एनआईटी जोन-1 तथा 3 की 14, फरीदाबाद ओल्ड जोन-1 क्षेत्र के एसआरएस मॉल के 1 पीवीआर तथा सिटी मॉल सेक्टर-12 की 3 ईकाइयों को सील किया। जिन पर कुल करीब 31,41,047 लाख रुपये ए का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। निगमायुक्त ने आगे बताया कि जो ईकाइयां सील हो चुकी हैं अगर इन बकायादारों ने समय पर अपने बकायाजात को जमा नहीं कराया तो उनकी सील की गई संपत्तियों की नीलामी करने की कारवाई अमल में लाई जायेगी। आयुक्त ने करदाताओं से अपील की है कि उपरोक्त कारवाई से बचने के लिये सभी अपने-अपने बकायाजात की अदायगी तुरन्त करें।

## कोरोना के दो पॉजिटिव आए सामने

**फरीदाबाद।** जिले में मंगलवार को कोरोना वायरस के दो मामले पॉजिटिव सामने आए हैं। जबकि राहत की बात यह रही कि जिले में एक मरीज ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 99.28 प्रतिशत पर पहुंच गया है। कोरोना पॉजिटिव का एक ही केस अस्पताल में भर्ती है। जबकि होम आईसोलेशन पर जिले में 3 लोगों को रखा गया है तथा एक्टिव केसों की संख्या भी 4 हो गई है। जबकि कई लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं। जिला में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिला में पिछले 24 घंटे में 1464 लोगों टेस्ट किए गए। जबकि अब तक जिला में 1153494 लोगों ने टेस्ट करवाया गया। इनमें से 99862 लोग कोराना पोजिटिव पाए गए। जबकि 1052346 लोग नेगेटिव मिले।

## नेशनल चैम्पियनशिप में आयुष डबास ने जीता सोना

**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड ने बताया कि तीसरी नेशनल ओपन 400 मीटर दौड का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में 11 अक्तूबर से 12 अक्तूबर तक किया गया। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि तीसरी नेशनल ओपन 400 मीटर चैम्पियनशिप में पुरुष वर्ग में हरियाणा के आयुष डबास सोनीपत ने 46 सेकेण्ड 86 माइक्रोन का समय देकर स्वर्ण पदक जीतकर हरियाणा राज्य को दिया। दूसरा स्थान तमिलनाडु के सुरेंद्र एस सेल ने 47 सेकेण्ड 76 माइक्रोन देकर अपने नाम किया और पंजाब के हरप्रीत सिंह ने 48 सेकेण्ड 13 माइक्रोन का समय देकर कांस्य पदक जीता। आयुष डबास सोनीपत की स्वर्णिम जीत के लिए एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, महासचिव राजकुमार मिटान और मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने एथलीट खिलाडी को हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

## ब्राह्मण सभा ने शहीदों को किया नमन

**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सेक्टर-12 फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर पूंछ जम्मू कश्मीर मे आतंकवादी हमले में शहीद हुए पांच सैनिकों को श्रद्धा सुमन अर्पित व शत शत नमन तथा मोमबत्ती जलाकर कर पुष्प अर्पित किए। सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने कहा हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। हम इन वीरों के वंशज है, परन्तु दुख इस बात का है। पाकिस्तान अपनी घिनौनी हरकत से बाज नहीं आ रहा। प्रभु इन्हें अपने चरणों में स्थान दे व परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर हरीश पाराशर एडवोकेट, कृष्ण पाराशर एडवोकेट, कर्ण पाराशर इंजिनियर, चन्द्रशेखर, गुड्डू शास्त्री, रवि, संदीप, आशीष, विकास, ओमबीर, धनेश, दीपक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## शायर शहबाज नदीम जियाई की याद में मुशायरा

**फरीदाबाद।** मैगपाई टूरिस्ट कम्पलैक्स में बजम-ए-शहबाज़ के ज़ेर-ए-एहतिमाम, एक शाम उस्ताद शायर शहबाज नदीम ज़ियाई साहब (स्वर्गीय) के नाम, शायरी ख़राज का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस खूबसूरत महफिल में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली उर्दू अकादमी और प्रेस कल्ब ऑफ इंडिया के सदस्य अब्दुल माजीद निजामी और विशिष्ठ अतिथि शाद रशीद खान नदवी मौजूद थे। दिल्ली, गाजियाबाद व फरीदाबाद से मशहूर शायरों ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ महेंद्र शर्मा मधुकर ने की। संचालन शायर हबीब सैफी ने बड़े सुंदर ढंग से किया। इस मुखदस मौके पर डॉ महेंद्र शर्मा मधुकर की नौवीं पुस्तक अहसास (गजल संग्रह) का विमोचन हुआ। इस अवसर पर संस्था के सरपरस्त डॉ महेंद्र शर्मा मधुकर, अध्यक्ष क़मर बदरपुरी, महासचिव हबीब सैफी, सचिव अजय अक्स, सह सचिव कमल धमीजा और सहसचिव फरहीन इकबाल, सभी के स्वागत के लिए मौजूद थे। इस अवसर पर ऋतु अस्थाना, कृष्णा दामिनी, मदन लाल गर्ग, ताबीश खैराबादी, खलिश गाजियाबादी, मनोज बेताब, नजाकत अमरोहवी, महबूब अमीन, प्रो कमलेश, सुप्रिया, हाशिम देहलवी ने अपनी खूबसूरत गजलों से शमा बांध दिया।


## राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए सिफारिशें आमंत्रित

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं से हरियाणा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए आगामी 18 अक्तूबर तक सिफारिशें आमंत्रित की गई है। इन पुरस्कारों के बारे में अधिक जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की वैबसाईट डब्लूसीडीएचआरवाई.जीओवी.ईन पर देखी जा सकती है। डीसी जितेंद्र यादव ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को प्रदान किए जाते हैं। इन पुरस्कारों में इन्दिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के तहत एक लाख 50 हजार रुपये एवं प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के तहत एक लाख रुपये एवं प्रशस्ति पत्र, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार के तहत एक लाख रुपये एवं प्रशस्ति पत्र, लाईफ टाईम अचीवर्स पुरस्कार के तहत 51 हजार रुपये तथा प्रशस्ति पत्र, ए.एन.एम./नर्स/महिला एमपीएचडब्ल्यू (दो पुरस्कारों) के तहत 21 हजार रुपये व प्रशस्ति पत्र, महिला खिलाड़ी पुरस्कार के तहत 21 हजार रुपये एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

## क्वाड का उद्देश्य

### अमेरिका की दुविधा


**अमेरिका** ने एक बार फिर क्वाड के उद्देश्यों तथा अपनी भूमिका के बारे में दुविधा पैदा कर दी है। अमेरिका ने कहा है कि चतुर्मुखी सुरक्षा संवाद, संक्षेप में क्वाड एक गैर-रक्षा व गैर-सैनिक व्यवस्था है। क्या अमेरिका ने भारत, आस्ट्रेलिया व जापान के साथ अपने समूह का दर्जा गिराया है? अथवा वह अमेरिका, आस्ट्रेलिया व ब्रिटेन के समूह आकुस के उभरने के बाद इसका उद्देश्य पुनर्निर्धारित करना चाहता है? तस्वीर पूरी करने वाला तीसरा सवाल यह है कि इससे भारत की क्या स्थिति बनती है जो लगातार किसी सैनिक गठजोड़ के खिलाफहै? मुंबई में एक आयोजन में अमेरिकी उप विदेश सचिव वेंडी शेरमैन ने दावा किया कि क्वाड का अर्थ वैक्सीन, सप्लाई श्रृंखला व जलवायु जैसे मुद्दों पर चर्चा करना है। अमेरिका का यह 'स्पष्टीकरण' अमेरिका में क्वाड के चार राष्ट्राध्यक्षों की आमने-सामने बैठक तथा इसके कानून के शासन व क्षेत्रीय सुरक्षा भूमिका पर जोर देने के बाद आया है। यह बयान बंगाल की खाड़ी में क्वाड के मलाबार नौसैनिक अभ्यास के दूसरे चरण के कुछ ही दिन पहले आया है। पहला चरण अगस्त में पश्चिमी प्रशांत में आयोजित हुआ था जिसमें अमेरिका ने अपनी नौसेना के गौरव 1,00,000 टन के निमिट्ज़ क्लास वाले सुपर विमानवाहक जहाज यूएसएस कार्ल विंसन को भेजा था। अमेरिकी नौसेना कार्रवाई प्रमख एडमिरल माइक गिल्डे ने कहा था कि इस अभ्यास से एक समावेशी, स्वतंत्र तथा खुली नियम आधारित व्यवस्था बनाने में सहायता मिलेगी और इससे 'आने वाले दशकों में हमारे समन्वय को बढ़ावा मिलेगा ताकि सुरक्षा, स्थायित्व व समृद्धि को बढ़ावा दिया जा सके।' मलाबार



अभ्यास के दो चरणों के बीच भारत ने आस्ट्रेलिया के साथ द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास आसिन्डेक्स तथा जापान के साथ जिमैक्स का आयोजन किया। दूसरे चरण के जटिल अभ्यास में सतह पर तथा हवा में व पनडुब्बी विरोधी मारक क्षमता का प्रदर्शन होगा। इस दृष्टिकोण से क्वाड गैर-रक्षा व गैर-सैनिक गठजोड़ कैसे हो जाता है? यहां तक कि सप्लाई श्रृंखला बनाए रखने का सामान्य कृत्य भी समुद्री सुरक्षा का मुद्दा बन जाता है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नौवहन अधिकारों का मुद्दा भी समुद्री सुरक्षा का मुद्दा है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा के पहले विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा था कि क्वाड आकुस से अलग संगठन है और इस उद्देश्य से मलाबार नौसैनिक अभ्यास को नहीं देखा जाना चाहिए, भले ही वही देश क्वाड व मलाबार अभ्यास में शामिल हैं। अनुमान लगाया गया था कि उस समय भारत एशिया के कुछ देशों में परेशानी पैदा करने से बचने के लिए क्वाड की भूमिका को थोड़ा कम बता रहा था। क्या शर्मन के बयान को इसी दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए? यह पूर्व विदेश सचिव माइक पोंपियो के बयान से एकदम उलट है जिन्होंने सितंबर में अपनी टोकियो यात्रा में साफ-साफ कहा था कि क्वाड गठजोड़ हमारी जनता को चीन के 'शोषण, भ्रष्टाचार और दबाव' से सुरक्षा देने में सहायक है। चीन द्वारा अपनी सेना के आधुनिकीकरण, ताइवान खाड़ी में घुसपैठ तथा आक्रामकता में वृद्धि के परिदृश्य में क्वाड देश एकसाथ आए हैं, हालांकि उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक विरोधी या चुनौती के रूप में चीन का नाम नहीं लिया है। इस प्रकार चीन के बारे में विरोधी होने के बावजूद दुविधा बनी हुई है जिसके साथ भारत और जापान का सीमा विवाद है, लेकिन इससे क्षेत्र में महाशक्ति के रूप में अमेरिका का प्रवेश होता है। क्या यह एक अनुपस्थित विरोधी के लिए अनुपस्थित सैनिक व्यवस्था जैसा मामला है?

# कृषि सुधार कानूनों पर दृढ़ मोदी

**कृषि कानून किसानों के लिए अनेक विकल्प खोलेंगे और उनको अपनी पसंद की कीमत दिलाने में सहायक होंगे जो एमएसपी से अधिक भी हो सकती है।**



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं)



हालांकि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अन्य सुधार उपायों के बारे में लचीलापन प्रदर्शित किया है, पर उन्होंने 10 महीने से इनकी वापसी की मांग कर रहे किसान आंदोलन के बावजूद इनसे पीछे हटने से इनकार किया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जुलाई 2018 से जून 2019 के बीच की अवधि के लिए 'ग्रामीण भारत में कृषक परिवारों, भूमि तथा मवेशियों की स्थिति का आंकलन'-एसएएस जारी किया है। इससे किसानों के बीच उनके उत्पाद की बिक्री से मिलने वाली कीमत के बारे में व्यापक असंतोष का खुलासा होता है, जो उत्पादों के अनुसार अलग-अलग है। कीमतों के बारे में किसानों का असंतोष अनाजों के मामले में 25 प्रतिशत, फलों के मामले में 28 प्रतिशत, दालों के मामले में 32 प्रतिशत, तिलहनों के मामले में 35 प्रतिशत, सब्जियों के मामले में 44 प्रतिशत, कंदों के मामले में 47 प्रतिशत तथा फूलों के मामले में 84 प्रतिशत है। सर्वेक्षण ने किसानों के बीच मुख्यत: कम कीमतें मिलने से असंतोष के स्तर का खुलासा किया है जो खरीदारों की प्रकृति पर निर्भर है। खरीदार मोटेतौर से आठ प्रकार के हैं। इनमें कृषि उत्पाद मंडी समितियां-एपीएमसी या राज्य सरकारों द्वारा एपीएमसी कानून के अंतर्गत गठित मंडियां, निजी स्थानीय बाजार, सरकारी एजेंसियां, सहकारितायें, कृषक उत्पादक संगठन-एफपीओ, 'ठेका खेती' के अंतर्गत फर्मों द्वारा खरीद, निजी प्रसंस्करणकर्ता तथा निवेश डीलर शामिल हैं।

एपीएमसी से असंतोष सर्वाधिक है जिनमें केवल 5.4 प्रतिशत किसान ही अपना उत्पाद बेचते हैं। इस व्यवस्था में 'निजी स्थानीय बाजार' का प्रमुख स्थान है जिसमें 77.5 प्रतिशत किसान अपना उत्पाद बेचते हैं। अन्य खरीदारों के मामले में असंतोष का स्तर कम है, लेकिन केवल 17 प्रतिशत किसान ही इन मंचों पर अपने उत्पाद बेचते हैं। एपीएमसी से कम कीमत मिलने को पुरानी व्यवस्थाओं के कारण 'इस मंच पर किसानों की भयंकर लूट' कहा जा सकता है। सरल भाषा में कहें तो किसानों को 'निर्धारित' मंडी में अपने उत्पाद बेचने के लिए एक क्षेत्र दिया जाता है। वे उसी राज्य में अपने उत्पाद कहीं और नहीं ले जा सकते हैं। यदि कोई किसान ऐसा करता है तो इसे कानून का उल्लंघन माना जाता है। मंडी में प्रवेश करते ही किसान को दो लुटेरों का सामना करना पड़ता है। इनमें से एक अढ़तिया या कमीशन एजेंट है जो नीलामी की व्यवस्था कर उत्पाद खरीदारों को सौंपता है तथा दूसरा मंडी का लाइसेंसी व्यापारी है जो उत्पाद खरीदने के लिए एकमात्र अधिकृत व्यक्ति होता है। वे एक-दूसरे से गठजोड़ कर सुनिश्चित करते हैं कि किसान को कम कीमत, अस्वीकृति, कम तौल, देर में भुगतान, आदि घातक स्थितियों का सामना करना पड़े। इनमें तीन प्रतिशत बाजार फीस, 2.5 प्रतिशत अढ़तियों का कमीशन तथा पंजाब में तीन प्रतिशत ग्रामीण विकास उपकर-आरडीसी और जुड़ता है। इन सबका बोझ केवल किसान की जेब पर पड़ता है।

अब स्थानीय निजी बाजार पर गौर करें। किसान को वहां अच्छी कीमत क्यों नहीं मिलती है? इसका संबंध भी मंडी के बाहर फसल बेचने पर प्रतिबंध से जुड़ा है। यदि देश के कानून का पूरी तरह पालन किया जाए तो मंडी के बाहर कोई बिक्री हो ही नहीं सकती है। इसके बावजूद बड़े पैमाने पर ऐसा होता है। इसका संबंध व्यापारियों-कमीशन एजेंटों तथा भ्रष्ट नौकरशाहों व राजनेताओं के बीच गठजोड़ से है। जहां निजी व्यापारी असहाय किसानों को औने-पौने दाम पर अपना उत्पाद बेचने पर मजबूर करते हैं क्योंकि खासकर छोटे किसान एपीएमसी बाजारों तक पहुंचने में अक्षम होते हैं तथा उनके पास इसे बेचने की और कोई जगह नहीं होती है। इसके साथ ही कानून लागू करने की जिम्मेदारी वाले नौकरशाह अपना मुंह मोड़ लेते हैं। यदि कोई किसान किसी और को बेचने की हिम्मत दिखाता है तो व्यापारियों-अढ़तियों का यह गठजोड़ उसे कानून के उल्लंघन का डर दिखाता है। स्पष्ट रूप से इसके कारण किसानों का अधिकांश हिस्सा, लगभग 83 प्रतिशत अपने उत्पाद मंडियों या स्थानीय बाजार में बेच कर घाटा उठाता है क्योंकि उसके पैरों में एपीएमसी कानून की बेड़ियां पड़ी हैं। इससे बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता इन कानूनों में संशोधन कर निजी बाजार में बिक्री को वैध बनाना है। इसके बावजूद अधिकांश राज्य सरकारों ने ऐसा नहीं किया है।

मोदी सरकार ने इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए फार्मर्स प्रोड्यूस ट्रेड एंड कामर्स प्रमोशन एंड फैसिलिटेशन एक्ट, 2020 तथा इसके साथ दो अन्य सहायक कानून-फार्मर्स इम्पावरमेंट एंड प्रोटेक्शन एग्रीमेंट आन प्राइस एस्योरेंस एंड फार्म सर्विसेज़ एक्ट, 2020 तथा एसेंसियल कमोडिटीज़ अमेंडमेंट एक्ट, 2020 पास किए। ये कानून सभी गैर-एपीएमसी मंचों में बिक्री को बिना एपीएमसी मंडी व्यवस्था में बाधा डाले वैध बनाते हैं। इस प्रकार ये खरीदारों द्वारा उत्पीड़न से किसानों को पूरी सुरक्षा प्रदान करते हैं, हालांकि यह काम राज्यों के अधिकारक्षेत्र में आता है।

किसान अपने उत्पाद अपने पसंद के ग्राहक को बेच कर 'इच्छित' मूल्य प्राप्त कर सकते हैं। यदि किसी किसान को लगता है कि उसे गैर-एपीएमसी स्थान पर अच्छी कीमत मिलेगी तो वह एपीएमसी से बाहर जा सकता है या अपना उत्पाद एपीएमसी में बेच सकता है। इन कानूनों में उसका जीवन बदलने की क्षमता है, जबकि वर्तमान समय में वह दबाव में बिजनेस कर रहा है। यह स्थिति पिंजड़े में बंद तोते को आजाद करने जैसी है जहां वह पिंजड़े के मालिक द्वारा मिलने वाले भोजन पर निर्भर होता है, जबकि आजाद होने पर वह अपना मालिक स्वयं होता है। इसी प्रकार नए कृषि कानूनों के बाद आजाद हुए किसान अपना उत्पाद बेचने के मामले में सशक्त होंगे।

इसके बावजूद यदि किसान इन कानूनों को नहीं चाहते हैं तो इसका अर्थ घबराहट में तार्किक सोच छोड़ना होगा। वे कानून द्वारा बेचे जाने वाले अनाज के हर दाने पर न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी की गारंटी चाहते हैं। यह मांग और ज्यादा आश्चर्यजनक है। यह काल्पनिक है और कभी यथार्थ में नहीं उतरेगी, भले ही केन्द्रीय कानूनों को वापस ले लिया जाए या उनको स्थाई रूप से स्थगित कर दिया जाए। यदि कानून वापस ले लिए जाते हैं तो किसानों की गैर-एपीएमसी मंचों तक पहुंच प्रतिबंधित होगी। जब उनके उत्पादों का कोई खरीदार नहीं होगा तो कीमत की गारंटी की कोई बात अर्थहीन होगी। यदि कानून बने रहते हैं तथा इन मंचों तक पहुंच सुनिश्चित होती है, तब भी कौन सा व्यापारी एमएसपी से कम भुगतान की स्थिति में जेल जाने के भय से खरीद की हिम्मत करेगा? क्या किसान चाहते हैं कि सारा उत्पाद सरकार खरीदे?

सरकार पहले ही राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के अंतर्गत सार्वजनिक वितरण प्रणाली की आवश्यकतायें पूरी करने के लिए भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी एजेंसियों द्वारा अनाज खरीदती है। यदि खरीद का वर्तमान स्तर बनाए रखा जाए तो एफसीआई तथा अन्य के पास अनाज रखने का स्थान तथा इसके वितरण की क्षमता नहीं है। ऐसे में यदि एजेंसियों को किसानों का सारा अनाज खरीद कर उसे भंडारित व वितरित करने का सामना करना पड़े तो विभीषिका का अनुमान लगाया जा सकता है। खाद्य सब्सिडी पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि 2020-21 के दौरान सरकार ने इस पर 5,00,000 करोड़ से ज्यादा खर्च किए। अब यदि केन्द्र किसानों का सारा अनाज खरीदने पर तैयार हो तो उसका सारा राजस्व केवल सब्सिडी पर ही खर्च हो जाएगा।

ऐसे में वह कानून व्यवस्था, अन्य सेवायें, कल्याणकारी गतिविधियों, ढांचागत संरचना बनाने तथा विकास के लिए संसाधन कहां से लाएगा? ऐसे में एकमात्र 'तार्किक' व 'व्यावहारिक' उपाय तीनों कानून बनाए रखना तथा एमएसपी की कानूनी गारंटी न देना है। इससे किसानों के लिए अनेक विकल्प खुलेंगे और उनको अपनी पसंद की कीमतें मिलेंगी जो एमएसपी से ज्यादा भी हो सकती हैं। लेकिन किसान नेता इसे स्वीकार नहीं करेंगे। ऐसे में हम गतिरोध से कैसे निकलेंगे? इसका रास्ता सुप्रीम कोर्ट है। जनवरी, 2021 में उसने इन कानूनों का क्रियान्वयन स्थगित किया था। उसने एक कमेटी गठित की थी जिसने मार्च, 2021 में अपनी रिपोर्ट दे दी है। उसे 'फौरन' अपना फैसला देकर बताना चाहिए कि 'सही' क्या है।

# उदयगिरि की गुफाओं में संरक्षित ऐतिहासिक धरोहर

**पार्थसारथी सेन शर्मा**
(लेखक भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय में अपर सचिव हैं)



पिछली शताब्दियों की इमारतें और स्मारक, सावधानीपूर्वक संरक्षित, लोगों के इतिहास और उनकी सांस्कृतिक विरासत के सबसे महत्वपूर्ण और दृश्यमान पहलुओं में से एक हैं, जो उन्हें लगातार अपने अतीत के बारे में जागरूक करते है और उन्हें पहचान और अर्थ की भावना देता हैं, जिसे गलत नहीं ठहराया जा सकता है। भारत में बहुत से प्रसिद्ध प्राचीन स्मारक विद्यमान हैं और कई लोगों द्वारा देखे जाते हैं, उनमें से कुछ यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में भी स्थान प्राप्त हैं। लेकिन इतिहासकारों, विद्वानों और पुरातत्वविदों के दुर्लभ हलकों के अलावा, ऐसे कई, कई और ऐसे स्थापत्य और सांस्कृतिक चमत्कार दृष्टिगोचर होते हैं, जो सदियों और कभी-कभी सहस्त्राब्दी पुराने हैं, जो आमतौर से इतने प्रसिद्ध या अक्सर देखे जाने वाले स्थलों में शामिल नहीं हैं। अपेक्षाकृत कम-ज्ञात पुरातत्व स्थल - उत्तर प्रदेश में एक संकिसा, बिहार में एक केसरिया या तमिलनाडु में एक कृष्णागिरी किला - ने मुझे हमेशा अधिक आकर्षित किया है और मैंने खुद को उन्हें तलाशने के लिए मजबूर किया है, कम यात्रा वाली सड़कों पर चलने के लिए।

पिछले महीने, मुझे मध्य प्रदेश में विदिशा की उदयगिरि गुफाओं के दर्शन करने का अवसर मिला। यह मौर्य काल का एक प्राचीन शहर है जिसमें सम्राट अशोक की रानी थी। आज, जब कोई विदिशा की संकरी गलियों और गलियों से उदयगिरि रॉक कट गुफा मंदिरों तक पहुँचने के लिए चलता है, तो कोई केवल कल्पना कर सकता है कि उस समय में यह कितना भव्य था, क्योंकि यह महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्गों के चौराहे पर स्थित था। अशोक अभी भी मगध के सिंहासन पर नहीं था और अभी भी उज्जैन में राजकुमार-राज्यपाल था - एक और प्राचीन शहर।

विदिशा के उदयगिरि पहाड़ी गुफा मंदिर गुप्त काल के थे और मुख्य रूप से वैष्णव प्रेरणा के थे। मुख्य सड़क के बाईं ओर, निचली



पहाड़ियों पर बिखरी हुई, कई चट्टानों से बनी गुफाएं हैं, जिनमें से अधिकांश एक बार मंदिर हैं, जिनमें हिंदू देवताओं के देवताओं और देवी-विष्णु, शिव, कार्तिकेय, आदि की प्राचीन मूर्तियां और मूल्यवान धरोहरें हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अनुसार, गुप्त वंश के सम्राट चंद्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल के दौरान, जिसे विक्रमादित्य के नाम से जाना जाता है, इन मंदिरों का निर्माण और नक्काशी की गई थी और उनके एक मंत्री ने इस स्थल का दौरा किया था।

मेरी भोली आंखों के लिए, नक्काशी का सबसे सुंदर टुकड़ा भगवान विष्णु के प्रसिद्ध वराह अवतार (सूअर का अवतार) में था, जो धरती माता को पकड़े हुए था, जिसे यहां एक महिला के रूप में दिखाया गया था, न कि उनके दांतों पर। यह एक चट्टानी चेहरे पर उकेरी गई एक सुंदर और आश्चर्यजनक रूप से विस्तृत कला है, और प्रमुख पात्रों के अलावा, देवी गंगा की मगरमच्छ पर और उसके कछुए पर देवी यमुना की सुंदर नक्काशी, कई अन्य लोगों के अलावा दिखाती है। एक और उत्कृष्ट और विशाल मूर्ति शेषनाग पर लेटे हुए भगवान विष्णु की थी।

हेलियोडोरस स्तंभ जो पहाड़ियों से कुछ किलोमीटर दूर खड़ा है और लगभग दो हजार साल पहले एक हिंदू देवता-वासुदेव के सम्मान में एक यूनानी राजदूत द्वारा बनाया गया था, जो न केवल इस प्राचीन भूमि की प्राचीनता और महत्व का प्रमाण है।, आधुनिक सीमाओं और सभ्यताओं के संबंध में और उन प्राचीन दिनों में धातु शिल्प की ऊंचाई के लिए, लेकिन इस तथ्य से भी कि उन प्राचीन काल में दुनिया इतनी अधिक परस्पर जुड़ी हुई थी और अन्यता की स्वीकृति - दूसरे के जीने का तरीका उनकी सोच, उनकी मान्यताएं और विश्वास और यहां तक कि उनके देवताओं के बारे में भी इतना प्रचलित था कि एक यूनानी राजदूत भारत के एक देवता के सम्मान में एक विशाल स्तंभ खड़ा कर रहा था। मैंने उदयगिरि पहाड़ियों और विदिशा को छोड़ दिया और वापस दिल्ली की यात्रा की, लेकिन उन प्राचीन नक्काशी और मूर्तियों और उनमें चित्रित कहानियों और किंवदंतियों ने मुझे कभी नहीं छोड़ा, इसलिए मैं लगभग चौंक गया जब केवल कुछ दिनों बाद, जब मैं सीढ़ियों पर चढ़ रहा था दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, एक पुस्तक विमोचन में भाग लेने के लिए, मैं उदयगिरि पहाड़ियों के वराह अवतार की ठीक उसी मूर्ति की एक विशाल श्वेत-श्याम तस्वीर के साथ आमने-सामने आया, जिसमें भगवान विष्णु अपने दांतों पर धरती माता को ले जा रहे थे। यह बहुत अधिक चौंकाने वाला संयोग था और मुझे थोड़ी देर के लिए स्तब्ध कर दिया।

जैसे-जैसे मैं अपने रास्ते पर आगे बढ़ता गया, मुझमें एक अजीब सी एकता का अहसास होने लगा। यह ऐसा था मानो हम सभी सदियों से एक साथ उन भूले-बिसरे कलाकारों के साथ बंधे हुए थे, जिन्होंने उस महान कला को तराशा था, उन राजाओं और मंत्रियों के साथ, जिन्होंने इसे वित्तपोषित किया था, उन अनगिनत भक्तों के साथ, जिन्होंने उनके चरणों में पूजा की होगी भगवान, पुरातत्वविदों के लिए, जिन्होंने सदियों बाद, उन्हें प्राचीन काल के लिए परिश्रमपूर्वक संरक्षित और संरक्षित किया होगा।

## आप की बात

### पाखंडी विनम्रता

**महाराष्ट्र** बंद सफल रहा ऐसा कहा जा रहा है। लेकिन सच क्या है? सबने देखा। भारत के राज्यों में बंद के दौरान की स्थिति समान रहती है। केवल कारण और राज्य भिन्न होते हैं। बंद से लोगों को काफी परेशानी होती है। यह सामान्य बिंदु है। हमारे नेता और कार्यकर्ता किसी को भी महाराष्ट्र बंद में शामिल होने के लिए बाध्य नहीं करेंगे। जब बंद घोषित किया गया था, तब ऐसा कहा जा सकता था। लेकिन ऐसी घोषणा करेंगे तो बंद की घोषणा को कोई गंभीरता से नहीं लेगा और हम मुंह के बल गिर जाएंगे। यह सच बंद की घोषणा करनेवालों को अच्छी तरह पता होगा। कार्यकर्ताओं के डर से दुकानदार दुकानें बंद कर रहे थे। साथ ही, हम ऐसे लोगों के ध्यान में क्यों आए? इसे ध्यान में रखते हुए लोगों ने घरों में ही रहना पसंद किया। तुम दुकानें बंद करो, ऊंची आवाज़ में यह कहने वाले आप कौन होते हैं? ऐसी बात कोई किसी पर थोप नहीं सकता। चुनाव प्रचार के दौरान यही नेता और कार्यकर्ता लोगों को दीदी, काका-मामा, दादा-दादी, मौसी ऐसा बुलाते हैं और लोगों से वोट की अपील करते हैं। ये वो लोग हैं जो बंद के दौरान लोगों को धमकाते हैं। लोगों को हो रही परेशानी के समाधान के लिए उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ता है।

- **जयेश राणे**, मुंबई

### गद्दारों को सेना के हवाले करो

**दिल्ली** के शास्त्री नगर से पाकिस्तानी जासूस गिरफ्तार हुआ है समाचार पढ़ा। आखिर कैसे पाकिस्तानी हिंदुस्तान में पनाह पा जाते हैं यह विचारणीय विषय हैं? इनको पनाह देने वाले इस देश के प्रति अपना समर्पण क्यों नहीं दिखा पाते। हम हमारे मुस्लिम भाइयों की देशभक्ति पर शक नहीं कर रहे हैं मगर फिर भी कोई तो है जो ऐसे गद्दारों को पनाह दे देते हैं फिर वे क्यों अनजान रहते हैं ऐसे विदेशी पाकिस्तानियों से यह व्यक्ति पिछले 15 साल से भारत में रहता था इसने यही की लड़की से शादी भी कर ली थी। अत: बहुत जरूरी है किसी को यूं अनदेखे, अनजाने को देश में अपने यहां पनाह देने की। आज हम हमारा मुल्क बहुत सारी परेशानियों से जूझ रहा है तब ऐसे गद्दारों को कैसे पनाह मिल जाती है। भारतीयों जागो। जब हमें एक साथ मिलकर हर बार गाते हैं हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई हम सब आपस में है भाई भाई। तो कैसे कोई इस मूल भावना का गला घोटने लग जाता है इसका तोड ढूंढिए ।कश्मीर के कारण देश ने काफी कुछ सहन किया है आज कश्मीर को यूं बदनाम ना होने दीजिए उसकी सुरक्षा के लिए हमारी सेना को हर तरह की मदद करिए। कश्मीर हमारे देश का माथा है उसे किसी भी तरह झुकने ना दीजिए।

- **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### कट्टरपंथी सोच

**तालिबान** व्दारा बर्बरता का बेशर्मी से बखान बड़ी बखूबी से कट्टरपंथी सोच के पीछे छुपे मकसद को उजागर करता है। कट्टरपंथी अतंकवाद का जनक है ये तो साफ है, क्योकि जैसे ही कट्टर सोच लोगो के मस्तिष्क को काबू करती है वैसे ही ये उनके मन से मानवता को खत्म कर आंतकवाद का बीज बो देती है। बन्दूक की नोक से अफगानिस्तान में सत्ता हासिल करने वाला तालिबान उसी कट्टरपंथी सोच का मारा है जो उसको हर समय बेतुकी बाते और आपराधिक वारदते करने पर मजबूर करता है। आज के समय भारत एक शशक्त देश के रूप में उभर रहा है जो शायद इन कट्टरपंथियो की आंखों में खटकता है, यही कारण है की आए दिन ये कट्टरपंथी भारत को गीदड़ भभकी देते है तथा गजनवी जैसे खलनायक को अपना नायक बताते है। हालांकि भारत इतना अटल और सहासी है की अगर लाख कोशिशे भी कि जाए तब भी भारत को दबाना मुश्किल है। हक्कानी जैसे लोग इस बात से वाकिब है, यदपि यही डर उन्हे भारत विरोधी हरकत और बेतुकी बयानबाजी करने पर मजबूर करता है।

- **निखिल रस्तोगी**, कुरुक्षेत्र विवि

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**जनता** भाजपा के भावनात्मक मुद्दों पर वोट नहीं देगी। छत्तीसगढ़ के चुनावों में जनता के मुद्दे हावी रहेंगे।

- **भूपेश बघेल**
छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री

**फरवरी** 2020 के बाद हमारे देश में बेरोजगारी दर 5 प्रतिशत से नीचे आ गई है। यह प्रगति का परिचायक है।

- **कमला हैरिस**
अमेरिकी उपराष्ट्रपति





**नेता** होने का अर्थ यह नहीं है कि आप लूटें। इसका अर्थ यह नहीं होता कि आप किसी पर भी फार्च्यूनर चढ़ा दें।

- **स्वतंत्र देव सिंह**
उप्र भाजपा अध्यक्ष

# संक्रमण से बचाव व उपचार की व्यवस्था दुरुस्त रखें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को लगातार मजबूत बनाये रखा जाये। प्रदेश में संक्रमण तेजी से कम हो रहा है किन्तु यह अभी समाप्त नहीं हुआ है। यह अतिरिक्त सतर्कता एवं सावधानी बरतने का समय है। उन्होंने कोविड प्रोटोकॉल का पूर्णतया पालन कराए जाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री मंगलवार को कोविड 19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि पिछले 24 घण्टों में राज्य में कोरोना संक्रमण के 20 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 17 व्यक्तियों को सफल उपचार के उपरान्त डिस्चार्ज किया गया। कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 145 है। प्रदेश के 39 जिलों में कोविड का एक भी मरीज नहीं है। प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रिकवरी दर 98.7 प्रतिशत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार लक्षित आयु वर्ग के सभी नागरिकों को कोरोना टीकाकरण का सुरक्षा कवच निःशुल्क उपलब्ध करा रही है। प्रदेश में टीकाकरण कार्य तेजी से किया जा रहा है। उन्होंने कोविड वैक्सीनेशन कार्य को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज के लिए पात्र लोगों का समय से टीकाकरण किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि राज्य में अब तक 11 करोड़ 65 लाख 55 हजार से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डेंगू, डायरिया, कॉलरा सहित विभिन्न विषाणुजनित व जीवाणुजनित बीमारियों से बचाव के लिए स्वच्छताए सैनिटाइजेशन और फॉगिंग का कार्य निरन्तर जारी रखा जाए। उन्होंने कहा कि संचारी रोगों से बचाव के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी 75 जनपदों में न्यूनतम एक एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए कृतसंकल्पित है। निरन्तर किये गये प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश के 59 जनपदों में न्यूनतम एक मेडिकल कॉलेज क्रियाशील हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि 16 जनपदों में पीपीपी मॉडल के आधार पर मेडिकल कॉलेज की स्थापना के सम्बन्ध में तेजी से प्रक्रिया पूरी कर ली जाएए ताकि मेडिकल कॉलेज की स्थापना का कार्य प्रारम्भ हो सके।

बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि नीति आयोग द्वारा आकांक्षात्मक जनपदों हेतु जारी की गई जुलाई-अगस्त 2021 की डेल्टा रैंकिंग में प्रदेश के 8 आकांक्षात्मक जनपदों में से 7 जनपदों ने देश में टॉप 10 में स्थान बनाया है। यह प्रदेश के लिए एक उपलब्धि है। नीति आयोग द्वारा आकांक्षात्मक जनपदों हेतु जारी की गई जुलाई अगस्त 2021 की डेल्टा रैंकिंग में फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, चित्रकूट, बहराइच, श्रावस्ती और चन्दौली सम्मिलित हैं।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते हुए

# नवरात्र नारी शक्ति और सम्मान का पर्वः सीएम योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र में महाअष्टमी एवं महानवमी पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी हैं। उन्होंने कहा कि नवरात्र नारी शक्ति और सम्मान का पर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगत की समस्त व्यवस्थाओं को आदिशक्ति भगवती संचालित करती हैं। इनके अनंत रूप हैं। आदिशक्ति प्रधान नौ रूपों में नवदुर्गा बनकर सम्पूर्ण पृथ्वीलोक पर अपनी करुणा की वर्षा करती हैं। नवरात्रि में माँ के इन नौ रूपों का पूजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव से किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र में माँ दुर्गा की आराधना मातृशक्ति के प्रति सनातन परम्परा के सम्मान का प्रतीक है। इसी क्रम में नवरात्र में महाअष्टमी एवं महानवमी पर भक्तगण कन्या पूजन करते हैं। नवरात्र का पर्व केवल व्रत और उपवास का नहीं, बल्कि नारी शक्ति और कन्याओं के सम्मान का भी पर्व है। मुख्यमंत्री ने लोगों से महाअष्टमी एवं महानवमी के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कोविड.19 के प्रोटोकॉल का पूर्ण पालन करने की अपील की है।

# तिलहन उत्पादन बढ़ाने को किसानों को मिलेगा 7281 कुंतल निशुल्क बीजः शाही

### ● प्रदेश के 3.50 लाख किसान होंगे लाभान्वित, 15000 रुपये प्रति हेक्टेयर का होगा अतिरिक्त लाभ



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कृषि** मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 13वीं पंचवर्षीय योजनान्तर्गत किसानों की आय को दोगुना किये जाने के लिए कई विकास योजनाएं चलाई जा रही हैं। भारत सरकार द्वारा देश में तिलहन का उत्पादन बढाये जाने हेतु विशेष कार्यक्रम के तहत भारतीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत किसानों को 7281 कुंतल बीज का 2-2 किग्रा की मिनी किट के रूप में निशुल्क वितरण किया जाएगा। इस कार्य पर लगभग 473.29 करोड़ रुपये का व्यय आएगा। श्री शाही ने यह बात मंगलवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस प्रकार भारत सरकार और राज्य सरकार का विशेष ध्यान तिलहन के अतिरिक्त उत्पादन पर है। इस कार्यक्रम से 5.82 लाख कुंतल राई-सरसों का अधिक उत्पादन हो सकेगा। साथ ही किसानों को भी 15000 रुपये प्रति हेक्टेयर का अतिरिक्त लाभ होगा। उन्होंने कहा कि सरसों राई का उत्पादन बढ़ाने हेतु प्रदेश के 70 जनपदों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के अंतर्गत इस कार्यक्रम को लागू किया जाएगा।

# राजस्थान में दलितों व छत्तीसगढ़ में आदिवासियों का शोषण कांग्रेस को नहीं दिखताः स्वतंत्र देव

### ● यूपी के सुशासन को बाधित करने के लिए पूरी ताकत लगाए हुए है कांग्रेसः भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा है कि जो सत्ता में रहने के लिए जनता को लूटने के लिए नौकरियों के नाम पर वसूली के लिए झोला लेकर निकलते थे अब अपनी खत्म हो चुकी सियासत व इकबाल को बचाने के लिए एसी रथ लेकर निकले हैं। पार्टी के नाम पर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी चलाने वाले ये चेहरे आज भी युवराज-महाराजा की मानसिकता में ही जी रहे हैं जबकि जनता ने परिवारवाद, भ्रष्टाचारवाद और सामंतवाद की राजनीति को खारिज कर उन्हें घर बिठा दिया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस, सपा, बसपा सहित विपक्षी दलों को अराजकता व लाश पर राजनीति करना ही सुहाती है। यही वजह है कि अपराध, भ्रष्टाचार, महिलाओं, दलितों के खिलाफ शोषण के अड्डे बन चुके कांग्रेसी राज्यों को छोड़कर उनके नेता उत्तर प्रदेश में राजनीतिक पर्यटन पर हैं। राजस्थान में उन्हें दलितों पर हो रहे अत्याचार, छत्तीसगढ़ में आदिवासियों का शोषण नहीं दिखता लेकिन यूपी के सुशासन को बाधित करने के लिए वह पूरी ताकत लगाए हुए हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिन्होंने अपने मंत्रिमंडल में भ्रष्टाचारियों और अपराधियों को सिरमौर की तरह सजा रखा था, आज वे कानून-व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। कानून-व्यवस्था की ही यह नजीर है कि सपा मुखिया सीएम रहते हुए भ्रष्टाचारियों को अपने साथ मंत्री बनाकर बिठाते थे और योगी जी की अगुवाई में भाजपा की सरकार बनते ही अपराधियों व माफिया का रसूख हवा हो गया और वे जेल पहुंच गए। जिन्होंने किसानों की जमीन पर कब्जे किए, उनके नाम पर राशन, सब्सिडी खा गए जिन्होंने चीनी मिल बेच डाली, गन्ने का दाम तक नहीं दिया आज वे किसान हितैषी बनने का नाटक कर रहे हैं लेकिन वह भूल चुके हैं कि प्रदेश का अन्नादाता उनके झूठ व भ्रष्टाचार के खर-पतवार को प्रदेश की राजनीति से उखाड़ फेंक चुका है। उससे पता है कि कोविड के संकट के दौरान घरों में कैद रहे विपक्षी चेहरे अब जब प्रदेश कोविड की दूसरी लहर पर नियंत्रण हो चुका है, तब मन बहलाने के लिए एसी बस लेकर निकले हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा जनता राज्य को लूटने वाले लोगों को फिर से सत्ता नहीं सौपेगी। जनता ने ईमानदार, परिश्रमी, कर्मठ और गरीबों का कल्याण करने वाले मोदी-योगी के नेतृत्व को स्वीकार कर लिया है।

# त्यौहारों पर सूबे में हों सुरक्षा के कड़े इंतजाम

### ● डीजीपी ने पुलिस अफसरों को किया अलर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** मुकुल गोयल ने सूबे के पुलिस अफ्सरों को अलर्ट किया है। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत उन्होंने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में डीजीपी की ओर से मंगलवार को समस्त जोनल एडीजी, चारों कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर, सभी रेंज के आईजी, डीआईजी और जिलों के पुलिस कप्तानों को परिपत्र जारी किया है। जिसमें कहा गया है कि शासन द्वारा जारी एसओपी, गाइड लाइन तथा मुख्यालय स्तर से समय समय पर निर्गत निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराते हुए गाइड लाइन के अनुरूप आगामी त्यौहारों को मनाये जाने हेतु जनमानस को जागरूक किया जाए। जारी निर्देशों में डीजीपी ने कहा है कि त्यौहार रजिस्टर में विगत वर्षों की प्रविष्टियों का अवलोकन करके पुराने एवं सम्भावित प्रकरणों का सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान कराना सुनिश्चित करें। प्रत्येक छोटी से छोटी घटना को गम्भीरता से लेते हुए अपने सहयोगी प्रशासनिक अधिकारियों के साथ



तत्काल घटना स्थल का निरीक्षण करें एवं विवाद को हल करने के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। बीट अधिकारी अपने अपने बीट का भ्रमण कर विवादों आदि की जांच कर लें। शान्ति समितियों की बैठक आयोजित कर संभ्रान्त नागरिकों, शान्ति समितियों, नागरिक सुरक्षा संगठन के सदस्यों आदि का सक्रिय सहयोग लिया जाए। नदियों के घाटों, सरोवरों आदि पर जल पुलिस व बाढ़ राहत पुलिस आदि की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

संवेदनशील स्थानों, चौराहों पर पर्याप्त जनशक्ति की तैनाती, सीसीटीवी कैमरा द्वारा सतर्कता बरती जाए। सादे वस्त्रों में पुरुष, महिला पुलिस कर्मी की तैनाती की जाए। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों पर सर्तक दृष्टि रखी जाए।

# अखिलेश ने की एसआईटी जांच की मांग

## उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग से 290 नवचयनित प्राचार्य के चयन का मामला

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश के उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग से 290 नवचयनित प्राचार्य के चयन में बड़े स्तर पर धांधलीबाजी की आशंका है। आयोग ने यूजीसी के नियमों से परे जाकर अपने लोगों की नियुक्तियों की चर्चा है। 15वर्ष की नियमित सेवा न होने पर भी नियुक्ति की, शोध की भी मनमानी व्याख्या की है। समाजवादी पार्टी अयोग्य व भ्रष्ट नौकरशाहो पर कड़ी कार्यवाही और योग्य अभ्यथियों को न्याय दिलाने के लिए एसआईटी से जांच कराने की मांग करती है। समाजवादी पार्टी की मांग है कि पहले परीक्षा परिणाम का परीक्षण कराया जाए फिर प्लेसमेंट की प्रक्रिया हो ताकि उत्तर प्रदेश के सभी महाविद्यालयों को ईमानदार, सत्यनिष्ठ प्राचार्य मिल सकें।

# भवन निर्माण श्रमिकों की जिन्दगी बदली



### ● यूपी में साढ़े 4 साल में 73,61,327 भवन निर्माण श्रमिकों का किया पंजीयन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** सरकार ने भवन और अन्य सन्निर्माण कार्यों से जुड़े श्रमिकों को आगे बढ़ाने के लिये कई बड़े कदम उठाए हैं। जिससे इनकी जिन्दगी में बड़ा बदलाव आया है। श्रमिकों के पंजीयन और नवीनीकरण में लिए जाने वाले शुल्क में छूट दी है। निर्माण कार्य की 40 प्रक्रियाओं में शामिल 73,61,327 श्रमिकों को 1 अप्रैल 2017 से 31 जुलाई 2021 तक पंजीकृत किया है। सरकार ने ऐसे निर्माण स्थलों जिन पर 10 या इससे अधिक निर्माण श्रमिक काम कर रहे हैं का पंजीकरण भी अनिवार्य किया है। रिहायशी भवनों की स्थिति में 10 लाख रुपये से अधिक लागत के भवनों पर इसी तरह का प्रावधान लागू किया है। श्रमिकों को लाभ देने की योजनाओं में शामिल करने के लिए सरकार ने 1 अप्रैल 2017 से 31 जुलाई 2021 तक ऐसे 1,23,625 निर्माण स्थलों का पंजीयन भी करा लिया है। जिससे अधिक से अधिक श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिया जा सके। विदित हो कि सरकार श्रमिकों को मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना प्रदान करने के साथ निर्माण कामगार मृत्यु, विकलांगता सहायता एवं अक्षमता पेंशन योजना का लाभ दे रही है। सरकार ने श्रमिकों के मेधावी बच्चों को पढ़ाने के लिए मेधावी छात्र पुरस्कार योजना चलाई है और संत रविदास शिक्षा सहायता योजना भी संचालित की है। श्रमिकों की कन्याओं के विवाह के लिए कन्या विवाह सहायता योजना भी बड़ा सहारा बनी है। श्रमिकों के परिवार को सुरक्षित और सुलभ जीवन यापन के लिए लगातार विभिन्न प्रयास करती चली आ रही है। सरकार का उद्देश्य समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

# वरिष्ठ अधिकारी बड़े निवेशकों से स्वयं संपर्क में रहें

### ● मुख्य सचिव ने की प्रोजेक्ट मानिटरिंग ग्रुप की बैठक की अध्यक्षता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव आरके तिवारी ने मंगलवार को प्रोजेक्ट मानिटरिंग ग्रुप की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सैनिक स्कूल गोरखपुर एवं अटल आवासीय विद्यालयों के निर्माण में गति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण करने के लिए कार्यवार टाइमलाइन बना ली जाए। मुख्य सचिव ने अपेक्षा की कि बड़े निवेशकों से औद्योगिक विकास विभाग के सीनियर अधिकारी स्वयं सम्पर्क में रहें तथा अधीनस्थ उसका नियमित फालोअप करते रहें।

इन्वेस्टर्स समिट के दौरान किये गये एमओयू के क्रियान्वयन की प्रगति समीक्षा में बताया गया कि एमओयूए 221 एमओयू प्रस्तावित निवेश 52659.56 करोड़ रुपये में उत्पादन शुरू हो गया है। 141 एमओयू, प्रस्तावित निवेश 37272.57 करोड़ रुपये में तेजी से काम चल रहा है। 441 एमओयू प्रस्तावित निवेश 75134.17 करोड़ रुपये क्रियान्वयन की एडवान्स प्रक्रिया में है। अगस्त में 5 एमओयू निवेश करीब 289 करोड़ रुपये पर कार्य शुरू हो गया है। औरेय्या प्लास्टिक सिटी के विकास की समीक्षा में बताया गया कि औद्योगिक क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, पुलिया, नाली, बाउण्ड्रीवाल, सीवर लाइन एवं जलापूर्ति से सम्बन्धित सभी निर्माण कार्य कराये जा चुके हैं। रियायती दरों पर आवंटियों को कच्चा माल, गैस सप्लाई करने एवं उनका मार्गदर्शन करने के लिए गेल के साथ एमओयू हस्ताक्षर किए गए हैं। 8 पट्टा आवंटियों द्वारा भूमि पर कब्जा प्राप्त कर लिया गया है तथा 4 ने निर्माण कार्य भी प्रारंभ कर दिया है। अब तक 77 निवेशकों का भूमि आवंटित की जा चुकी हैं। अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरीडोर की प्रगति समीक्षा में बताया गया कि प्रयागराज में 1139 एकड़ तथा आगरा में 1050 एकड़ भूमि कॉरीडोर के लिए चिन्हित की गई है जिसे भारत सरकार द्वारा भी अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। प्रयागराज के लिए कन्सल्टेन्ट के चयन के लिए टेण्डर प्रक्रिया प्रचलित है। आगरा के के लिए कन्सल्टेन्ट का चयन किया जा चुका है तथा डीपीआर व प्रारंभिक डिजाइन तैयार कराने की कार्यवाही की जा रही है। दिल्ली-मुम्बई इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर की प्रगति समीक्षा में बताया गया कि भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही प्रगति पर है। 83.1839 हेक्टेयर भूमि अर्जन से सम्बन्धित धारा-19 की कार्यवाही प्रचलित है तथा नवम्बर 2021 तक भूमि पर कब्जा दे दिया जायेगा। रेलवे अधिनियम के अन्तर्गत अन्य 26.0343 हेक्टेयर भूमि के अर्जन की कार्यवाही भी प्रगति पर है।

# कांग्रेसी सरकारों की नजर में दलित की न पहले अहमियत थी और न अबः मायावती

**लखनऊ।** राजस्थान में दलित की पीट पीट कर की गई हत्या के मामले में कांग्रेस की चुप्पी पर एक बार फिर बसपा सुप्रीमो मायावती ने सवाल उठाए हैं। यही नही मायावती ने यह भी कहा कि कांग्रेस सरकारों की नजर में दलित की न पहले अहमियत थी और न अब है। मंगलवार को ट्वीट करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि कांग्रेस शासित राजस्थान की ताज़ा घटना में एक दलित की पीट पीट कर की गई निर्मम हत्या की चर्चा व उसकी निन्दा पूरे देश भर में हुई किन्तु कांग्रेस का नेतृत्व न केवल खुद चुप ही रहा बल्कि अपने दलित नेताओं के भी बोलने पर पाबन्दी लगाकर उनकी जुबान बंद कर दी है, यह अति दुःखद व शर्मनाक। जो यह साबित करता है कि कांग्रेस पार्टी व इनकी सरकारों की नजर में दलितों की न तो पहले कोई अहमियत थी और न ही अब उनके जान माल व सुरक्षा की कोई खास परवाह है।

# सपा ने मनाई लोहिया की 54वीं पुण्यतिथि

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी आंदोलन के महानायक डॉ राम मनोहर लोहिया की 54वीं पुण्यतिथि मंगलवार को लखनऊ तथा विभिन्न जनपद कार्यालयों में सादगी से मनाई गई। लखनऊ में आज मुख्य आयोजन लोहिया पार्क गोमती नगर में हुआ। इसके पूर्व समाजवादी पार्टी मुख्यालय में भी डॉ राम मनोहर लोहिया के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इसके अतिरिक्त लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ में भी डॉ लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। लोहिया पार्क गोमती नगर में डॉ लोहिया की प्रतिमा पर राम गोविन्द चौधरी नेता विरोधी दल विधान सभा, अहमद हसन नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने पुष्पांजलि अर्पित की। डॉ लोहिया को श्रद्धांजलि देते हुए वक्ताओं ने कहा कि आजादी के बाद देश की चेतना को झकझोरने का काम डॉ लोहिया ने किया। उनका चिंतन जड़ मान्यताओं के विरूद्ध रहता था। उन्होंने देश के पिछड़ों वंचितों, गरीबों के लिए आजीवन संघर्ष किया।



# शहीद किसानों की अंतिम अरदास सभा में शामिल हुईं प्रियंका गांधी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखीमपुर** में पिछली 3 अक्टूबर को हुई हिंसा के शिकार किसानों की अंतिम अरदास में भाग लेने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा मंगलवार को पहुंची। प्रियंका वाड्रा सुबह करीब साढ़े 8 बजे दिल्ली से लखनऊ हवाई अड्डे पहुंचीं। जहां से उनका काफिला लखीमपुर के लिए रवाना हो गया। सीतापुर टोल प्लाजा पर कांग्रेस महासचिव के भारी भरकम काफिले को सुरक्षा बलों ने कोविड प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए रोकने का प्रयास किया जिसको लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच नोकझोंक हुई थी। आखिरकार काफिले में शामिल कुछ वाहनों को रोक कर काफिला आगे के लिए रवाना कर दिया गया।

पार्टी प्रवक्ता जावेद अहमद वारसी ने बताया कि भाजपा सरकार ने पूरी कोशिश की कि प्रियंका गांधी शहीद किसानों की अरदास सभा मे न पहुंच पाए लेकिन प्रियंका गांधी वहां पहुंची और किसानों को श्रद्धांजलि सभा में श्रद्धांजलि दी। उनके साथ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू मौजूद रहे और साथ पहुंचने वालों में प्रमुख रूप से सांसद दीपेंदर हुड्डा, विधायक मसूद अख्तर, विधायक नरेश सैनी, राष्ट्रीय सचिव रोहित चौधरी, तौकीर आलम व प्रदीप नरवाल, पूर्व सांसद जफर अली नकवी, पूर्व मंत्री व मीडिया प्रभारी नसीमुद्दीन सिद्दीकी, प्रिंट मीडिया संयोजक अशोक सिंह शामिल थे। प्रवक्ता ने बताया कि प्रियंका गांधी शहीद हुए किसानों के परिवारों से मिलीं और एक बार फिर पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया। प्रवक्ता ने बताया कि प्रियंका गांधी ने पत्रकारों के सवाल करने पर कहा कि आज मैं अंतिम अरदास की सभा में आई हूं, इसलिए कुछ बोलूंगी नहीं, हां यह जरूर है की अंतिम सांस तक किसानों की न्याय की लड़ाई लड़ूंगी।

# अब हर पोलिंग बूथ पर 12 सौ मतदाता ही डाल सकेंगे वोट

## प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के साथ की बैठक




### ● यूपी में अब पोलिंग सेंटर की संख्या बढ़कर 174351 हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोविड** को देखते हुए सरकार अब विधान सभा चुनाव में सभी नियमों को ध्यान में रखते हुए हर मतदान स्थल पर 12 सौ लोगों को वोटिंग का अधिकार देगी जबकि पहले यह संख्या करीब 14 सौ तक थी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने मंगलवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक कर चुनाव आयोग के इस निर्णय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रति मतदेय स्थल अधिकतम 1200 मतदाताओं के आधार पर मतदेय स्थलों के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया है। सम्भाजन के पश्चात प्रदेश में मतदेय स्थलों की कुल संख्या 174351 हो गई है।

प्रदेश में मतदेय स्थलों की संख्या में 9879 की वृद्धि हुई है। राजनैतिक दलों को बताया गया कि पहली जनवरी 2022 के आधार पर निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के संबन्ध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन पहली नवंबर को किया जाएगा। अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी 2022 को किया जाएगा। राजनैतिक दलों को चार विशेष अभियान तिथियों 7, 13, 21 व 28 नवंबर के संबन्ध में भी अवगत कराया गया। राजनैतिक दलों से दल के बूथ लेवल एजेण्टों की नियुक्ति का भी अनुरोध किया गया ताकि वह बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर स्वच्छ मतदाता सूची बनाने में सहयोग प्रदान करें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों से सभी अर्ह मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने में सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा युवा एवं महिला मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने पर विशेष बल दिया गया।

# शराब फैक्ट्री में करोड़ों की टैक्स चोरी में 25 हजार का ईनामी एचआर हेड गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सहारनपुर** के टपरी स्थित कोऑपरेटिव शराब फैक्ट्री के करोड़ों की टैक्स चोरी के मामले में एसटीएफ की टीम ने 25 हजार के इनामी एचआर व लीगल हेड वीरेंद्र शंखवार को गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार किया है।

बीते मार्च माह में सहारनपुर की टपरी स्थित शराब फैक्ट्री में करोड़ों की चोरी पकड़ी गई थी। यूपी एसटीएफ को शिकायत मिली थी कि फैक्ट्री एवं स्थानीय डिस्ट्रीब्यूटरों और आबकारी विभाग की मिलीभगत से भारी मात्रा में टैक्स एवं एक्साइज ड्यूटी की चोरी की जा रही है। टैक्स इनवॉइस या गेटपास पर एक ही गाड़ी से दो बार शराब निकाल कर वेयर हाउसों में पहुंचाई जा रही थी जिससे एक चक्कर में करीब 32 लाख रुपये की चोरी की जा रही थी। इस मामले में एसटीएफ ने यूनिट हेड समेत छह लोगों को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद इस मामले की तफ्तीश एसआईटी को सौंप दी गई थी। पकड़े गए अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह स्नातक की पढ़ाई पूरी कर वर्ष 2001 से वर्ष 2012 तक नोएडा अथॉरिटी मे ठेकेदारी एवं स्टोन डस्ट, रोड़ी सीमेन्ट की सप्लाई का काम करता था। वर्ष 2012 मे को.ऑपरेटिव कम्पनी टपरी सहारनपुर में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर नियुक्त हुआ था तथा वर्ष 2019 से एचआर हेड-लीगल हेड के पद पर कार्यरत था। गिरफ्तार अभियुक्त को थाना एसआईटी लखनऊ पर उपरोक्त अभियोग मे दाखिल किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही एसआईटी लखनऊ द्वारा की जा रही है।

# स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 को मंजूरी

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय मंत्रिमंडल** ने स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) को 2025-26 तक जारी रखने को मंगलवार को मंजूरी प्रदान कर दी जिसका लक्ष्य स्वच्छता और ठोस कचरा प्रबंधन के परिणामों को बनाए रखना एवं उनकी गति बढ़ाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकारी बयान के अनुसार, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत खुले में शौच से मुक्ति (ओडीएफ) के परिणामों पर जोर दिया जाएगा। साथ ही सभी शहरों में ठोस कचरे का वैज्ञानिक प्रसंस्करण शुरू किया जाएगा। इसमें कहा गया है कि मिशन के तहत जनगणना 2011 में। लाख से कम आबादी वाले शहरों में अपशिष्ट जल के प्रबंधन पर जोर दिया जाएगा। इनमें ऐसे शहर हैं जिन्हें अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) में शामिल नहीं किया गया था। बयान के अनुसार, 2021-22 से 2025-26 की अवधि के लिए, 36,465 करोड़ रुपए की केंद्रीय हिस्सेदारी के साथ स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के वास्ते कुल 1,41,600 करोड़ रुपए का वित्तीय परिव्यय तय किया गया है। यह मिशन के पिछले चरण के 62,009 करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय से 2.5 गुना ज्यादा है। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के स्वच्छता आयाम के तहत सभी सांविधिक शहरों को कम से कम खुले में शौच से मुक्त (ओडीएफ) प्लस बनाना तथा। लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों को ओडीएफ प्लस प्लस बनाना है। इसमें अपशिष्ट जल का सुरक्षित तरीके के साथ शोधन हो और अधिकतम उपयोग पर भी जोर दिया जाएगा। मिशन के तहत ठोस कचरा प्रबंधन के तहत इस बात पर ध्यान दिया जाएगा कि सभी शहरों को कम से कम 3 स्टार कचरा मुक्त प्रमाणन हासिल हो। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री द्वारा। अक्टूबर 2021 को शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 का मुख्य जोर अगले 5 साल में अब तक हासिल की गई स्वच्छता और ठोस कचरा प्रबंधन के परिणामों को बनाए रखना व उनकी गति बढ़ाने पर होगा, ताकि मिशन के कचरा मुक्त शहरी भारत के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

मिशन के विभिन्न भागों का कार्यान्वयन एक व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से किया जाएगा, जिसमें आवश्यक आधारभूत ढांचे का विश्लेषण, 5 वर्षीय विस्तृत कार्य योजना और समयसीमा के साथ वार्षिक कार्य-योजनाएं शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि प्रत्एक शहर में सिंगल यूज प्लास्टिक को चरणबद्ध रूप से समाप्त करने पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा, साथ ही राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) वाले शहरों और 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में निर्माण और तोड़-फोड़ (सीएंडडी) अपशिष्ट प्रसंस्करण सुविधाओं की स्थापना की जाएगी। बयान के अनुसार, सभी पुराने कचरा स्थलों के जीर्णोद्धार पर जोर दिया जाएगा ताकि 15 करोड़ टन पुराने कचरे से ढकी 14,000 एकड़ भूमि को मुक्त किया जा सके।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले

### सैनिक स्कूल सोसाइटी के साथ सरकारी, निजी क्षेत्र के 100 विद्यालयों की संबद्धता को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सैनिक स्कूल सोसाइटी के साथ सरकारी और निजी क्षेत्र के 100 विद्यालयो की संबद्धता को मंगलवार को मंजूरी दे दी जिसका मकसद बच्चो मे मूल्य आधारित शिक्षा, चरित्र के साथ प्रभावी नेतृत्व, अनुशासन आदि को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सरकारी बयान मे कहा गया है कि ए विद्यालय विशिष्ट स्तंभ के रूप मे कार्य करेंगे जो रक्षा मंत्रालय के मौजूदा सैनिक स्कूलों से विशिष्ट और भिन्न होंगे। बयान के अनुसार, प्रथम चरण में 100 संबद्ध होने वाले भागीदारों को राज्योंएनजीओ निजी भागीदारों से लिया जाना प्रस्तावित है। इसमे कहा गया है कि अकादमिक वर्ष 2022-23 की शुरुआत से ऐसे 100 संबद्ध स्कूलों में करीब 5,000 छात्रों के छठी कक्षा मे प्रवेश लेने की उम्मीद है। सरकार का कहना है कि सैनिक स्कूलों ने आकांक्षी माता-पिता और बच्चों की पहुंच के भीतर न केवल मूल्य आधारित उत्तम गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान की बल्कि साधारण पृष्ठभूमि से उच्चतम स्तर पर पहुंचते हुए विद्यार्थियों का गौरवशाली इतिहास भी प्रस्तुत किया है। इन कारकों की वजह से और अधिक संख्या मे नए सैनिक स्कूल खोलने की मांग हमेशा बढ़ती रही है।



बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल देवगन नॉर्थ बॉम्बे सर्बोजेनिन दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में पूजा करती हुई

## 70 करोड़ के अंतरप्रांतीय मादक पदार्थ कांड में गुजरात से एक तस्कर पकड़ा

**इंदौर।** मध्य प्रदेश पुलिस ने 70 करोड़ रुपए के अंतरप्रांतीय मादक पदार्थ कांड मे एक तस्कर को पड़ोसी राज्य गुजरात से गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही मामले में अब तक गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर 37 पर पहुंच गई है। अपराध निरोधक शाखा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) गुरुप्रसाद पाराशर ने मंगलवार को बताया कि अंतरप्रांतीय मादक पदार्थ कांड की जांच में मिले सुरागों के आधार पर अहमदाबाद से मोहम्मद हुसैन उर्फ टेम्पो शेख (50) को गिरफ्तार किया गया। एएसपी ने बताया, टेम्पो शेख के तार उस बड़े गिरोह से जुड़े है जिसके कब्जे से पांच जनवरी को इंदौर में 70 किलोग्राम एमडीएमए जब्त किया गया था।

## अनुभवी तमिल अभिनेता श्रीकांत का निधन

**चेन्नई।** दिवंगत जे जयललिता के साथ 1965 मे आई फिल्म वेन्निरा अदई से अपने करियर की शुरुआत करने वाले अनुभवी तमिल अभिनेता श्रीकांत का मंगलवार को यहां निधन हो गया। फिल्म उद्योग के सूत्रों के अनुसार वह 82 वर्ष के थे। कलाकारों के संघ नदिगर संगम के आधिकारिक ट्वीटर हैंडल पर कहा गया, ईश्वर आपकी आत्मा को शांति दें श्रीकांत। 40 साल के अपने फिल्मी करियर मे श्रीकांत ने नायक और खलनायक के अलावा विभिन्न भूमिकाएं निभाई। वेन्निरा अदई (सफेद कपड़ा) का निर्देशन दिवंगत सीवी श्रीधर ने किया था। उन्हे दिवंगत शिवाजी गणेशन, रजनीकांत और कमल हासन समेत तमिल सिनेमा के दिग्गज कलाकारो की फिल्मो मे कई सहायक भूमिकाएं निभाने के लिए जाना जाता है। उनके यादगार किरदारो मे 1974 मे आई सुपरहिट फिल्म थंगा पठक्कम मे एक सख्त पुलिस अधिकारी के बागी बेटे की निभाई भूमिका भी शामिल है।

## माकपा नेताओं की हत्या के प्रयास के मामले में आईयूएमएल के 12 कार्यकर्ता बरी

**कन्नूर (केरल)।** एक स्थानीय अदालत ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता पी. जयराजन और पूर्व विधायक टी वी राजेश पर फरवरी 2012 मे किए गए हमले के आरोपी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के 12 कार्यकर्ताओं को मंगलवार को बरी कर दिया। आईयूएमएल कार्यकर्ताओ पर जयराजन और राजेश की हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, उत्तर केरल मे कन्नूर जिले के अरियिल गांव मे आईयूएमएल कार्यकर्ताओ ने 20 फरवरी, 2012 को जयराजन और राजेश पर उस वक्त हमला किया था, जब वे आईयूएमएल और माकपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की जानकारी पाकर तालीपरम्बा के पास पट्टुवम जा रहे थे।

## आईआईएम इंदौर ने एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया से मिलाया हाथ

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** देश मे लोक स्वास्थ्य सेवाओ की बेहतरी की दिशा मे काम करने के लिए इंदौर के भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) ने दवा कम्पनी एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया से मंगलवार को हाथ मिलाया। आईआईएम की ओर से जारी विज्ञप्ति मे बताया गया कि इस गठजोड़ को लेकर आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय और एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया के भारत प्रमुख गगनदीप सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आयोजित कार्यक्रम मे हिस्सा लिया और इस आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। विज्ञप्ति के मुताबिक, इस गठजोड़ का मकसद देश मे लोक स्वास्थ्य और इस क्षेत्र की नीतियो के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। गठजोड़ के तहत लोक स्वास्थ्य क्षेत्र मे बिग डेटा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) सरीखी नई तकनीकों के इस्तेमाल को लेकर साझा शोध किया जाएगा।

# पीएम बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए गतिशक्ति योजना की शुरुआत करेंगे

भाषा। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए समग्र योजना को संस्थागत रूप देकर विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी के मुद्दे के समाधान को लेकर पीएम-गतिशक्ति परियोजना की शुरुआत करेंगे।

इसे देश के बुनियादी ढांचे के परिदृश्य के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने मंगलवार को कहा कि गतिशक्ति परियोजना विभागीय रुकावटों को खत्म कर देगी और प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में हितधारकों के लिए समग्र योजना को संस्थागत रूप देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया और आधिकारिक बयान को साझा करते हुए लिखा, महाअष्टमी के पावन अवसर पर 13 अक्टूबर को दिन में 11



बजे पीएम गतिशक्ति-मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी के लिए राष्ट्रीय मास्टर प्लान की शुरुआत की जाएगी। यहां बताया गया है कि यह पहल क्यों खास है। सभी विभागों को एक केंद्रीकृत पोर्टल के माध्यम से एक-दूसरे की परियोजनाओं का पता चलेगा और मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी लोगों, वस्तुओं और सेवाओं के आदान-प्रदान के लिए एकीकृत और निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। पीएमओ ने कहा कि गतिशक्ति परियोजना व्यापकता, प्राथमिकता, अनुकूलन, समकालीन और विश्लेषणात्मक तथा गतिशील होने के छह स्तंभों पर आधारित है। यह बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगा, रसद लागत में कटौती करेगा, आपूर्ति श्रृंखला में सुधार करेगा और स्थानीय वस्तुओं को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना देगा। यह देखते हुए कि विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की कमी सहित कई मुद्दों से देश में दशकों से बुनियादी ढांचे का निर्माण प्रभावित हुआ, पीएमओ ने भूमिगत केबल बिछाने, गैस पाइपलाइन जैसी गतिविधियों के लिए अन्य एजेंसियों द्वारा खोदी जा रही नव-निर्मित सड़कों का उदाहरण दिया। पीएमओ ने कहा, इससे न केवल बड़ी असुविधा होती है बल्कि यह एक फिजूलखर्ची भी है। साथ ही कहा कि समन्वय में सुधार के लिए उपाय किए गए हैं।

# मुंद्रा बंदरगाह से हेरोइन जब्ती का मामला : एनआईए ने दिल्ली-एनसीआर में छापे मारे

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रीय अन्वेषण** अभिकरण (एनआईए) ने गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर 2,988 किलोग्राम हेरोइन की जब्ती की जांच के सिलसिले में मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कई स्थानों पर छापे मारे। एजेंसी ने बताया कि दिल्ली के लाजपत नगर, अलीपुर और खेरा कलां इलाकों में आवासीय परिसरों और गोदामों तथा नोएडा में कुछ परिसरों पर छापे मारे गए। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा, विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज, लेख और सामान जब्त किए गए हैं। संघीय एजेंसी ने इस महीने की शुरुआत में केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) से मामले को अपने हाथ में लिया था और स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस कानून) तथा गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) की धाराओं के तहत आपराधिक शिकायत दर्ज की थी। एनआईए ने मामला दर्ज करने के तुरंत बाद भी छापेमारी की थी। एनआईए के एक अधिकारी ने बताया था कि मामला मुंद्रा बंदरगाह पर 2,988.21 किलोग्राम मादक पदार्थ (हेरोइन) की जब्ती और खेप की खरीद और वितरण में विदेशी नागरिकों की संलिप्तता से संबंधित है। डीआरआई ने 13 सितंबर को दो कंटेनरों को कब्जे में लिया था जो अफगानिस्तान के कंधार से ईरान के बांदर अब्बास बंदरगाह से होते हुए मुंद्रा बंदरगाह पहुंचे थे।

## मप्र: एसडीएम के घर नकदी और गहने न मिलने पर नाराजगी भरा पत्र छोड़ने वाले दो चोर गिरफ्तार

**देवास (मप्र)।** मध्य प्रदेश के देवास जिले के एक सरकारी अधिकारी के घर मे पर्याप्त नकदी एवं बहुमूल्य सामान नही मिलने से नाराज होकर वहां एक पत्र लिखकर छोड़ जाने वाले दो चोरों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। ये मामला सोमवार को प्रकाश में आया था।


पूर्वोत्तर रेलवे

शुद्धि पत्र

यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर के विद्युत विभाग में ई-निविदा सं. EL-MWS-GKP-2021-22-09 जो दिनांक 14.10.2021 को खोली जानी थी वह अब दिनांक 21.10.2021 को समय 15:30 बजे खोली जायेगी। इसे वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार)
मुजाधि/विद्युत-54 गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"



बिक्री सूचना

निम्नलिखित आस्ति अधोवर्णित मामले में, न्यायालय के आदेशों के अनुसार, बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसा है जहां है आधार" तथा "जैसा है जो है आधार" पर नीलामी के माध्यम से बेची जाएगी :-

| वाद विवरण | आस्ति विवरण | सुरक्षित मूल्य | ईएमडी |
| --- | --- | --- | --- |
| आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड बनाम राहुल यादव वाद सं. – 222/2020 | वाहन नंबर – यूपी14ईटी0642, मेक तथा माडल – टाटा एस, विनिर्माण वर्ष – 2014 | 40,000/– | 4,000/– |

नीलामी की तिथि एवं समय : 28 अक्टूबर, 2021 (11AM से 2PM)
नीलामी का स्थान : ए.एन. मोटर्स, 14केएम स्टोन, आगरा-मथुरा रोड, रूनक्ता, आगरा-282007
सम्पर्क व्यक्ति :- श्री विजय शर्मा (9372730494)/श्री जितेन्द्र कुमार (73049 14763)
ईएमडी : ईएमडी राशि का डीडी/पीओ आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के पक्ष में दिल्ली में देय बनाया जाना है।

| वाद विवरण | आस्ति विवरण | सुरक्षित मूल्य | ईएमडी |
| --- | --- | --- | --- |
| आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड बनाम मुनीर खान वाद सं. – 229/2020 | वाहन नंबर – यूपी16एएच0220, मेक तथा माडल – फोर्ड इंडिया लिमिटेड, इन्डेवलर एक्सएलटी, विनिर्माण वर्ष – 2011 | 90,000/– | 9,000/– |

नीलामी की तिथि एवं समय : 28 अक्टूबर, 2021 (11AM से 2PM)
नीलामी का स्थान : जेसीएस फाइनैंशियल सर्विसेज ऐंड पार्किंग सिक्योरिटी, प्लॉट नंबर 112, ओल्ड रायपुर रोड, पाकरी, निकट किशन नगर, कानपुर नगर, पिन 209304, उत्तर प्रदेश
सम्पर्क व्यक्ति :- श्री अविनाश श्रीवास्तव (8953652366)/श्री जितेन्द्र कुमार (73049 14763)
ईएमडी : ईएमडी राशि का डीडी/पीओ आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के पक्ष में दिल्ली में देय बनाया जाना है।

| वाद विवरण | आस्ति विवरण | सुरक्षित मूल्य | ईएमडी |
| --- | --- | --- | --- |
| आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड बनाम नौशाद व अन्य, वाद सं. सीएस (COMM)– 2894/2019 | वाहन नंबर – यूपी14एच0टी8453, मेक तथा माडल – टाटा 1512, विनिर्माण वर्ष – 2019 | 13,00,000/– | 1,30,000/– |

नीलामी की तिथि एवं समय : 29 अक्टूबर, 2021 (11AM से 2PM)
नीलामी का स्थान : मो0 नासीर खान ऐंड पार्किंग सिक्योरिटी, छीनहाट, लखनऊ-226028
सम्पर्क व्यक्ति :- श्री अविनाश कुमार (8953652366)/श्री जितेन्द्र कुमार (73049 14763)
ईएमडी : ईएमडी राशि का डीडी/पीओ आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के पक्ष में दिल्ली में देय बनाया जाना है।

बिक्री की शर्तें

उक्त आस्ति का यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार वर्णित किया गया है, जो तथापि, उक्त विवरण में किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। अतएव इच्छुक प्रतिभागी/प्रतिभागियों से उनके अपने हित में अनुरोध है कि वे बोली देने से पहले उक्त आस्ति और उससे संबंधित अन्य विवरण के बारे में अपनी संतुष्टि कर लें।
सभी बोलीदाताओं को नीलामी में भाग लेने के लिए ईएमडी राशि के मूल डीडी/पीओ तथा मूल केवाईसी प्रमाणों के साथ साइट पर आना होगा।
सफल अनुमोदित बोलीदाता को बिक्री राशि (ईएमडी राशि घटाकर) पे ऑर्डर/डिमांड ड्राफ्ट/आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से नीलामी की तिथि से 5 दिन के भीतर जमा करनी होगी। यदि आप शेष राशि 5 दिन के भीतर जमा करने में असफल रहते हैं, तो आपकी ईएमडी राशि जब्त कर ली जाएगी।
इच्छुक बोलीदाता उक्त दृष्टिबंधित वाहन के विस्तृत विवरण के लिए आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005 पधार सकते हैं।


# मालाबार युद्धाभ्यास के दूसरे चरण की बंगाल की खाड़ी में शुरुआत

भाषा। नई दिल्ली

क्वाड के चारों देशों -- भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाओं के मालाबार युद्धाभ्यास के दूसरे चरण की शुरुआत मंगलवार को बंगाल की खाड़ी में हुई। अमेरिका ने चार दिवसीय युद्धाभ्यास के लिए अपने परमाणु सक्षम विमानवाहक पोत कार्ल विंसन को तैनात किया है। पहले चरण का युद्धाभ्यास 26 से 29 अगस्त तक पश्चिमी प्रशांत महासागर के गुआम तट पर हुआ था। भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने कहा कि मालाबार युद्धाभ्यास के दूसरे चरण में कई जटिल अभ्यास होंगे, जिनमें कई पोत एवं चारों नौसेनाओं के अन्य युद्धक साजो-सामान शामिल होंगे। भारतीय नौसेना ने आईएनएस रणविजय और आईएनएस सतपुरा, एक पनडुब्बी और पी8आई समुद्री गश्ती विमान के बेड़े को तैनात किया है।

## सिद्धू 14 को वेणुगोपाल और रावत से मुलाकात करेंगे, विवाद सुलझने के आसार

**नई दिल्ली।** पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले नवजोत सिंह सिद्धू आगामी 14 अक्टूबर को पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल और प्रदेश प्रभारी हरीश रावत से मुलाकात करेंगे। रावत ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। नवजोत सिंह सिद्धू कुछ संगठनात्मक मामलों को लेकर 14 अक्टूबर को शाम छह बजे मुझसे और वेणुगोपाल से मुलाकात करेंगे।


बिक्री सूचना

निम्नलिखित आस्ति अधोवर्णित मामले में, न्यायालय के आदेशों के अनुसार, बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसा है जहां है आधार" तथा "जैसा है जो है आधार" पर नीलामी के माध्यम से बेची जाएगी :-

| वाद विवरण | आस्ति विवरण | सुरक्षित मूल्य | ईएमडी |
| --- | --- | --- | --- |
| आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड बनाम आशुतोष वशिष्ठ वाद सं. – सीएस (सीओएमएम) सं. 613/19 | वाहन नंबर – यूपी14डीएच3223, मेक तथा माडल – हुंडई मोटर्स लिमिटेड आई10 मैग्ना, 1.1 विनिर्माण वर्ष – 2017 | 2,34,000/– | 23,400/– |

नीलामी की तिथि एवं समय : 28 अक्टूबर, 2021 पूर्वा. 11 बजे से अप. 2 बजे तक
नीलामी का स्थान : https://bidkaro.net/
ईएमडी : ईएमडी राशि का डीडी/पीओ आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के पक्ष में दिल्ली में देय बनाया जाना है।
प्रबंधक :- श्री अविनाश श्रीवास्तव (8953652366)/श्री जितेन्द्र कुमार (73049 14763)

बिक्री की शर्तें

उक्त आस्ति का यहां ऊपर विनिर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार वर्णित किया गया है, जो तथापि, उक्त विवरण में किसी त्रुटि, मिथ्याकथन अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। अतएव इच्छुक प्रतिभागी/प्रतिभागियों से उनके अपने हित में अनुरोध है कि वे बोली देने से पहले उक्त आस्ति और उससे संबंधित अन्य विवरण के बारे में अपनी संतुष्टि कर लें। सभी बोलीदाताओं को ऑनलाइन नीलामी में भाग लेने हेतु ईएमडी राशि का मूल डीडी/पीओ स्व-सत्यापित केवाईसी प्रमाणों के साथ 27 अक्टूबर, 2021 पूर्वा. 03 बजे से पहले जमा करना होगा।

इच्छुक बोलीदाता उक्त दृष्टिबंधित वाहन के विस्तृत विवरण तथा निरीक्षण के लिए हमें कॉल कर सकते हैं।



कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता,
उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी
दूरभाष कार्यालय/फैक्स : 05946-220776 ई-मेल : eehal-ujs-uk@nic.in

पत्रांक : 2799/निविदा/300 दिनांक : 12.10.2021

निविदा सूचना

एतदद्वारा शाखा हल्दानी के अन्तर्गत निम्न कार्यों हेतु उत्तराखण्ड जल संस्थान वृत्त-हल्द्वानी/महाप्रबन्धक नैनीताल/मुख्य महाप्रबन्धक, कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 28.10.2021 के अपरान्ह 3.00 बजे तक टैण्डर बाक्स के माध्यम से निविदा आमन्त्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति दोनों दशाओं में खोली जायेगी।

| निविदा संख्या | योजना/कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य की श्रेणी | वैधता |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 21/2021-22 | खनन मद के अन्तर्गत कुसुमखेड़ा नगरीय पेयजल योजना के रामपुर रोड क्षेत्र में राईजिंग मेन, पाईप लाईन विस्तार एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs. 2000.00+360.00 (GST 18%)= 2360.00 | डी/उच्च श्रेणी | 90 दिन |
| 22/2021-22 | शाखा हल्द्वानी की पनियाली पेयजल योजनान्तर्गत जय गंगा इन्क्लेव बिठोरिया न0-1 क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण हेतु पाईप लाईन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs. 500.00+90.00 (GST 18%)= 590.00 | डी/उच्च श्रेणी | 60 दिन |
| 23/2021-22 | शाखा हल्द्वानी की पनियाली पेयजल योजनान्तर्गत देवभूमि इन्क्लेव बिठोरिया न0-1 क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण हेतु पाईप लाईन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs. 500.00+90.00 (GST 18%)= 590.00 | डी/उच्च श्रेणी | 60 दिन |
| 24/2021-22 | शाखा हल्द्वानी की हल्द्वानी नागरीय पेयजल योजनान्तर्गत बरेली रोड, समता आश्रम गली में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण हेतु पाईप लाईन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs. 1000.00+180.00 (GST 18%)= 1180.00 | डी/उच्च श्रेणी | 60 दिन |
| 25/2021-22 | शाखा हल्द्वानी की दमुवाढूँगा पेयजल योजनान्तर्गत कैलाशव्यू कॉलोनी क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ीकरण हेतु पाईप लाईन बिछाने एवं तत्सम्बन्धी कार्य। | Rs. 1000.00+180.00 (GST 18%)= 1180.00 | डी/उच्च श्रेणी | 60 दिन |

शर्तें :- 1. निविदा प्रपत्र के लिफाफे पर कार्य का नाम/निविदा संख्या अंकित करना अनिवार्य है।
2. निविदा प्रपत्र निर्धारित धनराशि जमा करने पर कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, तिकोनिया हल्द्वानी से दिनांक 14.10.2021 से 27.10.2021 तक किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से सांय 5.00 बजे तक क्रय की जा सकती है। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र मांगे जाने पर रू0 100.00 अतिरिक्त देय होगा।
3. निविदा के साथ संलग्न Bid Security Declaration भरा जाना अनिवार्य होगा।
4. उक्त किसी भी तिथियों को अवकाश होने की स्थिति में अगला कार्यदिवस मान्य होगा।
5. उपरोक्त निविदा सूचनामें यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी संशोधित निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जाएगा।
6. निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर, रू0 1.00 के हस्ताक्षर युक्त रसीदी टिकट के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
7. निविदादाताओं को प्रमुख सचिव महोदय,उत्तराखण्ड शासन देहरादून के शासनादेश संख्या 6447/111-(2)/11-20 (सा0)/11 देहरादून दिनांक 02.01.2013 के अनुसार अतिरिक्त परफॉरमेन्स सिक्योरिटी (Additional Performance Security) जोकि NSE/FDR/TDR/KVP के रूप में अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी के नाम बन्धक होगी, अनुबन्ध से पूर्व विभाग में जमा की जानी होगी।
8. ठेकेदार का जी0एस0टी0 में पंजीकृत होना अनिवार्य होगा।
9. शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होगी। जो कभी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

"जल संचय-जीवन संचय"

(संजय कुमार श्रीवास्तव)
अधिशासी अभियन्ता



कार्यालय ग्राम पंचायत वसईकाजी विकास खण्ड सासनी जनपद हाथरस।

पत्रांकः-/ग्राम पंचायत/वित्त आयोग मद/टेन्डर/2021-22 दिनांकः- 12.10.2021

-: अति अल्पकालीन निविदा :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्य वित्त आयोग/15 वी केंन्द्रीय वित्त आयोग की अन्तर्गत वर्ष 2021-22 में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले निम्नाकित कार्यो हेतु उनके नाम सम्मुख अंकित विवरणानुसार सामग्री की कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु मुहर बन्द निविदाये दिनांक 18/10/2021 को दिन के 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सॉय 3.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा खोली जायेगी। यदि उक्त निविदा प्राप्त करने एव खोलने के दिन को राजकीय अवकाश पोषित होता है तो निविदा प्राप्त एवं खोलने की तिथि अगला कार्य दिवस होगा। निविदा खोलने के स्थल, समय एवं वैधता में कोई परिवर्तन नहीं होगा निविदा की वैधता मूल तिथि से मानी जायेगी। निविदा की शर्त निम्नवत निर्धारित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत वसईकाजी से कार्यालय दिवस एव समय में दिनांक 18/10/2021 तक निविदा मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्रपत्र के साथ 2 प्रतिशत की धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 नगद अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करनी होगी।
3. निविदा सशर्त अथवा निर्धारित समय के बाद प्रस्तुत निविदायें मान्य नहीं होगी तथा किसी भी निविदा को बिना कारण बातये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
4. निविदा दरों की वैधता तीन माह अधिकतम होगी। इसके लिये निविदा प्रपत्र के साथ एक सौ रूपये का नॉन जुडीशियल स्टाम्प पेपर, एक रूपये का रिवेन्यू टिकट के साथ होना अनिवार्य है।
5. अनुबन्ध के समय धरोहर राशि को सम्मिलित करते हुये 10 प्रतिशत जमानत धनराशि नगद जमा करनी होगी तथा कुल जमानत राशि पर नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी देनी होगी।
6. बिलो के भुगतान में नियमानुसार आयकर वैट एव रॉयल्टी आदि की कटौती की जयेगी।
7. सामग्री की आपूर्ति उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए।
8. कोई भी निविदादाता जो राज्य विधि बार कौसिल में पंजीकृत हो निविदा देने से प्रतिबंधित होगे।

| क्रम. संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (सामग्री) रू0 में | धरोहर धनराशि रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल | कार्य की अवधि (माह में) |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | वसई काजी में संविलियन विद्यालय का काया कल्प निर्माण कार्य | 236300 | 4726 | 250+GST | 3 माह |

पुष्पा देवी
अध्यक्ष/प्रधान
ग्राम पंचायत वसईकाजी

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत वसईकाजी
विकास खण्ड सासनी जनपद हाथरस

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बैठक के बाद बेन कैपिटल के अधिकारियों ने कहा

# भारत में और निवेश करने को लेकर आशान्वित

**भाषा।** बोस्टन

**भारतीय कंपनियों** में करीब पांच अरब डॉलर का निवेश करने वाली बेन कैपिटल के शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी निजी निवेश कंपनी देश में और निवेश करने को लेकर आशान्वित है और अगला दशक भारत एवं अमेरिका दोनों के लिए वैश्विक आधार पर कारोबारों के निर्माण के लिए मिलकर काम करने के लिहाज से बहुत महत्वपूर्ण होगा। बैन कैपिटल के को-चेयरमैन स्टीफन पग्ल्युका और को-मैनेजिंग पार्टनर जॉन कनॉटन ने सोमवार को यहां वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। पग्ल्युका ने बैठक को "शानदार बताया और कहा कि बैठक में गुजरात के वित्तीय सेवा जिले (गिफ्ट सिटी) पर भी चर्चा की गई।

सीतारमण वाशिंगटन में विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठकों के साथ-साथ जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर (एफएमसीबीजी) की बैठक में हिस्सा लेने के लिए इस समय एक हफ्ते की लंबी यात्रा पर अमेरिका में हैं। अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के दौरान, सीतारमण के अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट एलेन से मिलने की भी उम्मीद है। न्यूयॉर्क पहुंचने के बाद, सीतारमण वहां से बोस्टन गईं, जहां वह फिक्की और यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) द्वारा आयोजित एक गोलमेज बैठक में निवेशकों तथा वैश्विक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मिलेंगी। वह हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में छात्रों को भी संबोधित करेंगी। कनॉटन ने कहा कि हम भारत में 12 साल से ज्यादा समय से काम कर रहे हैं और भारत में हो रहे सुधारों को देखकर हमें वहां अपनी निवेश गतिविधि तेज करने का प्रोत्साहन मिलता है, खासकर उन व्यापक क्षेत्रों में जहां हम भागीदारी कर रहे हैं जैसे कि बैंकिंग, आउटसोर्सिंग और दवा क्षेत्र। उन्होंने कहा, हम और भी निवेश करने की उम्मीद कर रहे हैं। हमने पहले ही पांच अरब डॉलर का निवेश किया है और हम इसमें तेजी देख रहे हैं। वहीं पग्ल्युका ने कहा कि बाजारों को और अधिक व्यापार-अनुकूल बनाया जा सकता है और "मुझे लगता है कि इस समय भारत में ऐसा ही हो रहा है। इससे भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए काफी आकर्षक माहौल बनेगा।

## भारत को 2047 तक ऊर्जा के लिहाज से स्वतंत्र बनाने के लिए साथ काम करने को लेकर आशान्वित: एक्सॉनमोबिल


**बोस्टन।** एक्सॉनमोबिल जैसी कंपनियां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य के अनुरूप 2047 तक देश को ऊर्जा के लिहाज से स्वतंत्र बनाने के उद्देश्य को पूरा करने में मदद करने के लिए भारत के साथ काम करने को लेकर आशान्वित हैं। ए कंपनियां ऊर्जा के स्वच्छ स्रोत तलाशने में देश की मदद कर सकती हैं। एक्सॉनमोबिल के एक शीर्ष अधिकारी ने यह कहा। अमेरिकी तेल एवं गैस कंपनी में इंटरनेशनल गवर्नमेंट रिलेशंस के एशिया-प्रशांत क्षेत्र के वरिष्ठ निदेशक पीटर लवॉय ने सोमवार को यहां वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बैठक के बाद यह टिप्पणी की। सीतारमण वाशिंगटन में विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठकों के साथ-साथ जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर (एफएमसीबीजी) की बैठक में हिस्सा लेने के लिए इस समय एक हफ्ते की लंबी यात्रा पर अमेरिका में हैं। अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के दौरान, सीतारमण के अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट एलेन से मिलने की भी उम्मीद है। न्यूयॉर्क पहुंचने के बाद, सीतारमण वहां से बोस्टन गईं, जहां वह फिक्की और यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) द्वारा आयोजित एक गोलमेज बैठक में निवेशकों तथा वैश्विक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मिलेंगी। वह हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में छात्रों को भी संबोधित करेंगी। लवॉय ने कहा, पूरी दुनिया अब ऊर्जा में बदलाव के दौर से गुजर रही है। जलवायु परिवर्तन की समस्याओं को कम करने के लिए इसे ऊर्जा के स्वच्छ स्रोत तलाशने होंगे।

## एमएमटीसी-पीएएमपी की दक्षिण भारत में विस्तार की तैयारी

**नई दिल्ली।** सर्राफा परिशोधक एमएमटीसी-पीएएमपी ने मंगलवार को कहा कि वह दक्षिण भारत में अपने परिचालन का विस्तार करेगी और उसकी अगले तीन वर्ष में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) से मान्यता प्राप्त 1,000 स्थानीय ज्वेलर्स और फुटकर बिक्री केन्द्रों तक पहुंच बनाने की योजना है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के प्रमुख शहरों में विस्तार योजनाओं के साथ उसे इस क्षेत्र से 20 प्रतिशत राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। इसमें कहा गया है कि दक्षिण भारत देश के कुल कीमती धातुओं (सोना और चांदी) के बाजार में 40 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है और अन्य क्षेत्रों को पीछे छोड़ देता है। मौजूदा समय में एमएमटीसी-पीएएमपी की क्षेत्र के शीर्ष सात शहरों में खुदरा व्यापार में उपस्थिति है।

## क्विक न्यूज़

### रिजर्व बैंक ने ऑडिट कंपनी हरिभक्ति एंड कंपनी पर दो साल का प्रतिबंध लगाया



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने एक अभूतपूर्व घटनाक्रम में मंगलवार को देश की शीर्ष ऑडिट कंपनियों में से एक हरिभक्ति एंड कंपनी एलएलपी को एक अप्रैल, 2022 से शुरू होने वाली दो साल की अवधि में विनियमित इकाइयों के लिए किसी भी प्रकार का ऑडिट से जुड़ा काम करने से प्रतिबंधित कर दिया। हरिभक्ति एंड कंपनी एलएलपी श्रेई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड (एसआईएफएल) की ऑडिटर थी जिसके निदेशक मंडल को केंद्रीय बैंक ने हटा दिया है। कंपनी के खिलाफ पिछले हफ्ते दिवाला प्रक्रिया शुरू की गई है। श्रेई ने 15 सितंबर, 2020 को आयोजित 35वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के समापन के साथ काम करना बंद कर दिया था। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि उसने रिजर्व बैंक द्वारा व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के वैधानिक ऑडिट के संबंध में जारी एक विशिष्ट निर्देश का पालन न करने के लिए कंपनी के खिलाफ यह कार्रवाई की है। यह पहली बार है कि रिजर्व बैंक ने किसी व्यवस्थित रूप से महत्वपूर्ण एनबीएफसी के ऑडिटर के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई की है। बयान के मुताबिक, भारतीय रिजर्व बैंक ने रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45एमएए के तहत निहित शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, 23 सितंबर, 2021 के एक आदेश द्वारा मेसर्स हरिभक्ति एंड कंपनी एलएलपी, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (आईसीएआई कंपनी पंजीकरण संख्या 103523डब्ल्यू डब्ल्यू100048) को एक अप्रैल, 2022 से दो साल की अवधि के लिए केंद्रीय बैंक द्वारा विनियमित किसी भी इकाई में किसी भी प्रकार का ऑडिट संबंधी काम करने से प्रतिबंधित कर दिया है। भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम के इस प्रावधान के तहत पहली बार इस तरह का प्रतिबंध लगाया गया है।

### भारत सरकार के सुधार संबंधी उपाय पश्चिमी निवेशकों के लिए 'मजबूत संदेश': शीर्ष अमेरिकी उद्योग अधिकारी

**बोस्टन।** अमेरिकन टावर कॉरपोरेशन (एटीसी) के कार्यकारी उपाध्यक्ष एडमंड डिसेटो ने कहा है कि सुधारों पर भारत सरकार द्वारा उठाए गए कदमों से पश्चिमी निवेशकों में एक काफी मजबूत संदेश गया है। उन्होंने कहा कि इन उपायों ने वित्त पोषण को लेकर भारत को एक बेहद अनुकूल स्थिति में पेश किया है। डिसेटो ने सोमवार को यहां वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। सीतारमण वाशिंगटन में विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठकों के साथ-साथ जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नर (एफएमसीबीजी) की बैठक में हिस्सा लेने के लिए इस समय एक हफ्ते की लंबी यात्रा पर अमेरिका में हैं। अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के दौरान, सीतारमण के अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट एलेन से मिलने की भी उम्मीद है। न्यूयॉर्क पहुंचने के बाद, सीतारमण वहां से बोस्टन गईं, जहां वह फिक्की और यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) द्वारा आयोजित एक गोलमेज बैठक में निवेशकों तथा वैश्विक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मिलेंगी। वह हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में छात्रों को भी संबोधित करेंगी। डिसेटो ने कहा, मुझे लगता है कि भारत सरकार ने हाल ही में जो कदम उठाए हैं, उन्होंने पश्चिमी निवेशकों की दुनिया में एक बहुत मजबूत संदेश भेजा है, जो एक नई ग्रहणशीलता और एक नई प्रणाली का संकेत देते हैं जो मुझे लगता है कि अवसर को प्रोत्साहित करता है और भारत को "निवेश, कारोबारों को अपने यहां बुलाने के लिहाज से एक बेहद अनुकूल और सकारात्मक स्थिति में पेश करता है। वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान भारत द्वारा 81.72 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने के साथ, डिसेटो ने कहा, "मुझे लगता है कि नीतियां बहुत सफल रही है और हम उस तरह के सुधारों का स्वागत करते है जिन पर वे निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए स्थिति को और बेहतर करने की खातिर विचार कर रहे हैं।

### 21 तेल, गैस ब्लॉकों के लिए केवल तीन ने लगाई बोलियांअवेदांता, रिलायंस नहीं हुई शामिल

**नई दिल्ली।** भारत के 21 तेल और गैस ब्लॉक के लिए बोली के ताजा दौर में केवल तीन बोलीदाता सामने आए है। इनमें से दो सावजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) और ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल) है। मुक्त क्षेत्र लाइसेंस नीति (ओएएलपी) बोली दौर-6 के तहत खोज एवं उत्पादन के लिए कुल 21 ब्लॉक या क्षेत्र की पेशकश की गई थी। इसके लिए बोली जमा करने का समय छह अक्टूबर को समाप्त हो गया। पेश किए गए ब्लॉक के लिए प्राप्त बोली के बारे में उपलब्ध जानकारी के अनुसार ओएनजीसी और ओआईएल के अलावा एकमात्र सन पेट्रोकेमिकल्स ने बोली लगाई है। प्राप्त बोली के बारे में सूचना हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय ने दी है। कुल 21 ब्लॉक में से 18 के लिए एक बोली और शेष तीन के लिए दो बोलीदाताओं ने बोलियां लगाई है। देश की सबसे बड़ी तेल उत्पादक कंपनी ओएनजीसी ने 21 में से 19 के लिए बोली लगाई जबकि ओआईएल ने दो ब्लॉक के लिए बोली लगाई है। ओएनजीसी 16 ब्लॉक के लिए एकमात्र बोलीदाता है जबकि ओआईएल दो क्षेत्रों के लिए एकमात्रा बोलीदाता है। सन पेट्रोकेमिकल्स ने तीन ब्लॉक के लिए बोली लगाई है। उन क्षेत्रों के लिए उसकी प्रतिस्पर्धा ओएनजीसी के साथ है।

### दूरसंचार विभाग ने वार्षिक स्पेक्ट्रम किस्तों के लिए बैंक गारंटी अनिवार्यता समाप्त की, अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली।** दूरसंचार क्षेत्र के लिए अपने सुधार एजेंडा के अनुरूप सरकार ने मंगलवार को भविष्य की स्पेक्ट्रम नीलामी में स्पेक्ट्रम की वार्षिक किस्त की अदायगी सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय बैंक गारंटी (एफबीजी) की अनिवार्यता को वापस लेने के बारे में अधिसूचना जारी कर दी। दूरसंचार विभाग ने कहा कि इस कदम से नीलामी के भागीदारों की पात्रता शर्तों के लिए स्थिति स्पष्ट हो सकेगी और इससे उनके पास पर्याप्त वित्तीय क्षमता रहेगी। इससे पहले सरकार ने पिछले महीने दूरसंचार क्षेत्र के लिए कुछ बड़े सुधारों की घोषणा की थी। इन उपायों से दूरसंचार क्षेत्र को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। दूरसंचार विभाग की वेबसाइट पर एक परिपत्र में कहा गया है, भविष्य में होने वाली स्पेक्ट्रम नीलामी में सफल बोलीदाता के लिए वित्तीय बैंक गारंटी देने की जरूरत नही होगी। यह किस्तों की अदायगी सुनिश्चित करने के लिए एक वार्षिक किस्त के बराबर होती है। इसके अलावा नेटवर्क शुरू करने के लिए प्रदर्शन बैंक गारंटी (पीबीजी) को जमा कराने की जरूरत को भी हटा दिया गया है।

## जॉर्जीवा को प्रमुख के पद से नहीं हटाएगा आईएमएफ का कार्यकारी मंडल

**एपी।** वाशिंगटन

**अंतरराष्ट्रीय** मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने विश्व बैंक के कर्मचारियों पर चीन की व्यापार रैंकिंग बदलने के लिए दबाव डालने के आरोपों को लेकर मंगलवार को अपने प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा पर "पूरा विश्वासै जताया। आईएमएफ के 24 सदस्ईय कार्यकारी मंडल ने एक बयान में कहा कि उसकी समीक्षा में "निर्णायक रूप से यह पता नहीं चला कि प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा ने विश्व बैंक के एक शीर्ष अधिकारी के रूप में अपनी पूर्व भूमिका में कोई गलत कार्वाई की। बयान के मुताबिक पेश किए गए सभी सबूतों को देखने के बाद, कार्यकारी मंडल ने प्रबंध निदेशक के नेतृत्व में और अपने कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से जारी रखने की उनकी क्षमता में अपने पूर्ण विश्वास की पुष्टि की। हालांकि, इसमें कहा गया कि विश्व बैंक के कर्मचारियों द्वारा संभावित कदाचार की जांच की जा रही है। जॉर्जीवा ने उन आरोपों से इनकार किया है जिनके अनुसार उन्होंने चीन और अन्य देशों की व्यापार में सुगमता से जुड़ी रैंकिंग प्रभावित करने वाले डेटा में बदलाव करने के लिए कर्मचारियों पर दबाव बनाने में भूमिका निभाई थी। इससे पहले आईएमएफ को विश्व बैंक की डूइंग बिजनेस रिपोर्ट में चीन की रैंकिंग से जुड़ी गड़बड़ी की जांच करने वाली कानूनी सेवा प्रदाता कंपनी विल्मरहेल के वकीलों ने इस संबंध में जानकारी दी थी। जांच में पाया गया था कि आईएमएफ की मौजूदा प्रबंध निदेशक क्रिस्टलिना जॉर्जीवा और अन्य अधिकारियों ने विश्व बैंक के कर्मचारियों पर चीन एवं दूसरे देशों की व्यापार रैंकिंग को प्रभावित करने वाले डेटा को बदलने के लिए दबाव डाला।

# कोविड: भारत का डब्ल्यूटीओ में बौद्धिक संपदा अधिकार से छूट देने, व्यापार अवरोध दूर करने का आह्वान

**भाषा।** नई दिल्ली



**वाणिज्य एवं** उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कोविड-19 महामारी के खिलाफ वैश्विक अभियान में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) से छूट देने और नई व्यापार बाधाओं को दूर करने का आह्वान किया। उल्ललेखनीय है कि भारत और दक्षिण अफ्रीका ने अक्टूबर 2020 में कोविड-19 संक्रमण के इलाज, उसकी रोकथाम के संदर्भ में प्रौद्योगिकी के उपयोग को लेकर डब्ल्यूटीओ के सभी सदस्य देशों के लिए ट्रिप्स (व्यापार संबंधित पहलुओं पर बौद्धिक संपदा अधिकार) समझौते के कुछ प्रावधानों से छूट देने का प्रस्ताव किया था। इस साल मई में इस संदर्भ में भारत, दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया समेत 62 सह-प्रायोजकों ने संशोधित प्रस्ताव दिए।

ट्रिप्स समझौता जनवरी, 1995 में अमल में आया। यह कॉपीराइट, औद्योगिक डिजाइन, पेटेंट और अघोषित सूचना या व्यापार गोपनीयता के संरक्षण जैसे बौद्धिक संपदा पर बहुपक्षीय समझौता है। गोयल ने इटली के नेपल्स में जी-20 व्यापार और निवेश मंत्रियों की बैठक में कहा, महामारी को देखते हुए जरूरी है कि हम आपूर्ति पक्ष की बाधाओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करके टीकों और अन्य कोविड-19 संबंधित स्वास्थ्य उत्पादों तक समान पहुंच सुनिश्चित करें। इसका एक तरीका ट्रिप्स छूट प्रस्ताव को स्वीकार करना है। उन्होंने टीके को लेकर भेदभाव या कोविड पासपोर्ट जैसे नई व्यापार बाधाओं के समाधान पर भी जोर दिया। इससे आवाजाही बाधित होती हैं और महत्वपूर्ण सेवाएं देने के लिए आवश्यक कर्मियों का आना-जाना रुकता है। गोयल ने कहा, कोविड-19 संकट ने हमें याद दिलाया है कि हम आपस में जुड़े हुए हैं। और इस तरह की अभूतपूर्व सार्वजनिक स्वास्थ्य स्थिति से निपटने के लिए एक समन्वित वैश्विक रणनीति की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि वस्तुओं की मुक्त आवाजाही के अलावा जी-20 देशों को स्वास्थ्य सेवाओं तक सबकी पहुंच सुलभ कराने और लोगों के लिए उसे सस्ता बनाने पर ध्यान देने की जरूरत है।डब्ल्यूटीओ में मत्स्य क्षेत्र पर जारी बातचीत के बारे में गोयल ने कहा कि सुदूर समुद्री क्षेत्रों में मछली पकड़ने में लगे देशों को इस मामले में सब्सिडी बंद करनी चाहिए और खासकर अधिक मछली पकड़ने के संदर्भ में धीरे-धीरे अपनी क्षमता को कम करना चाहिए। उन्होंने गरीब और छोटे मछुआरों की आजीविका के संरक्षण और खाद्य सुरक्षा चिंता दूर करने के साथ मत्स्य क्षेत्र को आधुनिक रूप देने के लिए इस क्षेत्र में संतुलित रुख अपनाने पर जोर दिया।

## टीडीसैट ने एयरटेल, वीआईएल जुर्माना मामले में बैंक गारंटी भुनाने पर अगली सुनवाई तक रोक लगाई

**नई दिल्ली।** दूरसंचार न्यायाधिकरण टीडीसैट ने मंगलवार को दूरसंचार विभाग से भारती एयरटेल और वोडाफोन आइडिया लि. (वीआईएल) के जुर्माने के मामले में बैंक गारंटी भुनाने पर सुनवाई की अगली तारीख तक रोक लगाने को कहा है। न्यायमूर्ति शिव कीर्ति सिंह की अध्यक्षता वाली दूरसंचार विवाद निपटान और अपीलीय न्यायाधिकरण (टीडीसैट) की पीठ ने मामले में अगली सुनवाई 26 अक्टूबर को तय की है। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा, अगली तारीख तक बैंक गारंटी को भुनाया नहीं जा सकेगा। दूरसंचार विभाग के मुताबिक कंपनियों को 21 अक्टूबर तक जुर्माना भरना होगा। टीडीसैट ने जुर्माने के नोटिस पर स्थगन नहीं दिया है।

## जीएसटीएन ने 66,000 करदाताओं का 14,000 करोड़ का इनपुट कर क्रेडिट रोका

**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क ने मंगलवार को कहा कि उसने जीएसटी के तहत पंजीकृत 66,000 करदाताओं के 14,000 करोड़ रुपए के इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) को रोका है। जीएसटी कानून के नियम 86ए के तहत रोके गए 6.14 लाख करोड़ रुपए के आईटीसी के बारे में एक सूचना के अधिकार (आरटीआई) पर आधारित सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में जीएसटीएन ने ट्वीट किया कि इस आंकड़े में करदाताओं द्वारा की गई गलत डेटा इंट्री शामिल हैं। जीएसटीएन ने ट्वीट किया, लगभग 14,000 करोड़ रुपए के आईटीसी, जिसमें 66,000 करदाता शामिल हैं, आज की तारीख में रोके गए हैं। यह एक वित्त वर्ष में सभी करदाताओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले औसत आईटीसी का केवल 0.38 प्रतिशत (लगभग) है।

# सेंसेक्स 149 अंक के उछाल से नए रिकॉर्ड पर, निफ्टी 18,000 अंक के पास

**भाषा।** मुंबई







**बैंक, वाहन** और टिकाऊ उपभोक्ता सामान कंपनियों के शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स मंगलवार को 149 अंक की बढ़त के साथ 60,284 अंक के अपने नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स में लगातार चौथी कारोबारी सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 148.53 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 60,284.31 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया।

कारोबार के दौरान यह 60,332 अंक से 59,885 अंक के दायरे में रहा। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 46 अंक यानी 0.26 प्रतिशत के लाभ से 17,991.95 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी का भी यह नया रिकॉर्ड है। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन का शेयर सबसे अधिक पांच प्रतिशत से ज्यादा चढ़ गया। बजाज ऑटो, बजाज फिनसर्व, एसबीआई, नेस्ले इंडिया, आईटीसी, एक्सिस बैंक तथा टाटा स्टील के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, टीसीएस तथा सन फार्मा के शेयरों में गिरावट आई। पिछले चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स 1,095 अंक या 1.84 प्रतिशत चढ़ चुका है। वहीं निफ्टी 345 अंक या 1.95 प्रतिशत के लाभ में रहा है। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप 0.65 प्रतिशत तक चढ़ गए। एलकेपी सिक्योरिटीज के शोध प्रमुख एस रंगनाथन ने कहा, दिन में कारोबार के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के शेयरों में काफी गतिविधियां देखने को मिलीं। दोपहिया वाहनों तथा टिकाऊ उपभोक्ता कंपनियों के शेयर भी मांग में रहे। हालांकि, आईटी कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली का सिलसिला चला। कारोबार के अंतिम घंटे में एल्युमीनियम की अगुवाई में धातु शेयरों में लिवाली से बाजार को समर्थन मिला।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, तिमाही नतीजों के सत्र की कमजोर शुरुआत से आईटी शेयरो में बिकवाली रही। इसके लिए कमजोर वैश्विक रुख से भी यहां धारणा प्रभावित हुई। इससे घरेलू बाजार ज्यादातर समय नकारात्मक दायरे में रहा।

# पेज एक का शेष

## दिल्ली को...

अधिकतम मांग 4,536 मेगावाट (पीक) और 96.2 एमयू (ऊर्जा) थी। बिजली की कमी के कारण उन्हें आवश्यक मात्रा में बिजली की आपूर्ति की गई थी। इसमें कहा गया है कि पिछले दो हफ्तों में एक भी दिन ऐसा नहीं रहा, जब केंद्र ने दिल्ली की बिजली की जरूरत पूरी नहीं की हो। राष्ट्रीय राजधानी को बिजली आवंटित करने का निर्णय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के यह कहने के फौरन बाद किया गया कि कोयले की भारी कमी के कारण दिल्ली में जल्द ही ब्लैक आउट की स्थिति बन सकती है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को भी पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। सरकार ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं कि राज्य केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के कोयला आधारित बिजली स्टेशनों से आवंटित बिजली का दुरुपयोग न करें। एक अलग आदेश में मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि यदि कोई राज्य पावर एक्सचेंज में बिजली बेचता पाया गया या बिजली को आपूर्ति नहीं कर पाया तो उन्हें अधिक बिजली आपूर्ति नहीं की जाएगी और इसे जरूरत वाले राज्यों को दिया जाएगा।

## केंद्र ने...

कि पिछले कुछ दिनों से एनटीपीसी ने अपने पॉवर प्लांट में बिजली का उत्पादन आधा कर दिया है। ऐसा उन्होंने एक प्लांट पर ही नहीं, बल्कि देश में स्थित अपने सभी प्लांट में किया है। ऊर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार कहती है कि कोयले की कोई कमी नहीं है और दूसरी तरफ बैठक कर कहती है कि कोयले की जिम्मेदारी अब केंद्रीय मंत्री संभालेंगे। केंद्र सरकार बताए कि कोयले की कमी है या नहीं है या फिर जानबूझकर ऐसा किया जा रहा है।

## दो मुठभेड़ों...

की गईं, लेकिन उन्होंने फिर से संयुक्त तलाश दल पर गोलियां चलाईं और सुरक्षाबलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए और मुठभेड़ स्थल से उनके शव बरामद किए गए। उन्होंने मृतक आतंकवादियों की पहचान शोपियां के रे कापरेन निवासी दानिश हुसैन डार, पहलीपुरा निवासी यवर हुसैन नाइकू और मध्य कश्मीर के गंदेरबल में सिंदबल निवासी मुख्तार अहमद शाह के रूप में की है। उन्होंने बताया कि ए तीनों आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) से संबद्ध द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़े थे। उन्होंने बताया, पुलिस के रिकॉर्ड के अनुसार मृत आतंकवादियों के प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (टीआरएफ) से संबंध थे और सुरक्षा प्रतिष्ठानों पर हमले और नागरिकों पर अत्याचार समेत कई आतंकी अपराध के मामलों में शामिल समूहों का हिस्सा थे। उन्होंने कहा, यह उल्लेख करना उचित है कि मुख्तार शाह श्रीनगर के लाल बाजार इलाके में एक गैर स्थानीय फेरी वाले की हत्या में शामिल था और अपराध को अंजाम देने के बाद शोपियां चला गया था। बिहार के चाट विक्रेता वीरेंद्र पासवान की पांच अक्टूबर को शहर के हवल इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इससे कुछ देर पहले नामी केमिस्ट एम एल बिंदरू की उनकी दुकान के समीप हत्या कर दी गई थी। आतंकवादियों ने उस दिन बांदीपुरा जिले के नायदखाई इलाके में एक स्थानीय टैक्सी अड्डे के अध्यक्ष मोहम्मद शफी लोन की भी हत्या कर दी थी। इस बीच, पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि फेरीपुरा में भी तलाश अभियान रात भर निलंबित रहा और मंगलवार तड़के फिर शुरू हुआ। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों से संपर्क किया गया और उन्हें आत्मसमर्पण का पर्याप्त मौका दिया गया। हालांकि, उन्होंने तलाश दल पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और मुठभेड़ स्थल से उनके शव बरामद किए गए हैं। उनकी पहचान रे कैपरेन निवासी उबेद अहमद डार और ब्रारीपुरा निवासी खुबैब अहमद नेंगरू के रूप में की गई है। प्रवक्ता ने बताया, पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मारे गए दोनों आतंकवादियों का ताल्लुक लश्कर-ए-तैयबा से था और वे कई आतंकी मामलों में शामिल थे। मुठभेड़ स्थल से हथियार और गोला बारुद समेत आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। पुलिस ने कानून की संबंधित धाराओं के तहत एक मामला दर्ज कर लिया है। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी), कश्मीर विजय कुमार ने संयुक्त दलों को बधाई दी, जिन्होंने पेशेवर तरीके से और बिना किसी जनहानि के आतंकवाद रोधी अभियान चलाने के लिए जमीन पर तालमेल और समन्वय से काम किया। प्रवक्ता ने कहा, श्रीनगर और बांदीपुरा में नागरिकों की चुन-चुनकर हत्या करने के हाल के चार मामलों में से दो को इन घटनाओं में शामिल आतंकवादियों के मारे जाने के साथ ही सुलझा लिया गया है। आतंकवादियों ने सात अक्टूबर को श्रीनगर के ईदगाह इलाके में अल्पसंख्यक सिख समुदाय की स्कूल प्रधानाचार्य सुपिंदर कौर और उनके सहकर्मी दीपक चंद की भी गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## दिल्ली में...

से एके-47, हैंड ग्रेनेड बरामद किए हैं। कुछ दिन पहले सुरक्षा एजेंसियों ने एलर्ट भी जारी किया था कि आईएसआई धमाके करा सकती है। पुलिस उपायुक्त प्रमोद सिंह कुशवाहा ने बताया कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत का रहने वाला मोहम्मद अशरफ उर्फ अली बांग्लादेश के रास्ते भारत आया था। वह फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय पहचान पत्र हासिल करके 10 साल से भारत में रह रहा था। उसे सोमवार रात को एसीपी ललित मोहन नेगी और हृदय भूषण की देखरेख में एसआई सुंदर गौतम और एसआई यशपाल भाटी और इंस्पेक्टर विनोद बडोला की टीम ने लक्ष्मीनगर के रमेश पार्क से गिरफ्तार किया। वह अपने को मौलाना के रूप पेश कर रहा था। स्कूली पढ़ाई पूरी करने के बाद अशरफ को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी ने सीधी भर्ती की थी और उसे छह महीने तक प्रशिक्षण दिया था। अशरफ आईएसआई के अपने आका नसीर के संपर्क में था जिसे वह नियोजित आतंकवादी हमले की सूचना देता था। अशरफ ने दस सालों में पांच-छह ठिकाने बदले। वह किसी एक जगह लंबे समय तक नहीं रहता था और उसने दस्तावेज हासिल करने के लिए यहां एक महिला से शादी भी की थी। आतंकी की निशानदेही पर एके-47 रायफल समेत अन्य हथियार और गोला बारूद जब्त किए गए हैं। पुलिस ने अशरफ के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, विस्फोटक अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के प्रावधानों के तहत केस दर्ज किया है।

## बंदिशें खत्म...

के उचित व्यवहार को सख्ती से लागू किया जाए। इसका मतलब यह है कि शीतकालीन कार्यक्रम से एयरलाइनों के पास घरेलू उड़ानों के यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी हो जाएगी। एयरलाइंस को कोरोना महामारी के पहले के स्तर पर लौटने की अनुमति दी जाएगी, बल्कि मांग के आधार पर इसे और भी आगे ले जाया जा सकता है। हालांकि, कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने के अलावा, घरेलू उड़ानों पर कुछ अन्य प्रतिबंध लागू रहेंगे। इनमें अधिकतम और न्यूनतम किराया सीमा और दो घंटे कम यात्रा में भोजन और नाश्ते की बिक्री नहीं करना शामिल है।

## आशीष मिश्रा...

इस दौरान उसके अधिवक्ता मौजूद रहेंगे।उत्तर प्रदेश पुलिस के एक विशेष जांच दल (एसआईटी) ने तीन अक्टूबर को लखीमपुर खीरी में हुई हिंसा के सिलसिले में आशीष मिश्रा को शनिवार को करीब 12 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया और आधी रात के बाद पुलिस ने उसे अदालत में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में लखीमपुर जिला जेल भेज दिया गया। एसआईटी का नेतृत्व कर रहे पुलिस उप महानिरीक्षक (मुख्यालय) उपेंद्र अग्रवाल ने शनिवार रात मिश्रा की गिरफ्तारी के बाद पत्रकारों को बताया, मिश्रा ने पुलिस के प्रश्नों का सही उत्तर नहीं दिया और जांच में सहयोग नहीं किया। वह सही बातें नहीं बताना चाह रहे हैं, इसलिए उन्हें गिरफ्तार किया गया है। लखीमपुर खीरी में तीन अक्टूबर को हुई हिंसा में चार किसानों समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी।

## दो से...

कहा कि उसने जो क्लीनिकल ट्रायल के आंकड़े प्रस्तुत किया था, जिसकी केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) और एसईसी द्वारा समीक्षा करने के बाद अपनी सकारात्मक सिफारिशें प्रदान दी हैं। वैक्सीन निर्माता ने कहा कि यह 2 से 18 आयु वर्ग के लिए कोविड -19 टीकों के लिए दुनिया भर में पहली मंजूरी में से एक है। भारत बायोटेक ने डीसीजीआई, विषय विशेषज्ञ समिति और सीडीएससीओ को उनकी त्वरित समीक्षा प्रक्रिया के लिए धन्यवाद देता है। बच्चों के लिए कोवैक्सिन के उत्पाद लॉन्च और बाजार में उपलब्धता से पहले अब हम सीडीएससीओ से आगे नियामक अनुमोदन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हालाँकि, प्राधिकरण द्वारा वैक्सीन को यह मंजूरी कुछ आपातकालीन उपयोग शर्तों के अधीन है। कोवैक्सीन का विकासकर्ता इसके संपूर्ण विरियन, निष्क्रिय कोरोना वायरस वैक्सीन, अनुमोदित नैदानिक परीक्षण (क्लीनिकल ट्रायल) प्रोटोकॉल के अनुसार अध्ययन जारी रखेगा।

## न्यायालय की...

मुव्वकिलों के प्रति कर्तव्य होता है और हड़ताल न्याय की प्रक्रिया में बाधक बनता है। न्यायालय से कहा, इसलिए वे अदालत की कार्यवाही को बाधित नहीं कर सकते और अपने मुव्वकिलों के हितों को नुकसान नहीं पहुंचा सकते। इस अदालत (न्यायालय) द्वारा पहले दिए गए आदेशों और वकीलों की हड़ताल पर चिंता व्यक्त किए जाने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ है....। शीर्ष अदालत ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा की दलील पर संज्ञान लिया कि बीसीआई ने जयपुर स्थित राजस्थान उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन को नोटिस जारी कर दिया है।

## मुंद्रा पोर्ट...

पर पता चला कि कंटेनरों में 2988 किलोग्राम हेरोइन है जिसकी कीमत 21,000 करोड़ रुपए है। बड़े थैलों में ऊपर टैल्क स्टोन रख कर, नीचे की तहों में हेरोइन को छिपा कर रखा गया था। डीआरआई ने नशीले पदार्थ की जब्ती के सिलसिले में पांच विदेशी नागरिकों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद एनआईए ने चेन्नई, कोयंबटूर और विजयवाड़ा में आरोपियों के परिसरों की तलाशी ली थी। इसके बाद एनआईए ने आरोपियों के चेन्नई, कोयबंटूर और विजयवाड़ा में स्थित परिसरों पर छापे मारे थे।

## मानवाधिकार उल्लंघन...

गर्व महसूस करता हूं कि कोविड-19 के चरम पर होने के बावजूद 80 करोड़ भारतीयों को नि:शुल्क अनाज मिला। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास प्रत्एक व्यक्ति के मानवाधिकारों की गारंटी देता है। उन्होंने नकद अंतरण और फसल बीमा जैसे किसान हितैषी कदमों का भी जिक्र किया और कहा कि इन प्रयासों की वजह से संकट के दौरान फसलों का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ। प्रधानमंत्री ने गरीबों की गरिमा सुनिश्चित करने के लिए सरकार के प्रयासों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि जो गरीब कभी शौच के लिए खुले में जाने को मजबूर था, उस गरीब को जब शौचालय मिलता है, तो उसे गरिमा भी मिलती है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जो गरीब कभी बैंक के भीतर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाता था उस गरीब का जब जनधन खाता खुलता है, तो उसमें हौसला आता है, उसकी गरिमा बढ़ती है। मोदी ने कहा कि इसी तरह, रुपे कार्ड, महिलाओं के लिए उज्ज्वला गैस कनेक्शन और पक्के मकानों का संपत्ति अधिकार जैसे उपाय संबंधित दिशा में प्रमुख कदम हैं।

# दिल्ली की राह में कोलकाता की कड़ी चुनौती

## ●दूसरा क्वालीफायर मैच आज

**भाषा** । शारजाह

**पहले** इंडियन प्रीमियर लीग खिताब की तलाश में जुटी दिल्ली कैपिटल्स की टीम को बुधवार को यहां दूसरे क्वालीफायर में अच्छी फॉर्म में चल रहे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। दिल्ली कैपिटल्स की टीम पहली बड़ी परीक्षा में नाकाम रही थी जब उसे पहले क्वालीफायर में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम अगर नाइट राइडर्स के खिलाफ शिकस्त झेलती है तो उसका अभियान यहीं खत्म हो जाएगा। इसमें कोई संदेह नहीं कि सोमवार को एलिमिनेटर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को हराने के बाद केकेआर की टीम आत्मविश्वास से भरी है।

अगर लय और सही समय पर अपना शीर्ष स्तर का खेल दिखाने को पैमाना मानें तो निश्चित तौर पर केकेआर का पलड़ा भारी नजर आता है। दिल्ली के पास हालांकि बेहतर खिलाड़ी हैं और उसकी टीम में गहराई है। लीग चरण में दिल्ली की टीम 10 जीत से 20 अंक जुटाकर शीर्ष पर रही थी लेकिन उसे पता है कि केकेआर के खिलाफ उसकी राह आसान नहीं होगी। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के कोच के रूप में जुड़ने के बाद से दिल्ली की टीम लगातार मजबूत हुई है।

टीम 2019 में तीसरे स्थान पर रही थी जबकि पिछले साल फाइनल में जगह बनाने में सफल रही। टीम इस बार एक कदम और आगे बढ़ते हुए खिताब जीतना चाहेगी। दिल्ली की टीम टूर्नामेंट की सबसे संतुलित टीमों में से एक है। उसके पास मजबूत बल्लेबाजी क्रम के अलावा प्रभावी तेज गेंदबाजी आक्रमण है जिसे दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन से काफी सहयोग मिलता है। शिखर धवन, पृथ्वी साव और श्रेयस अय्यर की मौजूदगी में टीम का शीर्ष क्रम काफी मजबूत है। पंत और शिमरोन हेटमायर मध्यक्रम को मजबूती देते हैं।

धवन पिछले सत्र में 618 रन के साथ दूसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे जबकि मौजूदा सत्र में भी 551 रन बना चुके हैं। उनके सलामी जोड़ीदार पृथ्वी ने भी चेन्नई के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन किया था। गेंदबाजी में कागिसो रबादा (2020 के पर्पल कैप विजेता) और दक्षिण अफ्रीका के उनके साथी तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया की जोड़ी शानदार प्रदर्शन कर रही है। तेज गेंदबाज आवेश खान ने भी मौजूदा सत्र में अब तक 23 विकेट चटकाए हैं और केकेआर के खिलाफ वह अपने विकेटों की संख्या में इजाफा करना चाहेंगे। दिल्ली ने टूर्नामेंट के यूएई चरण में पांच जीत दर्ज की हैं लेकिन उसने जो मैच गंवाए हैं उसमें केकेआर के खिलाफ हार भी शामिल है और टीम को बदला लेने के लिए प्ले आफ से बेहतर मुकाबला नहीं मिलेगा।

लेकिन दिल्ली की राह आसान नहीं होगी क्योंकि भारत में पहले चरण में लचर प्रदर्शन के बाद इयोन मोर्गन की टीम ने यूएई चरण में शानदार वापसी की है। टीम बेहतर नेट रन रेट के कारण पांच बार के चैंपियन मुंबई इंडियन्स को पछाड़कर प्ले आफ में जगह बनाने में सफल रही। यूएई में दूसरे चरण में कोलकाता की टीम के प्रदर्शन में काफी सुधार हुआ है और अगर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ प्रदर्शन को संकेत माना जाए तो मोर्गन की टीम को हराना आसान नहीं होगा। स्पिन की अनुकूल पिच पर वरूण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की स्पिन जोड़ी दिल्ली के मजबूत बल्लेबाजी क्रम की कड़ी परीक्षा लेगी।

मौजूदा सत्र में केकेआर की बल्लेबाजी उसका मजबूत पक्ष नहीं रही है और दिल्ली की टीम इसका फायदा उठाने की कोशिश करेगी। टीम को शुभमन गिल, वेंकटेश अय्यर और राहुल त्रिपाठी (393 रन के साथ अब तक मौजूदा सत्र में टीम के शीर्ष स्कोरर) से अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी जबकि केकेआर को अगर फाइनल में जगह बनानी है तो मोर्गन से भी बड़ी पारी की उम्मीद होगी।



### टीमें

**दिल्ली कैपिटल्स:** ऋषभ पंत (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, पृथ्वी साव, रिपल पटेल, शिखर धवन, शिमरोम हेटमयार, श्रेयस अय्यर, स्टीव स्मिथ, अमित मिश्रा, एनरिक नॉर्किया, आवेश खान, बेन ड्वारशुइस, इशांत शर्मा, कागिसो रबादा, कुलवंत खेजरोलिया , लुकमान मेरीवाला, प्रवीण दुबे, टॉम कुरेन, उमेश यादव, अक्षर पटेल, ललित यादव, मार्कस स्टोइनिस, रविचंद्रन अश्विन, सैम बिलिंग्स और विष्णु विनोद। **कोलकाता नाइट राइडर्स:** इयोन मोर्गन (कप्तान), दिनेश कार्तिक, गुरकीरत सिंह मान, करुण नायर, नितीश राणा, राहुल त्रिपाठी, शुभमन गिल, हरभजन सिंह, कमलेश नागरकोटी, कुलदीप यादव, लॉकी फर्ग्युसन, पवन नेगी, एम प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप वारियर , शिवम दुबे, टिम साउदी, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, आंद्रे रसेल, बेन कटिंग, शाकिब अल हसन, सुनील नारायन, वेंकटेश अय्यर, शेल्डन जैक्सन और टिम सीफर्ट।

## कोहली का टीम पर प्रभाव बेहद असरदायक: एबी डिविलियर्स

**दुबई**। विराट कोहली के नेतृत्व में लंबे समय से रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम का हिस्सा रहे दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज एबी डिविलियर्स ने कहा कि भारतीय कप्तान यह कभी नहीं समझ पाएंगे कि उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग की इस टीम पर किस तरह का प्रभाव डाला है। आरसीबी के कप्तान के तौर पर कोहली के नौ साल का सफर सोमवार को एलिमिनेटर मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ शारजाह में चार विकेट की हार के साथ खत्म हुआ। कोहली ने आईपीएल के यूएई चरण की शुरुआत से पहले कहा था कि वह सत्र के अंत में आरसीबी की कप्तानी छोड़ देंगे। फ्रेंचाइजी के द्वारा जारी वीडियो में डिविलियर्स ने कहा, मैं विराट के कप्तान बनने के बाद यहां कई साल से हूं और मुझे लगता है कि जो शब्द दिमाग में आता है वह शुक्रगुजार है। हम बहुत खुशकिस्मत थे कि आप ने हमार नेतृत्व किया। उन्होंने कहा कि आपने जिस तरह से इस टीम का नेतृत्व किया उसने सभी को प्रेरित किया है। इसने निश्चित रूप से मुझे एक खिलाड़ी और एक व्यक्ति के रूप में बेहतर बनने के लिए प्रेरित किया है। आप जितना समझते हैं टीम पर उससे कहीं अधिक बड़ा प्रभाव पड़ा है। कोहली 2013 में टीम के कप्तान बने थे और उनके नेतृत्व में आरसीबी चार बार प्लेऑफ में पहुंचने में सफल रही। इसमें पिछले दो सत्र के अलावा टीम 2016 में फाइनल में पहुंची थी। कोहली की कप्तानी में टीम ने 140 मैच खेले, जिसमें से उसे 66 में सफलता मिली। इस दौरान टीम को 70 मैचों में हार का सामना करना पड़ा जबकि चार मैचों का नतीजा नहीं निकला। डिविलियर्स ने कहा कि कोहली का योगदान कप्तान या बल्लेबाज के रूप में उनके प्रदर्शन से कहीं ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मैं आपके मैदान के अंदर और बाहर के व्यक्तित्व को जानता हूं।

## कप्तान कोहली के योगदान का जश्न मनाएगी टीम: हर्षल पटेल



**शारजाह**। तेज गेंदबाज हर्षल पटेल ने कहा है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान के रूप में भले ही विराट कोहली के सफर का अंत बिना किसी इंडियन प्रीमियर लीग खिताब के हुआ हो लेकिन फ्रेंचाइजी वर्षों से टीम के प्रति उनके योगदान का जश्न मनाएगी। हर्षल ने हालांकि स्पष्ट तौर पर नहीं बताया कि टीम ने कोहली के योगदान का कैसे जश्न मनाने की योजना बनाई है। इस तेज गेंदबाज ने जोर देते हुए कहा कि आगामी टी-20 विश्व कप के बाद भारतीय टी-20 टीम की कप्तानी और आईपीएल के बाद आरसीबी की कप्तानी छोड़ने का फैसला करने वाले कोहली नेतृत्वकर्ता रहेंगे।

## विराट कोहली ने आरसीबी को नयी पहचान दी: गावस्कर

**दुबई**। पूर्व दिग्गज सुनील गावस्कर ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब नहीं जीतने के बाद भी विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को उस तरह की पहचान दिलाई है जो बहुत कम क्रिकेटर अपनी फ्रेंचाइजी टीम को दिला सकें हैं। कप्तान के तौर पर आरसीबी के लिए आईपीएल खिताब जीतने का कोहली का सपना सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ एलिमिनेटर मुकाबले में हार के साथ खत्म हो गया। वह पहले ही घोषणा कर चुके है कि अब इस टीम की कप्तानी नहीं करेंगे। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गावस्कर ने कहा कि सभी चीजें उस तरह से नहीं होती जैसे खिलाड़ी चाहते हैं। गावस्कर ने कहा कि उन्होंने आरसीबी को उस तरह की मान्यता और ब्रांड पहचान दिलाई है जो बहुत कम क्रिकेटरों ने अपनी फ्रेंचाइजी को दी है। भारत के इस पूर्व कप्तान ने आरसीबी के कप्तान के तौर पर कोहली के आखिरी मैच की तुलना डोनल्ड ब्रैडमैन और सचिन तेंदुलकर की विदाई से की। उन्होंने कहा कि हर कोई चीजों को शीर्ष पर खत्म करना चाहता है। चीजें हमेशा आपके या प्रशंसकों की इच्छा के अनुसार नहीं होती हैं। देखिए सर डॉन ब्रैडमैन के साथ क्या हुआ। उनकी आखिरी पारी में सिर्फ चार रन चाहिए थे और वह एक शून्य पर आउट हो गए।

# टीम इंडिया के मेंटर की भूमिका की कोई फीस नहीं लेंगे धोनी: गांगुली

**भाषा** । नई दिल्ली

**बीसीसीआई** अध्यक्ष सौरव गांगुली ने मंगलवार को कहा कि पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी यूएई और ओमान में होने वाले टी-20 विश्व कप में भारतीय क्रिकेट टीम के मेंटर के तौर पर कोई फीस नहीं लेंगे। बीसीसीआई ने पिछले महीने घोषणा की थी कि विश्व कप के दौरान धोनी भारतीय टीम के मेंटर होंगे।

गांगुली ने कहा कि धोनी भारतीय टीम के मेंटर के तौर पर कोई फीस नहीं लेंगे। 40 वर्ष के धोनी पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से रिटायर हो गए थे। उन्होंने भारत के लिए आखिरी मैच 2019 विश्व कप सेमीफाइनल खेला था जिसमें भारत को न्यूजीलैंड ने हराया था।समझा जाता है कि सीमित ओवरों के क्रिकेट के कुशल रणनीतिकार धोनी को उनके अनुभव



के लिए यह जिम्मेदारी दी गई है। धोनी ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल फाइनल में पहुंचाया।2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के कप्तान थे।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि समूह आवास एम्स गोल्फ एवेन्यू, जीएच 02, सेक्टर 75 नोएडा के अपार्टमेंट स्वामियों द्वारा अपार्टमेंट स्वामियों के संघ का गठन कर कार्यकारिणी बोर्ड का चयन किया गया है। संघ के अध्यक्ष श्री नवीन मिश्रा द्वारा डिप्टी रजिस्ट्रार, मेरठ के समक्ष संघ के पंजीकरण हेतु आवेदन संख्या 10050183 के माध्यम से दिनांक 08.10.2021 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो अभी लंबित है। यदि किसी को कोई भी आपत्ति हो तो वह डिप्टी रजिस्ट्रार, मेरठ के समक्ष अपनी लिखित आपत्ति आज से 15 दिनों के अंदर दर्ज करा सकते हैं। द्वारा

नवीन मिश्रा
अध्यक्ष,
एम्स गोल्फ एवेन्यू अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन
जीएच 02, सेक्टर 75, नोएडा



**सार्वजनिक सूचना**

जन साधारण को यह सूचित किया जाता है कि मैं अल्का धर्मपत्नी स्व. श्री सुरेश चन्द्र दोनों निवासी ए जी 629, नजदीक ऑल हैवेन, शालीमार बाग, दिल्ली-110088, अपने पुत्र अनिरूद्ध खन्ना सुपुत्र स्व. श्री सुरेश चन्द्र एवं उसकी पत्नी नेहा छाबड़ा पुत्री श्री महेन्द्र कुमार छाबड़ा निवासी ए जी 629, नजदीक ऑल हैवेन, शालीमार बाग, दिल्ली-110088, से किसी भी प्रकार के रिश्ते विच्छेद करने के साथ ही अपनी सभी चल एवं अचल सम्पत्ति से उनको वंचित करती हूँ।

यदि कोई व्यक्ति श्रीमान अनिरूद्ध खन्ना एवं उसकी पत्नी श्रीमती नेहा छाबड़ा से किसी भी प्रकार का लेन देन रखता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा।



**सार्वजनिक सूचना**

नौएडा प्राधिकरण क्षेत्र के अंतर्गत स्थित ग्रुप हाउसिंग भूखंड संख्या GH-01, सेक्टर-143, नौएडा आवंटी संख्या लॉजिक्स इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड ने उक्त संदर्भित योजना के कमर्शियल ब्लॉक का दिनांक 20.08.2019 को भवन मानचित्रों के अधियोग हेतु आवेदन किया है।

मैसर्स लॉजिक्स इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड अपार्टमेंट बुकिंग/आवेदन के समय आवंटियों के साथ निष्पादित अनुबंध में परियोजना तथा अपार्टमेंट में परिवर्तन/परिवर्द्धन के संबंध में उल्लेखित शर्त को आवंटी की सहमति के रूप में प्रस्तुत किया गया हैं आवंटी संस्था द्वारा प्रस्तुत संशोधित योजना पत्र एवं वाणिज्यिक मानचित्रों का परिक्षण सार्वजनिक सूचना जारी होने के 30 दिनों के अंदर किसी भी कार्य दिवस में सुबह 9:30 से 12:30 तक नियोजन विभाग में किया जा सकता है। उक्त संशोधित के क्रम में उत्तर प्रदेश अपार्टमेंट (निर्माण स्वमित्वा और अनुरक्षण का संवर्धन) नियमावली 2011 अधिनियम 2010 धारा 4 की उपधारा 3 के अनुपालन में अपार्टमेंट स्वामियों तथा उनके संघ से लिखित आपत्तियां निर्धारित अवधि अर्थात् सार्वजनिक सूचना प्राप्त होने के 30 दिनों तक आमंत्रित की जाती है। आपत्तिकर्ता/इच्छुकर्ता योजना के फ्लैट आवंटी द्वारा आपत्तियां अपने आवेदन पत्र, नाम, पूर्ण पत्राचार का पता एवं दूरभाष/मोबाईल नंबर के साथ कार्यालय समय व कार्यालय दिवस में नौएडा प्राधिकरण के मुख्य प्रशासनिक कार्यालय सेक्टर-6 में स्थित वास्तुविद नियोजन विभाग के कार्यालय में निर्धारित अवधि में प्राप्त कराई जा सकती है।

यदि निर्धारित अवधि के अंतर्गत कोई भी आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो माना जायेगा कि संदर्भित योजना के वाणिज्यिक/अपार्टमेंट स्वामियों तथा उनके संघ को कोई आपत्ति नहीं है तथा निर्वाचित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों को संज्ञान में नहीं लिया जायेगा। निर्धारित अवधि में प्राप्त आपत्तियों पर ही नियमावली 2010 की धारा 4 की उपधारा 3 के अंतर्गत निहित व्यवस्था अनुसार सुनवाई के उपरांत गुण दोष के आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्णय लेकर निस्तांतरण की कार्यवाही की जाएगी।

मुख्य वास्तुविद नियोजक
नौएडा


# करो या मरो के मुकाबले में भारत का सामना मालदीव से

**सैफ चैम्पियनशिप**

**भाषा** । माले

**खराब** फॉर्म से जूझ रही भारतीय टीम सैफ फुटबॉल चैम्पियनशिप के आखिरी लीग मैच में मेजबान मालदीव से खेलेगी और करो या मरो के इस मुकाबले में जीत ही उसे बाहर होने से बचा सकती है।

ड्रा या हार की दशा में भारत फाइनल की दौड़ से बाहर हो जाएगा और यह पिछले कुछ साल में उसका सबसे खराब प्रदर्शन होगा। इससे कोच इगोर स्टिमक को हटाने की मांग भी जोर पकड़ने लगेगी।

सात बार की चैम्पियन भारतीय टीम इससे पहले 2003 में तीसरे स्थान पर रही थी। इसके बाद से 11 सत्रों में भारत ने या तो खिताब जीता या उपविजेता रहा। पांच टीमों के टूर्नामेंट में शीर्ष चार टीमें 16 अक्टूबर को होने वाले फाइनल की दौड़ में रहेंगी।

भारत के दो ड्रा और एक जीत के बाद पांच अंक है और वह तीसरे स्थान पर है। मालदीव (तीन मैचों में छह अंक) और नेपाल (तीन मैचों में छह अंक) उससे ऊपर है। नेपाल का सामना बांग्लादेश से होगा। दो बार की चैम्पियन मालदीव को हराना भारत के लिए कभी आसान नहीं रहा।

मालदीव फीफा रैंकिंग में भारत से 51 रैंकिंग अंक नीचे है लेकिन उसने हमेशा भारतीय टीम को कड़ी चुनौती दी है। अली अशफाक की अगुवाई वाली मालदीव ने पहले मैच में नेपाल से मिली हार के बाद बांग्लादेश और श्रीलंका को हराया। भारतीय कप्तान सुनील छेत्री की तरह मालदीव के प्रदर्शन का दारोमदार भी 36 वर्ष के अशफाक पर है। उन्होंने इस टूर्नामेंट में टीम के तीन गोल में से दो किए हैं।

दूसरी ओर भारतीय टीम को बांग्लादेश के खिलाफ अनुभवी संदेश झींगन की कमी खली। एक गोल से बढ़त बनाने के बावजूद भारतीय टीम को ड्रा से संतोष करना पड़ा। श्रीलंका के खिलाफ छेत्री फॉर्म में नहीं थे और वह मैच भी गोलरहित ड्रा रहा। नेपाल के खिलाफ छेत्री ने निर्णायक गोल किया लेकिन सवाल यह है कि कब तक टीम 37 वर्ष के इस स्ट्राइकर पर निर्भर रहेगी।

स्टिमक ने कहा कि हमें मौके बनाने के साथ ही उन्हें भुनाना भी होगा। ऐसा करने पर ही मैच जीते जा सकते हैं।

## मैत्री फुटबाल में भारतीय महिला टीम का सामना चीनी ताइपे से

**मनामा**। भारतीय महिला फुटबॉल टीम को अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में खुद से बेहतर रैंकिंग वाली चीनी ताइपे टीम का सामना करना है, जो हाल के दिनों में उसकी सबसे कठिन परीक्षा होगी। भारतीय टीम ने रविवार को अपने पिछले मुकाबले में दबदबा कायम करते हुए बहरीन को 5-0 से हराया है और विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज चीनी ताइपे के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उसका आत्मविश्वास बढ़ा होगा। यूएई और बहरीन के खिलाफ दो जीत के साथ टीम ने नए मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी की देखरेख में अच्छी शुरुआत की है। भारतीय कोच हालांकि चीनी ताइपे की चुनौती से अवगत है जो फीफा रैंकिंग में भारत से काफी ऊपर है। डेनेरबी ने कह कि अब तक के खेले मैचों में हमने महसूस किया है कि हमें आगे बढ़ने के लिए क्या काम करने की जरूरत है।

**नई दिल्ली**। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा का मानना है कि दिल्ली कैपिटल्स के दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा का लय में नहीं होना टीम के लिए इंडियन प्रीमियर लीग के नॉकआउट चरण में चिंता की बात है। पिछले सत्र में टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले रबाडा मौजूदा सत्र में उस लय को दोहराने में नाकाम रहे है।


**LOST AND FOUND**

I, Raj Kumar Saini C/o M/s Supreme Trading Co. Address 1043, Gali no.9, Shop no.8, GF, Akashdeep Complex, Govindpuri, Kalkaji, Delhi have actually lost ORIGINALC FORMS (TOTAL 4 C FORMS) ISSUEDBYM/s. S.A.N. INTERNATIONAL TO M/S. SUPREMETRADINGCO.(TIN No.: 07160231826). DETAILS AS FOLLOWS: 1STQTR., 2014-15 OF RS. 24,18,910/-, 2NDQTR., 2014-15 OF RS. 9,91,969/-, 3RDQTR., 2014-15 OF RS. 35,05,777.50 AND4THQTR., 2014-15 OF RS.20,88,223.16 WERE LOST IN THEWAYAT THE TIMEGOINGTO SHOP (GOVINDPURI, KALKAJI) FROMHOMEON 29.09.2021. LR No. 789270/721



**PUBLIC NOTICE**

This is to notify the public at large that our client, Sh. Manohar Lal S/o Late Sh. Naubat Ram R/o House No. 49, Street No. 2, Ranholla Extension, Phase-I, Nangloi, Delhi-110041, through this public notice disown & renounce all his relations with his Son Naveen Kumar & Daughter-in-law Laxmi. It is further notified that they shall have no legal right, title, interest, right of inheritance etc on any of the moveable & immovable properties of our client. Our client also serves all social ties with them. He shall not be responsible for any act and/or omission of any nature, whatsoever, committed by them & further he shall have no personal, social or moral relation with them in future. Any person dealing with them shall be doing so at his/her own risks, to which, our client shall not be responsible in any manner. Any other person related to them also, shall stand to be disowned by our client from their all moveable and immoveable assets.

**Rohit Yadav (Advocate)**
For RYT Law Associates (M): 9266130562
Ch.No. 402, Civil Wing, Tis Hazari Courts, Delhi-54



**सार्वजनिक नोटिस**

यह की पंजीकरण संख्या
**FIRM/WEST/ 2017/1428**
दिनांक 22.08.2017 के तहत पंजीकृत पार्टनरशिप फर्म "मैसर्स नरूला एक्सपोर्ट्स "पता दूसरी मंजिल, बिल्डिंग नंबर 2, सेंट्रल मार्केट, पंजाबी बाग (वेस्ट), नई दिल्ली-110026 में संशोधन किए गए हैं। जो की रजिस्ट्रार (फर्म और सोसायटी), जिला (पश्चिम) एनसीटी ऑफ दिल्ली, ओल्ड मिडिल स्कूल बिल्डिंग, रामपुरा, दिल्ली-110035 के अंतर्गत रजिस्टर्ड है।

श्री रुद्राक्ष नरूला 07.08.2021 से फर्म में शामिल हो गए हैं, और श्री सुभाष कुमार नरूला 12.08.2021 से फर्म से सेवानिवृत्त हुए हैं, यदि किसी को फर्म में संशोधन के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई प्रश्न या आपत्ति है, तो कृपया अधो हस्ताक्षरी से संपर्क करें।

श्री परवीन कुमार नरूला,
(साथी),
मेसर्स नरूला एक्सपोर्ट्स,
संपर्क नंबर:- 9811039231
ई-मेल: corporate@narulaexports.com



**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनोज सचदेवा/ रश्मि अहलूवालिया/ LBDEL00001516044/ LBDEL00001639313 | प्लॉट नंबर-ई-419, दूसरी मंजिल ग्रेटर कैलाश- II, दिल्ली/ 08 अक्टूबर, 2021 | मार्च 26, 2021 ₹ 93,81,858/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: अक्टुबर 13, 2021
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, कार्यालय संख्या 201-बी, दूसरी मंजिल, रोड नंबर 1प्लॉट नंबर-बी3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, ठाणे, महाराष्ट्र-400604

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अमित अरोड़ा और रेणु अरोड़ा- LBIND00002016959 | फ्लैट नं ए2 601, छठी मंजिल सहारा सिटी, ग्राम बिचौली मरदाना, 601, मध्य प्रदेश, इंदौर- 452001/ 11 अक्टूबर, 2021 | जून 25, 2021 ₹ 12,13,231.00/- | इंदौर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: अक्टुबर 13, 2021
स्थान: दिल्ली (रोहिणी)

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.



**LEGAL NOTICE**

To
**Pipetel Communication Pvt. Limited**
139-A-1, S/F, Mohammadpur,
New Delhi-110061 **And** also at
Block No.5A-6, 5th Floor,East India House,
20B, Abdul Hamid Street, Kolkata -700069
Dear Sir
**Re.: Notice to quit**
**Sub:Deed of Sub-Lease dated 10.09.2018**
**My client : EIC Holdings Private Ltd.** of 1,Old Court House Corner,Kolkata-700001.

**Under** instructions from and on behalf of my client above named I address as follows: My client states that my client had let out the office space No. 5A-6 measuring about 1036 SFT on the 5th floor of the building at premises no. 20B, Abdul Hamid Street, Kolkata-700069, in terms of the aforesaid Sub-lease deed for a period of three years commencing from 1st November 2018 and ended on 31st August 2021 at a monthly rent of Rs. 60,088/- plus GST as applicable. In addition to the aforesaid rent, you were also liable to pay the Occupier's share of Municipal rates and taxes and electricity charges for the Units consumed in respect of the said office space during the said lease period. My client states that you have defaulted in payment of rent, occupier share of Municipal rates and taxes and electricity charges in respect of the said office space since September 2019, My client states that in the terms said Deed of Sub-lease, you are liable to pay interest. Sometime in the month of March 2020, you have sent part of the dues, on account, which was received by my client, under protest. My client states that after adjusting the said part dues, a sum of Rs.17,01,696/- on account of rent, Rs.4,97,539/- on account of occupier's share of Municipal Tax and Rs.1,96,881/- for electricity charges. My client states you are also liable to pay interest on the said arrear amount being a sum of Rs. 4,87,289/- till 31.08.2021. Thus a total sum of Rs. 28,83,405/-, is due and payable by you in respect of the office space No. 5A-6 as on 31.08.2021. My client states that since the lease term expired on 31.08.2021 but you have failed and neglected to vacate the said office space on expiry of 31st August 2021 and put the said office space under lock and key, you are liable to pay a sum of Rs. 5,000/- (Rupees Five Thousand only) per day on account of unauthorizedly keeping possession of the said office space, till the date you would hand over possession of the same by removing your articles therefrom. In the view of above, I, on behalf of my client above named, call upon you to quit and vacate the said office space No. 5A-6 and deliver peaceful vacant and khas possession of the same to my client immediately. You are also called upon to pay aforesaid dues including the unauthorized occupation charges within 7 days from the receipt of this receipt of this notice. Should you fail to comply as aforesaid my client shall be constrained to take appropriate steps against you for recovery of khas possession of the said office space and realization of the aforesaid dues after adjusting the security deposit of Rs. 1,25,396/- lying with my client,as my client may be advised, without any further reference to you and you will be solely responsible for all costs and consequences thereto which please note.

**Pawan Kumar Jajodia**
**Advocate,**
Room No 65, 1st Floor, 6, Old Post Office Street, Kolkata 700001.


## मुझे कप्तानी से हटाने का सनराइजर्स प्रबंधन ने कारण नहीं बताया: वार्नर

**नई दिल्ली**। आस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने मंगलवार को दावा किया कि सनराइजर्स हैदराबाद प्रबंधन ने आईपीएल के इस सत्र में उन्हें कप्तानी से हटाने का कोई कारण नहीं बताया। वॉर्नर को हटाकर न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को सनराइजर्स की कमान सौंपी गई थी।


THE PIONEER CLASSIFIEDS

**नाम परिवर्तन**

मैं शैली रेखी पत्नी श्री विशाल रेखी, निवासी बी-98, दूसरी मंजिल, बृज विहार, चंदर नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201011 अपनी पुत्री का नाम अविका रेखी (आयु 12 साल) से अविका कर रही हूं और भविष्य में मेरी पुत्री को अविका के नाम से जाना जाए।

PD(9090)C


# प्लिसकोवा उलटफेर की शिकार

## ●शीर्ष वरीय मेदवेदेव की जीत

**एपी** । इंडियन वेल्स

**शीर्ष** वरीयता प्राप्त पुरूष खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में जीत के साथ अंतिम-16 में जगह पक्की की जबकि महिलाओं की शीर्ष वरीय खिलाड़ी कैरोलिना प्लिसकोवा उलटफेर का शिकार होकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

यूएस ओपन चैम्पियन मेदवेदेव ने फिलिप क्राजिनोविच को 6-2, 7-6 से हराया तो वहीं प्लिस्कोवा को बीट्रिज हेदाद माइया के खिलाफ सीधे सेटों में शिकस्त झेलनी पड़ी। लकी लूजर के रूप में मुख्य ड्रा में जगह बनाने वाली बीट्रिज ने 6-3, 7-5 से जीत दर्ज की। बीट्रिज को क्वालीफाइंग के अंतिम दौर में हार झेलनी पड़ी थी लेकिन 29वीं वरीय नादिया पोद्रोस्का के जांघ की चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद उन्होंने मुख्य ड्रा में जगह बनाई। बीट्रिज को पहले दौर में पोद्रोस्का की बाई का फायदा मिला और उन्होंने दूसरे दौर में मायिर शेरिफ को हराया। दुनिया की 115वें नंबर की ब्राजील की इस खिलाड़ी ने पहली बार डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के राउंड आफ 16 में जगह बनाई है। वरीयता सूची में 15वें स्थान पर काबिज कोको गॉफ को भी 21वीं वरीयता प्राप्त पाउला बदोसा के खिलाफ बारिश



से प्रभावित मैच में 2-6, 2-6 से हार झेलनी पड़ी। 10वीं वरीय एंजेलिक कर्बर ने 20वीं वरीय दारिया कसात्किना को तीन सेट में 6-2,1-6, 6-4 से हराया लेकिन 16वीं वरीय और 2019 की चैंपियन बियांका आंद्रेस्क्यू को 18वीं वरीय एनेट कोंटा ने 7-6, 6-3 से शिकस्त दी। पुरुष वर्ग में छठे वरीय कास्पर रुड ने लॉयड हैरिस को 6-7, 6-4, 6-4 जबकि 10वें वरीय डिएगो श ्वर्ट्जमैन ने डेनियल इवान्स को 5-7, 6-4, 6-0 से शिकस्त दी। 16वें वरीय रिली ओपेल्का को हालांकि 23वें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव के खिलाफ 3-6, 4-6 से शिकस्त झेलनी पड़ी। नौवीं वरीयता प्राप्त दानिल शापोवालोव को अस्लान कारात्सेव ने 7-5, 6-2 से हराया।

# किम ने अजेय सेना तैयार करने का लिया संकल्प

**एपी**। सियोल



**उत्तर** कोरिया के नेता किम जोंग उन ने हथियार प्रणालियों की एक दुर्लभ प्रदर्शनी की समीक्षा करते हुए एक अजेय सेना तैयार करने का संकल्प लिया। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने मंगलवार को बताया कि किम ने अमेरिका पर तनाव पैदा करने और यह साबित करने के लिए कोई कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया कि उत्तर कोरिया के प्रति उसका कोई शत्रुतापूर्ण इरादा नहीं है।

किम ने वाशिंगटन और सियोल के बीच खाई पैदा करने की अपनी लगातार प्रत्यक्ष कोशिश के तहत कहा कि सेना का विस्तार करने का उनका मकसद दक्षिण कोरिया को निशाना बनाना नहीं है और कोरियाई लोगों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने वाला एक और युद्ध नहीं होना चाहिए। किम ने रक्षा विस्तार प्रदर्शनी आत्मरक्षा-2021 के मौके पर सोमवार को यह भाषण दिया। सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की सोमवार को 76वीं वर्षगांठ के उत्सव के तौर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। दक्षिण कोरियाई मीडिया ने बताया कि उत्तर कोरिया की ओर से आयोजित इस तरह का यह पहला कार्यक्रम था।

किम ने कहा कि अमेरिका लगातार यह संकेत देता रहा है कि वह उत्तर कोरिया के प्रति शत्रुतापूर्ण रवैया नहीं रखता है लेकिन इसे साबित करने के लिए उसने अब तक कोई कदम नहीं उठाया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका इस क्षेत्र में लगातार अपने गलत फैसलों और कदमों से तनाव पैदा करता आ रहा है।

उत्तर कोरिया के नेता ने अमेरिका को कोरियाई द्वीप में अस्थिरता का स्रोत बताया और कहा कि उनके देश का सबसे बड़ा मकसद अजेय सैन्य ताकत बनना है, जिसे कोई भी चुनौती देने की हिम्मत न कर पाए। दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी खुफिया अधिकारी प्रदर्शन में शामिल उत्तर कोरिया के हथियारों का विश्लेषण कर रहे हैं। हालांकि, मंत्रालय ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं दी। सियोल के एकीकरण मंत्रालय ने कहा कि किम के 2011 में सत्ता संभालने के बाद सोमवार की यह प्रदर्शनी अपनी तरह की पहली प्रदर्शनी थी।

एक सैन्य विशेषज्ञ यांग वुक ने कहा कि तस्वीरों में दिखाए गए ज्यादातर हथियार वही हैं, जिन्हें उत्तर कोरिया सैन्य परेड के दौरान पहले ही प्रदर्शित कर चुका है।

## ब्रिटेन सरकार ने लॉकडाउन लगाने में काफी वक्त लिया: संसदीय रिपोर्ट

**लंदन**। ब्रिटेन की संसद की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार ने कोविड-19 महामारी के आरंभिक दिनों में लॉकडाउन लगाने में काफी वक्त लिया, जिससे बीमारी के प्रसार को रोका नहीं जा सका और हजारों लोगों की जान गई। हाउस ऑफ कॉमन्स (निचले सदन) की विज्ञान और स्वास्थ्य समितियों की संयुक्त रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।


देश में संक्रमण के मामले बढ़ने पर ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) की चेतावनी के बाद प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की सरकार ने आखिरकार लॉकडाउन का आदेश दिया था। रिपोर्ट में कहा गया है, लॉकडाउन अर्थव्यवस्था, सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं और समाज को होने वाले भारी नुकसान से बचने के लिए नहीं लगाया जा रहा था। लेकिन इस विलंब के घातक नतीजे सामने आए।

रिपोर्ट के अनुसार कठोर पृथकवास, संक्रमितों का पता लगाने के लिए जांच और मजबूत सीमा नियंत्रण जैसी अन्य रणनीतियों के अभाव में पूर्ण लॉकडाउन अपरिहार्य था और इसे जल्द लागू किया जाना चाहिए था।

# रूस में कोरोना से एक दिन में रिकार्ड 973 मरीजों की मौत

**एपी**। मास्को।

**रूस** में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण से 973 लोगों के मरने की पुष्टि हुई है। देश में महामारी की शुरुआत से अभी तक यह एक दिन में हुई कोविड-19 मरीजों की रिकॉर्ड मौत है। गौरतलब है कि देश में टीकाकरण अभियान अपने लक्ष्य से बहुत पीछे चल रहा है और संक्रमण की दर लगातार बढ़ रही है।



देश में इस महीने रोज कोरोना वायरस संक्रमण से लोगों के मरने की पुष्टि हो रही है और रोजाना आने वाले नए मामले भी बढ़ रहे हैं। मंगलवार को देश में कोविड-19 के 28,190 नए मामले आए हैं। अभी तक रूस के कोरोना वायरस कार्यबल ने देश में 78 लाख लोगों के संक्रमित होने और संक्रमण से 218,345 लोगों के मरने की पुष्टि की है। यूरोपीय देशों को देखें तो कोरोना वायरस संक्रमण से सबसे ज्यादा मौतें रूस में हुई हैं। देश की सरकारी सांख्यिकीय एजेंसी रोसटैट के अनुसार कोविड-19 से जुड़ी मौतों की संख्या 4,18,000 है। हालांकि एजेंसी ऐसे मामलों को भी गिनती में शामिल करती है जिनके मौत की मुख्य वजह कोरोना वायरस संक्रमण नहीं है। रूस की सरकार ने संक्रमण और उससे होने वाली मौत के तेजी से बढ़ते मामलों के लिए टीकाकरण की धीमी गति को जिम्मेदार बताया है।

सरकार ने शुक्रवार को बताया कि अभी तक देश में 4.78 करोड़ लोगों को ही टीके की कम से कम एक डोज लगी है, जो उसकी कुल आबादी 14.60 करोड़ का करीब 33 प्रतिशत है। वहीं 4.24 करोड़ लोगों, करीब 29 प्रतिशत आबादी का पूर्ण टीकाकरण हुआ है।

## कोविड-19 रोधी मॉडर्ना और फाइजर टीके कोरोना वायरस के सभी वैरिएंट के विरुद्ध प्रभावी

**वाशिंगटन**। मॉडर्ना एवं फाइजर के कोविड-19 रोधी टीके बहुत ही अधिक संक्रामक डेल्टा समेत सार्स कोव-2 वायरस के विभिन्न वैरिएंट के विरूद्ध सुरक्षा प्रदान करते हैं। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। मंगलवार को नेचर जर्नल में प्रकाशित यह अध्ययन यह भी दर्शाता है कि टीकाकरण से पहले जो लोग वायरस से संक्रमित हुए थे, उनमें उन लोगों की तुलना में सभी वैरिएंट के प्रति अधिक ठोस प्रतिरोधक क्षमता नजर आई जो इस संक्रमण की चपेट में नहीं आए थे और पूरी तरह टीकाकरण से गुजर चुके हैं। परिणाम तथाकथित उपलब्धि में बढ़त के तौर सामने आए हैं क्योंकि टीका लगवा चुके लोगों में डेल्टा वैरिएंट से संक्रमण होने के बाद ए सवाल बने हुए थे कि क्या टीके उभर रहे नए वैरिएंट के प्रति व्यापक सुरक्षा प्रदान करते हैं। अमेरिका के एल विवि के प्रोफेसर अकिको इवासाकी ने कहा, टीके डेल्टा एवं अन्य वैरिएंट के विरुद्ध उच्च स्तर के एंटीबडी पैदा करते हैं।



एथेंस में अफगान महिला प्रतिनिधिमंडल के साथ ग्रीक की राष्ट्रपति कैटरीना साकेलारोपुलाऊ

## सेना प्रमुख नरवणे द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने श्रीलंका पहुंचे

**कोलंबो**। भारतीय सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे मंगलवार को आधिकारिक यात्रा पर यहां पहुंचे और इस दौरान वह श्रीलंका के शीर्ष असैन्य और सैन्य नेतृत्व से मुलाकात करेंगे तथा द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को और बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। अपने श्रीलंकाई समकक्ष जनरल शावेंद्र सिल्वा के निमंत्रण पर चार दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे जनरल नरवणे का हवाई अड्डे पर श्रीलंका के शीर्ष जनरल द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भारतीय सेना ने एक ट्वीट में कहा, जनरल नरवणे श्रीलंका पहुंचे और हवाई अड्डे पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ व श्रीलंकाई सेना के कमांडर जनरल शावेंद्र सिल्वा द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यहां भारतीय उच्चायोग ने एक ट्वीट में कहा, (उनका) दौरा भारत और श्रीलंका के बाच रक्षा क्षेत्र में गहन सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा। अपनी यात्रा के दौरान, जनरल नरवने के श्रीलंकाई सशस्त्र बलों के कमांडर-इन-चीफ व राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे, और प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे से मिलने की उम्मीद है। श्रीलंकाई सेना ने कहा कि बुधवार को जनरल नरवणे को सेना मुख्यालय में रंगारंग गार्ड टर्नआउट के साथ एक सुरुचिपूर्ण ढंग से तैयार विशेष गारद सलामी दी जाएगी। बृहस्पतिवार को वह पूर्व में मदुरू ओया स्पेशल फोर्स ट्रेनिंग स्कूल में चल रहे द्विपक्षीय अभ्यास मित्र शक्ति का अंतिम प्रदर्शन देखेंगे।

## यौन उत्पीड़न के लिए वेटिकन को जिम्मेदार ठहराने की याचिका खारिज

**रोम**। यूरोप की एक अदालत ने मंगलवार को इस बात पर सहमति जताई कि कैथलिक पादरियों द्वारा किए गए यौन उत्पीड़न के अपराधों के लिए वेटिकन पर किसी स्थानीय अदालत में मुकदमा दर्ज नहीं कराया जा सकता क्योंकि उसे संप्रभु छूट प्राप्त है और पादरियों तथा उनके आला अधिकारियों के कदाचार के लिए होली सी (वेटिकन) को जवाबदेह नहीं ठहराया जा सकता। यूरोपियन कोर्ट ऑफ ह्यूमन राइट्स ने 24 लोगों द्वारा दायर एक मामले को खारिज कर दिया जिन्होंने कहा था कि वे बेल्जियम में पादरियों के उत्पीड़न के शिकार हैं।

# परमाणु कार्रवाई के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराए संयुक्त राष्ट्रः बेनेट

**एपी**। तेल अवीव

**इजराइल** के प्रधानमंत्री नफ्ताली बेनेट ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का आह्वान करते हुए कहा कि परमाणु कार्यक्रम को बढ़ाने को लेकर ईरान पर कार्रवाई करे। बेनेट ने यरूशलम में एक सम्मेलन में यह बात कही जहां उन्होंने सुझाव दिया कि ईरान का आचरण हर देश के लिए समस्या है और वैश्विक जवाबदेही के अधीन है।

इस साल की शुरुआत में अटके हुए परमाणु समझौते को फिर से बहाल करने के लिए तेहरान और विश्व शक्तियों के बीच बातचीत के किसी नतीजे पर नहीं पहुंचने के बाद ईरान ने समझौते के तहत निर्धारित सीमाओं का उल्लंघन किया है। वह यूरेनियम की छोटी मात्रा को हथियार-बनाने की शुद्धता के निकटतम स्तर तक समृद्ध कर रहा है और उसका जखीरा लगातार बढ़ा रहा है। बेनेट ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल सहित अन्य नेताओं के समक्ष यह मुद्दा उठाया है कि ईरान फिलहाल लंबित 2015 के परमाणु समझौते के साए में बुनियादी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन कर रहा है। अपनी अंतिम आधिकारिक यात्रा में रविवार को इज़राइल का दौरा करने वाली मर्केल ने कहा कि जर्मनी समझौते को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है - इस कदम का इज़राइल विरोध करता है। बाइडन प्रशासन भी परमाणु समझौते को बहाल करने की कोशिश कर रहा है।

बेनेट ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वैश्विक शक्तियां उसे (ईरान को) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में लाएंगी और इसके लिए ईरान को जवाबदेह ठहराएंगी। उन्होंने कहा कि यह आगे का शांतिपूर्ण मार्ग होगा।

## वाणिज्यिक ड्रोन से आपूर्ति की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ा इजराइल

तेल अवीव (**इजराइल**)। इजराइल के तेल अवीव में सोमवार को दर्जनों ड्रोन आसमान में उड़ते दिखाई दिए जिन्होंने पूरे शहर में आईसक्रीम और सुशी (विशेष प्रकार से पकाया हुआ चावल) पहुंचाया। इजराइल के एक सरकारी कार्यक्रम राष्ट्रीय ड्रोन पहल ने एक ऐसी दुनिया की तैयारी के लिए अभ्यास किया, जिसमें अत्यधिक भीड़भाड़ वाली शहर की सड़कों पर दबाव कम करने के लिए ड्रोन की मदद से बड़ी मात्रा में वाणिज्यिक आपूर्ति की जाएगी। दो साल के इस कार्यक्रम का उद्देश्य एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क स्थापित करने के लिए इजराइली ड्रोन कंपनियों की क्षमताओं का इस्तेमाल करना है, जहां ग्राहक सामान ऑर्डर कर सकते हैं।

# जयशंकर ने रूसी समकक्ष से मिलकर अफगानिस्तान व हिंद-प्रशांत पर चर्चा की

**भाषा**। नूर-सुल्तान (कजाखस्तान)



**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को यहां अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से मुलाकात की और द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति पर चर्चा की तथा अफगानिस्तान और हिंद-प्रशांत पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

जयशंकर मध्य एशिया के तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में सोमवार को किर्गिस्तान से कजाकिस्तान पहुंचे। उनकी यात्रा का मकसद द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार करना और अफगानिस्तान के घटनाक्रम सहित क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करना है। अफगानिस्तान में अमेरिकी बलों की वापसी के बाद तालिबान का कब्जा हो गया है।

मंत्री ने एशिया में वार्ता और विश्वास निर्माण उपायों के सम्मेलन (सीआईसीए) की मंत्रिस्तरीय बैठक से इतर लावरोव से मुलाकात की। जयशंकर ने ट्वीट किया कि नूर सुल्तान में सीआईसीए की बैठक के इतर रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात करके अच्छा लगा। हमारे द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति पर चर्चा की। अफगानिस्तान और हिंद-प्रशांत पर विचारों का आदान प्रदान किया। बिश्केक में जयशंकर ने कहा था कि भारत अफगानिस्तान के घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहा है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक प्रस्ताव में उल्लेखित अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अपेक्षाओं को तालिबान शासन द्वारा पूरा किए जाने के महत्व को भी रेखांकित किया।

लावरोव हिंद-प्रशांत अवधारणा के खुले तौर पर आलोचक रहे हैं। उन्होंने दिसंबर में अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिम देशों पर मास्को की भारत के साथ घनिष्ठ साझेदारी और विशेष संबंधों को ैकमजोरै करने की कोशिश करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा है कि पश्चिम देश एकध्रुवीय वैश्विक व्यवस्था को बहाल करना चाह रहे है जिसमें रूस और चीन को छोड़कर सभी राष्ट्र शामिल हों। भारत ने हिंद- प्रशांत रणनीति को अपनी एक्ट ईस्ट पॉलिसी को और आगे बढ़ाने वाला बताया है और कहा है कि रूस इस क्षेत्र में अपना पूरा योगदान दे सकता है। जयशंकर ने अपने मंगोलियाई समकक्ष से भी मुलाकात की और दोनों देशों के बीच अपनी मजबूत विकास साझेदारी पर चर्चा की।

उन्होंने ट्वीट किया कि अपने मंगोलियाई नए सहयोगी बत्तसेतसेग बतमुंखी से मुलाकात करके खुशी हुई। हमारी मजबूत विकास साझेदारी पर चर्चा की। भारत हमेशा एक मजबूत आध्यात्मिक पड़ोसी बना रहेगा।

## ईरान ने हवाई रक्षा अभ्यास शुरू किया

**तेहरान**। ईरान ने देश के रेगिस्तानी इलाके में मंगलवार को दो दिन का व्यापक हवाई सुरक्षा अभ्यास शुरू किया। सरकारी टीवी ने खबर दी है कि इस सालाना अभ्यास वेलयात में सेना और रेवल्यूशनरी गार्ड हिस्सा ले रहे हैं। सरकारी चैनल ने बताया कि वायु सेना और वायु रक्षा इकाई के साथ- साथ रेवल्यूशनरी गार्ड के हवाई क्षेत्र प्रभाग भी हिस्सा लेंगे। ईरान नियमित रूप से ऐसे अभ्यास करता है और उसका कहना है कि वह इनके माध्यम से सैनिकों की तैयारी का आकलन एवं राष्ट्र की सैन्य क्षमता का प्रदर्शन करता है। अक्टूबर की शुरुआत में ईरान ने आज़रबाइजान से लगती सरहद के पास एक अभ्यास किया था और अपनी सैन्य क्षमताओं का प्रदर्शन किया था। अजरबैजान ने हाल में पश्चिमी देशों और इज़राइल के साथ अपने रिश्तों को मजबूत किया है। इजराइल ने अजरबैजान को उच्च प्रौद्योगिकी वाले ड्रोनों की आपूर्ति की है जो अर्मेनिया के साथ उसके संघर्ष में मददगार हैं।

## 23.3 करोड़ डॉलर के जैव विविधता कोष की घोषणा

**बीजिंग**। चीन के राष्ट्रपति शी चिनपिंग ने महत्वाकांक्षी, व्यावहारिक और संतुलित वैश्विक पर्यावरण संरक्षण लक्ष्यों का आह्वान करते हुए मंगलवार को विकासशील देशों में जैव विविधता संरक्षण का समर्थन करने के लिए 23.3 करोड़ डॉलर के जैव विविधता कोष की घोषणा की। चिनफिंग ने संयुक्त राष्ट्र के जैविक विविधता सम्मेलन से जुड़े पक्षों की बैठक में वीडियो लिंक के माध्यम से यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमें सच्चा बहुपक्षवाद अपनाने और अंतरराष्ट्रीय नियमों का प्रभावी ढंग से सम्मान करने तथा उन्हें लागू करने की आवश्यकता है। चिनफिंग ने कहा कि हमारे द्वारा निर्धारित नए पर्यावरण संरक्षण लक्ष्यों को एक ओर महत्वाकांक्षी और दूसरी ओर व्यावहारिक एवं संतुलित होने की आवश्यकता है, ताकि वैश्विक पर्यावरण शासन प्रणाली को निष्पक्ष और अधिक न्यायसंगत बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर मैं विकासशील देशों में जैव विविधता संरक्षण का समर्थन करने के लिए 23.3 करोड़ डॉलर के कुनमिंग जैव विविधता कोष की घोषणा करना चाहता हूं।

## अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था बचाने का आग्रह

**संयुक्त राष्ट्र**। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने सोमवार को कहा कि अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था बनने या बिखरने की स्थिति का सामना कर रही है और उन्होंने दुनिया से देश की अर्थव्यवस्था को चरमराने से बचाने का आग्रह किया। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुतारेस ने तालिबान से महिलाओं को काम करने की अनुमति देने और लड़कियों को शिक्षा हासिल करने देने के अपने वादे पर कायम रहने की अपील भी की। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की 80 प्रतिशत अर्थव्यवस्था अनौपचारिक (जिसका कोई रिकॉर्ड दर्ज नहीं है) है, जिसमें महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और उनके बिना अफगान अर्थव्यवस्था के पटरी पर आने का कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र दुनिया के अन्य देशों से अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था में तत्काल नकदी मुहैया कराने की अपील कर रहा है। अफगानिस्तान की अर्थव्यवस्था अगस्त में तालिबान के अधिग्रहण से पहले अंतरराष्ट्रीय सहायता पर निर्भर थी। देश का 75 प्रतिशत खर्च अंतरराष्ट्रीय सहायता से मिलता था। देश एक नकदी संकट से जूझ रहा है, क्योंकि अमेरिका और अन्य देशों में उसकी सम्पत्तियां जब्त हैं और अंतरराष्ट्रीय संगठनों से मिलने वाली सहायता को रोक दिया गया है।

## आईएस के खतरे को कम कर सकता है तालिबान

**काबुल**। अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के साथ एक नया दुश्मन उभर रहा है। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने एक और हिंसक दौर शुरू करने की धमकी दी है जबकि इससे पहले अफगानिस्तान में तालिबान इसी भूमिका में था, लेकिन अब देश से अमेरिकी सैनिक और उससे संबद्ध अफगान सरकार जा चुकी है और तालिबान सत्ता में है। तालिबान ने शांति वार्ता के दौरान अमेरिका से चरमपंथी समूह को नियंत्रण में रखने का वादा किया था। 2020 के अमेरिका-तालिबान समझौते के तहत तालिबान ने अफगानिस्तान को अमेरिका या उसके सहयोगियों को धमकी देने वाले आतंकवादी समूहों के लिए पनाहगाह नहीं बनने देने की गारंटी दी थी। हालांकि 15 अगस्त को अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद से आईएस के हमलों में अचानक तेजी आने के बाद यह स्पष्ट नहीं है कि वे अपने इस वादे को निभा सकेंगे या नहीं। उत्तरी प्रांत कुंदुज में शुक्रवार को भीड़ भाड़ वाले एक शिया मस्जिद में हुए घातक बम विस्फोट में 46 लोगों की मौत हो गई। आईएस ने राजधानी काबुल और पूर्व और उत्तर प्रांतों में भी कई घातक हमले किए हैं, जबकि छोटे पैमाने पर हमलों में वे तालिबान लड़ाकों को लगभग रोजाना निशाना बनाते हैं।

## नेपाल में बस दुर्घटना में 22 लोगों की मौत

**काठमांडू**। नेपाल के मुगु जिले में मंगलवार को हुई बस दुर्घटना में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई है जबकि 16 अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि नेपालगंज से मुगु जिले के मुख्यालय गमगाधी की ओर आ रही बस पिना झयारी नदी में गिर गई। दुर्घटना छायानाथ रारा नगर निगम क्षेत्र में हुई। बस में सवार यात्रियों में से ज्यादातर लोग दुर्गा पूजा के अवसर पर विभिन्न जगहों से अपने घर लौट रहे थे। सुरखेत से नेपाली सेना का हेलीकॉप्टर राहत कार्य के लिए रवाना कर दिया गया है। मुगु काठमांडू से 650 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित रारा झील के लिए प्रसिद्ध है।

## तंबाकू के खेत को संरक्षित करने का फैसला

सिम्सबरी (**अमेरिका**)। अमेरिका के कनेक्टिकट में जिस तंबाकू के खेत में कभी मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने 1940 के दशक में कॉलेज में पढ़ाई के दौरान काम किया था, उसका ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व देखते हुए खेत को संरक्षित करने का फैसला किया गया है। पिछले महीने 288 एकड़ के भूभाग की बिक्री को अंतिम रूप दिया गया। शुक्रवार को इसकी घोषणा की गई। गैर लाभकारी ट्रस्ट फॉर पब्लिक लैंड और सिम्सबरी शहर ने 16 अक्टूबर को इसके उद्घाटन समारोह की योजना बनाई है।

# नेपाल में उठ रही है गांजे के उपयोग को कानूनी मान्यता देने की मांग

**एपी**। काठमांडू

**नेपाल** की संस्कृति और धर्म में पूरी तरह से घुले-मिले गांजे के उपयोग और उसकी स्वीकार्यता के कारण एक वक्त था जब हिमालई देश दुनिया भर से आने वाले हिप्पियों के लिए जन्नत हुआ करता था और यूरोप तथा अमेरिका से हजारों की संख्या में बसों में भर-भर कर हिप्पी आया करते थे। लेकिन नेपाल ने दुनिया के अन्य देशों का अनुकरण करते हुए 1970 के दशक के अंत में गांजे के उपयोग को गैर-कानूनी बना दिया और हिप्पियों का यहां आना बंद हो गया।

अब करीब 50 साल बाद फिर से गांजे की खेती, उपयोग और निर्यात को कानूनी मान्यता देने की मांग की जा रही है क्योंकि दुनिया के अन्य कई देशों ने भी गांजे के मेडिकल और रिक्रिएशनल (मनोरंजन के लिए) उपयोग की अनुमति दे दी है। गांजे को कानूनी मान्यता देने के पक्षधरों ने इस संबंध में संसद में एक विधेयक पेश किया है जो गांजे के उपयोग को कानूनी मान्यता देगा। हालांकि देश में राजनीतिक दलों के बीच जारी मतभेद के कारण इस विधेयक पर चर्चा में देरी हो रही है।

अभियान के प्रमुख राजीव काफ्ले ने कहा, हम नेपाल में गांजे को कानूनी मान्यता देने की मांग कर रहे हैं, सबसे पहले ऐसे मरीजों के चिकित्सकीय उपयोग के लिए जो मृत्यु की कगार पर हैं। एड्स के कारक विषाणु एचआईवी से संक्रमित काफ्ले का कहना है कि गांजे ने उन्हें इस दर्द से निपटने में मदद की और उन्हें शराब तथा अन्य मादक पदार्थों के नशे से दूर रखा। नेपाल में गांजे के उपयोग को सामान्य स्वीकार्यता है। 1960 और 70 के दशक में इसने पश्चिमी देशों से हिप्पियों को खूब आकर्षित किया। लेकिन, पश्चिमी देशों की सरकारों से पड़ने वाले दबाव ने नेपाल को गांजे और अन्य मादक पदार्थों को गैर-कानूनी घोषित करने पर मजबूर किया। गांवों में गांजे के पौधे सामान्य तौर पर खर पतवार की तरह उगते हैं लेकिन खेतों में बिक्री के लिए लगाए गए पौधों को कई बार पुलिस नष्ट कर देती है। ऐसे भी शहर में जहां हजारों लोग गांजे का उपयोग करते हैं, वहां इसे खरीदना कुछ मुश्किल काम नहीं है। पोलैंड के पर्यटक लुकास वालेनजियाक ने कहा, नेपाल में आप बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को पीते हुए (गांजा) देख सकते हैं।

काफ्ले और उनके रीट्रीट के एक सहकर्मी को पुलिस ने पिछले महीने हिरासत में लिया था। हालांकि उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया लेकिन दोनों के खिलाफ गांजा बांटने संबंधी मामला दर्ज किया गया है। नेपाल के मौजूदा कानून के तहत व्यक्तिगत उपयोग के लिए गांजा रखने वाले व्यक्ति को एक महीने कारावास की सजा हो सकती है लेकिन इसकी आपूर्ति और बिक्री करने वाले व्यक्ति को उसके पास से मिले गांजे की मात्रा के अनुरुप अधिकतम 10 साल कारावास तक की सजा हो सकती है।

## विमान हादसे में भारतीय मूल के डॉक्टर समेत दो लोगों की मौत

**न्यूयॉर्क**। अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में एक विमान दुर्घटना में भारतीय मूल के हृदय रोग विशेषज्ञ समेत दो लोगों की मौत हो गई और दुर्घटना के कारण पास के मकानों में आग लग गई जिससे काफी क्षति हुई। मीडिया में आई खबरों में यह जानकारी दी गई। अरिजोना के युमा रीजनल मेडिकल सेंटर (वाईआरएमसी) के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त हुआ दो इंजन का यह विमान संस्थान में कार्यरत डॉ. सुगाता दास का ही था। सोमवार को हुए हादसे में दास की भी मौत हो गई है। सीबीएस-एनबीसी से संबंद्ध टीवी स्टेशन ने बताया कि अभी इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि हादसे के वक्त दास विमान चला रहे थे या नहीं। वाईआरएमसी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी भरत मागू ने एक बयान में कहा कि स्थानीय हृदय रोग विशेषज्ञ सुगाता दास के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर सुनकर हमें गहरा दुख हुआ है। विमान सैंटी (कैलिफोर्निया) के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ। मागू ने कहा कि वह एक बेहतरीन हृदय रोग विशेषज्ञ और परिवार के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। इस मुश्किल वक्त में हम उनके परिवार, मित्रों और सहयोगियों के प्रति संवेदना जताते हैं। सैंटी में संताना हाई स्कूल के पास हुए हादसे के बाद आग लगने से दो मकान जलकर खाक हो गए और पांच अन्य मकानों एवं कई वाहनों को क्षति पहुंची। हालांकि आग अन्य मकानों तक फैलती, उससे पहले ही दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। हादसे में मारा गया अन्य व्यक्ति एक यूपीएस कर्मी था जो घटना के वक्त जमीन पर काम कर रहा था। यूपीएस ने यह पुष्टि की है कि विमान हादसे में उसके एक कर्मी की मौत हो गई। एबीसी से संबद्ध केएक्सटीवी ने यूपीएस के बयान के हवाले से बताया, हम अपने एक कर्मी की मृत्यु की खबर से दुखी हैं और उनके परिवार एवं मित्रों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हैं।

# स्वाद का सांस्कृतिक मिलन

**कोरिया, जापान और सिंगापुर के विविध व्यंजन कई खाद्य स्थलों पर मिलकर एक अनूठा मिश्रण तैयार करते हैं। बता रही हैं 'खुशबू कीर्ति' :**

**खाद्य विविधता** वह विशिष्ट शब्द है जिसके बारे में मैं आगे बात करने जा रही हूं – विभिन्न संस्कृतियों से विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों का सेवन। इस प्रकार, भोजन भौगोलिक रूप से भिन्न हो जाता है, ज्यादातर विशेष रूप से किसी अन्य स्थान से आयात किया जाता है। व्यापार और प्रौद्योगिकी में इस तरह की प्रगति के साथ, यह ऑर्डर करने के लिए दो मिनट का काम है, मान लीजिए, लेबनानी भोजन और यदि आप इसे उच्च श्रेणी के स्थान से ऑर्डर करते हैं, तो एक अच्छा मौका है कि कच्चे माल को लेबनान के अलावा किसी और से आयात नहीं किया जा रहा है। हां, यह आपके व्यंजनों के क्षितिज को व्यापक बनाने का विशेष हिस्सा है – आप अपने घर पर ही एक विदेशी संस्कृति का अनुभव कर सकते हैं। अब, मैं इस बात की पुष्टि नहीं कर सकता कि अनुभव कितना प्रामाणिक हो सकता है, लेकिन निम्नलिखित तीन आजमाए हुए कैफे/रेस्तरां हैं जो उनके विशिष्ट सांस्कृतिक अनुभव को घर लाने की गारंटी देंगे।




## हाराजुकु टोक्यो कैफे में जापानी संस्कृति

मैं लंबे समय से खाद्य-उद्योग में संस्कृतियों के विविधीकरण के बारे में शोध करने के लिए उत्सुक थी, हालांकि, एक अच्छा समय कभी नहीं लगा। एक दिन, मुझे हरजुकु टोक्यो कैफे नामक एक जापानी कैफे को आजमाने का मौका मिला और मैं इसे लिख सकती हूं, ऐसा नहीं है कि मैं इसे यहां नहीं कर रही हूं, कि यह एक नए व्यंजन का परीक्षण करते समय मेरे सबसे अच्छे अनुभवों में से एक था। कैफे सेलेक्ट सिटी वॉक मॉल, साकेत में स्थित है। जैसे ही मैं और मेरी मां ने परिसर में प्रवेश किया, सुगंध मंत्रमुग्ध कर देने वाली महसूस हुई। निस्संदेह, यह सबसे प्यारी जगह थी जिसे मैंने कभी देखा था और जिस क्षण आप प्रवेश करते हैं, आपका मूड स्पष्ट रूप से ऊपर उठा हुआ होता है। माहौल प्राणपोषक था लेकिन जिस चीज ने मेरा तत्काल ध्यान खींचा, वह थी प्रवेश द्वार पर पंजा मशीन और प्रदर्शन पर मंगा कॉमिक्स। अंदर, हाराजुकु, शिबुया की सड़कों से भित्तिचित्रों के साथ एक विशाल दीवार थी। उन लोगों के लिए जो शायद जागरूक नहीं हैं, हरजुकु रंगीन कला और युवा फैशन से भरी एक हलचल भरी सड़क है। यह पुराने कपड़ों और कॉसप्ले के ढेर सारे स्टोर दिखाता है। बार, खाने-पीने के कोने, गाड़ियां, प्रदर्शनियाँ ऐसी हैं जिनके लिए सड़क स्वाभाविक रूप से प्रसिद्ध है। उनके वास्तविक जीवन के मॉडल के अनुसार, कैफे में एक सजाया हुआ भोजन वैगन या कारवां भी था। हाराजुकु गली में क्रेप्स, डोनट्स, बबल टी वगैरह बेचने वाली ढ़ेरों गाड़ियां हैं। अलंकार अद्वितीय था। कैफे के मालिक गौरव कंवर ने दिल से समझाया कि कैसे छत पर खिलौने-बादल भी जापान से आयात किए गए थे, यह बताते हुए कि फर्श-टाइलें मूल रूप से हरे और सफेद ओरिगेमी थीं – संस्कृति ने दोहराया कि जापान का। उन्होंने नोएडा में उनके अन्य आउटलेट के बारे में भी बात की, जिसमें उच्च स्तर के मानकीकरण को हिट करने के लिए विशेष जापानी शेफ थे। गोज़ा (मूल रूप से सबसे स्वादिष्ट चिकन पकौड़ी जिसकी कोई कल्पना कर सकता है), और प्लेन बटर क्रोइसैन के साथ आइस्ड कॉफी, कैप्पुकिनो और मार्शमैलो जिलेटिन के साथ कुत्ते के आकार की कुकी के साथ हमारा स्वागत किया गया। जबकि क्रोइसैन हल्का था और मुंह में पिघल गया था, कॉफी सुगंधित थी और, मैं कह सकती हूं, सही है क्योंकि यह सफलतापूर्वक एक शांत चर्चा प्रदान करता है। ग्योज़ा में तिल के टॉपिंग, हरे प्याज़ थे, और इसे सूक्ष्म बीन्स और पत्तियों से सजाया गया था। स्वाद केवल एक मसालेदार, तीखी इमली की चटनी द्वारा बढ़ाया गया था। मेरी मां को टेरीयाकी सैंडविच बहुत पसंद था, और मुझे यह जोड़ना चाहिए कि वह आसानी से प्रभावित होने वाली नहीं हैं। यह एक मेट्रो जैसा दिखता था और चिकन पैटी और कटी हुई सब्जियों से बेहद भरा हुआ था। चिकन बाओ एक ऐसी डिश थी जो मैंने पहली बार खाई थी। यह मीठा, चबाया हुआ और नरम था, और चिकन अच्छी तरह से पका हुआ और कुरकुरा था।

शेफ संजय ने हमें उनके विशेष स्पाइसी सैल्मन और क्रीम चीज़ रोल की सिफारिश की, जिसमें सैल्मन, एवोकाडो और क्रीम चीज़, खीरा, मसालेदार पोंज़ू मेयोनेज़, सफेद मेयो और माइक्रो-बीन्स के साथ गार्निश किया गया था। यह इनसाइड-आउट रोल्स में से एक था जो उरामाकी नामक जापानी डिश की श्रेणी में आता था।

## गंग द पैलेस में कोरियाई संस्कृति

चीनी और इतालवी भोजन का आगमन वास्तव में एक पुरानी कहानी है, लेकिन बीटीएस और के-ड्रामा की लोकप्रियता के साथ, कोरियाई भोजन ने अचानक बहुत ध्यान आकर्षित किया है। हमारे लिए अच्छा है, है ना? मैंने और मेरे दोस्त ने नोएडा में गंग द पैलेस को आजमाने का फैसला किया। और मैं आपको बता दूं, यह जगह वास्तव में कोरिया को आपके पास लाने के लिए लग रही थी। रेस्तरां में खाने के लिए निजी कक्ष थे, कुछ ऐसा जो मैंने केवल टेलीविजन और एनीमे में देखा था। लकड़ी के फर्श ने जगह को एक परिष्कृत और पॉलिश किया हुआ रूप दिया। हमने प्रवेश किया और उनके नए लॉन्च किए गए बीटीएस कॉफी ब्रू का नजारा था। के-पॉप प्रशंसक होने के नाते, मुझे तुरंत कुछ कोशिश करने की लालसा थी। सौभाग्य से, मुझे मौका मिला, क्योंकि हमारी गाइड गीतांजलि ने मुझे उन पर नज़र रखते हुए पाया और मुझे कुछ स्वाद दिए। मुझे स्पष्ट रूप से



स्वीकार करना पड़ा जब कोई इस राशि का आग्रह करता है (पलक मारता है)। गलियारों ने कमरों में दक्षिण-पूर्व एशियाई संस्कृतियों को प्रतिबिंबित किया और हमने फर्श में एम्बेडेड टेबल की पारंपरिक सेटिंग वाले कमरों में से एक में कदम रखा।

सौभाग्य से, हम कोरियाई थैंक्सगिविंग उत्सव के दौरान रेस्तरां में गए, जिसे चुसेक, या हंगावी कहा जाता है। यह उनका प्रमुख फसल उत्सव है। दक्षिण कोरियाई इसे तीन दिन की छुट्टी के रूप में मनाते हैं जबकि उत्तर कोरियाई इसे एक दिन के लिए मनाते हैं। यह चंद्र कैलेंडर के आठवें महीने के 15वें दिन यानी इस साल 21 सितंबर को मनाया



जाता है। यह एक ऐसा संयोग था, मैंने मन ही मन सोचा, क्योंकि अब हमें उनके विशेष धन्यवाद भोजन के साथ परोसा गया! गीतांजलि ने हमें उनके व्यंजनों के बारे में बताया जिसमें एक मुख्य व्यंजन और कई साइड डिश शामिल हैं। हमारे साथ बिल्कुल शाही जैसा व्यवहार किया जाता था। आदेश में दो मुख्य व्यंजन शामिल थे – चीज़ डक्कलबी या फ्राइड चीज़ चिकन और हैमुल जेओंगोल (समुद्री भोजन पुलाव), साथ ही किम्ची (नारंगी गोभी के पत्ते), एंकोवी, पेनकेक्स (नहीं, वे मीठे नहीं थे) जैसे व्यंजन शामिल थे। और सिगेउम्ची नामुल (पालक, मूली और गोसरी सहित एक विशेष पकवान)।

पनीर में तला हुआ चिकन शायद कुछ ऐसा था जिसे मैं जानती था कि खत्म नहीं कर पाऊंगी, और मुझे उनके हामुल जोंगोल पर शुरू भी नहीं करना चाहिए। पुलाव में सबसे आकर्षक समुद्री भोजन शामिल है, होंठों को सूंघने वाले झींगे, और केकड़ों से लेकर विदेशी और मनोरम ऑक्टोपस तक। हमें सूचित किया गया था कि उनका सारा समुद्री भोजन कोरिया के विभिन्न हिस्सों से आयात किया गया था और यह समझ में आया, क्योंकि इसमें पहले जैसा कुछ नहीं था। बस जब मुझे आश्चर्य हुआ कि उनके पास मिठाइयाँ नहीं हैं, तो सोंगफ्योन आ गया, जो हरे मीठे मोमोज प्रतीत होते थे लेकिन वास्तव में थोड़े मीठे तिल की अच्छाई थी। हालांकि हमारे सामान्य मिठाइयों से बहुत अलग, हम भोजन के बारे में शिकायत नहीं कर सकते थे। हम पूरी तरह से भरे हुए और संतुष्ट थे।

## माई बाओ में सिंगापुर की संस्कृति

कोरियाई और जापानी व्यंजनों के बाद, मुझे सिंगापुर के व्यंजनों की कोशिश करनी पड़ी, क्योंकि, क्यों नहीं? मेरे चचेरे भाई और मैंने सूची में सबसे ज्यादा रेटिंग वाले लोगों में से एक को चुना और यह डीएलएफ एवेन्यू मॉल, साकेत में माई बाओ निकला। यह एक आरामदायक और चिकना रेस्टोरेंट था जिसमें बेज गुलाबी और फ़िरोज़ा के सौंदर्यपूर्ण रंग थे। शेफ सतवंत ने हमारा स्वागत किया, जो सबसे अच्छे थे, उन्होंने हमें व्यक्तिगत रूप से तैयार किए गए अनुकूलित सिग्नेचर व्यंजन पेश किए। छत ने एक विशाल एस प्रदर्शित किया, एक पैटर्न जिसे मैंने टेबल की दीवारों और सीमाओं पर भी देखा। पेंटिंग्स और पेपर-वेट ने राजसी शेरों को प्रदर्शित किया, सिंह-सिर सिंगापुर का राष्ट्रीय प्रतीक और लोगो है, जो साहस, ताकत और उत्कृष्टता जैसे चरित्रों को प्रदर्शित करता है – उनके राष्ट्रीय मूल्य। इसे 1986 में पेश किया गया था, जो सिंगापुर की प्रतिष्ठा और पहचान को 'लॉयन सिटी' के रूप



में दर्शाता है।

शेफ की प्रशंसा के साथ, हमें व्यंजनों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ परोसा गया, पहला था लक्सा, एक मसालेदार नारियल नूडल-डिश जो दक्षिण-पूर्व एशिया (मुख्य रूप से चीन और मलेशिया में) में लोकप्रिय है। सिंगापुर में, शेफ ने हमें बताया, कट-अप नूडल्स के साथ, लक्सा कटोंग लक्सा है। ग्रेवी गाढ़ी थी और इसका स्वाद अच्छा और सुखदायक था। यह नारियल के शोरबा की तरह लगा और मैं इसे पांच में से चार के लिए अच्छा मानूंगा। जबकि पोपिया के पास बहुत अधिक पत्ते थे, और मैंने सॉस का बिल्कुल आनंद नहीं लिया, झींगा और नीले मटर की पकौड़ी चमकदार और अनोखी दिखाई दी और झींगे स्वादिष्ट लगे।

डक बाओ को होइसिन सॉस के साथ परोसा गया था, जो एक मजबूत दालचीनी स्वाद देता था। चटनी मीठी थी और बत्तख गर्म थी और कुछ हद तक चिकन की तरह चखा, जो मेरे लिए अच्छा था। जबकि मलाईदार मशरूम था, यहां कोई आश्चर्य नहीं, मलाईदार, और टोफू की तरह स्वाद, मैंने बिल्कुल चिकन साटे की छड़ें पसंद कीं – यह मुख्य रूप से कटा हुआ ग्रील्ड चिकन था, मूंगफली की ग्रेवी में अवशोषित और एक उत्कृष्ट स्टार्टर के लिए होड़। इसमें हल्दी की तेज गंध थी जिसने स्वाद को बढ़ाया और सिंगापुर के व्यंजनों के लिए अद्वितीय है। उनकी संस्कृति का एक और पसंदीदा व्यंजन हैनानी चिकन चावल है, जिसमें चिकन स्टॉक में पकाए गए चावल पर उबले हुए चिकन को शामिल किया जाता है। यह बहुत भरने वाला था और इसमें एक विशिष्ट भाप से भरा सुगंध था। शेफ की मिठाई की थाली आखिरी के लिए सबसे अच्छी बचत थी। रेशम चॉकलेट के स्वाद के साथ पेस्ट्री की तरह दिखने वाला यह था, नारियल की एक परत, और क्रैकल्स बेहद सुन्दर थे।

# टेली कथा

## अनोखी लघु फिल्में

अभिनेता हर्ष ए सिंह, जिन्हें हमने हाल ही में मुंबई डायरीज़ 26/11 में देखा है, उनकी हालिया लघु फिल्म ग्रीन रूम : थेहराव ने कान फिल्म समारोह में दर्शकों का पुरस्कार जीता। बड़ी जीत के बारे में बताते हुए हर्ष कहते हैं, यह एक शानदार अनुभव रहा है। हमने इसे पवई के एक खाली फ्लैट में शूट किया था।

अद्भुत रचनात्मक मजाकिया लोगों के एक छोटे समूह ने पूरी फिल्म को एक साथ रखने में मदद की। मिस्फीट मोशन पिक्चर्स के इन अद्भुत लोगों ने इसे एक सामुदायिक प्रयास की तरह महसूस किया। इस कहानी में हर कोई अपना दिल और आत्मा लगा रहा है। यह इतनी प्यारी और मजेदार स्क्रिप्ट है। पूरी तरह से एक अभिनेता की पटकथा। सभी अभिनेताओं के बारे में क्या होता है। पूरी फिल्म में केवल 2 कलाकार हैं, इसलिए यह और भी महत्वपूर्ण है कि हम अपनी भूमिकाओं के लिए आश्वस्त थे। मेरे अलावा, अभिनेता राज



चौहान हैं और इसका निर्देशन अभिषेक कृष्णन ने किया है, जो कि विज़्किड हैं, – अभिनेता, निर्देशक, उद्यमी।

''अभिषेक और मैं हमारे एनसीपीए नाटक गांधी के दौरान मिले थे। हम उसमें एक साथ अभिनय कर रहे थे और फिर उन्होंने मुझे यह स्क्रिप्ट भेजी, जिसे वे निर्देशित करना चाहते थे। मैंने बिना पढ़े ही हां कह दिया। मैं इसे अभिषेक के लिए आँख बंद करके करूँगा। वह इतना प्रतिभाशाली व्यक्ति है और मेरे पास हास्य की दुष्ट भावना है। जब भी हम मिलते हैं, हमारे पास कुछ बेहतरीन क्वालिटी टाइम होता है।''


वह यह भी कहते हैं, ''लघु फिल्में ऐसी अनोखी हैं। वे पूरी तरह से निर्देशक या अभिनेता का माध्यम हो सकते हैं। उन्हें वास्तव में बॉक्स ऑफिस पर हिट होने की ज़रूरत नहीं है, इसलिए लघु फिल्म निर्माता अधिक प्रयोगात्मक होते हैं और वे अभिनेताओं को अधिक सांस लेने की जगह भी देते हैं। वे हमेशा अलग होते हैं – नई अवधारणाएं, बनाने में आसान, उत्पादन में कम खर्चीला। मैं बस यही चाहता हूं कि इन फिल्मों को देखने के लिए और अवसर मिले और मैं चाहता हूं कि दर्शक इस प्रारूप के प्रति अधिक ग्रहणशील हों।''

हर्ष की यह छठी शार्ट फिल्म है। उनकी आखिरी लघु फिल्म ''इबादत'' ने सर्वश्रेष्ठ कहानी के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार जीता। वर्ष उनकी दूसरी फिल्म ''हैलो मुंबई'' ने राष्ट्रीय लघु फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म का पुरस्कार जीता। उन्होंने ''द गुड गर्ल'' नामक एक का लेखन और निर्देशन भी किया है, जिसे एनएमआईएमएस पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए नामांकित किया गया था।

## साकार हुआ सपना

अपने प्रीमियर के बाद से, ज़ी टीवी के नवीनतम फिक्शन शो – रिश्तों का मांझा, ने अर्जुन (कृशाल आहूजा) और दीया (आंचल गोस्वामी) के अपने दिलचस्प कथानक और संबंधित पात्रों के माध्यम से दर्शकों पर एक उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। दोनों को अपनी मनमोहक केमिस्ट्री के लिए दर्शकों से पहले ही अपार प्यार मिल चुका है, और एक आश्चर्यजनक मोड़ में, वे अचानक से शादी करते हुए दिखाई देंगे। हालांकि, दीया का वेडिंग लुक पहले ही वायरल हो चुका है। बंगाली ब्राइडल अवतार में नजर आई यह अभिनेत्री अचानक ही शहर में चर्चा का विषय बन गई है।

दीया के चरित्र को यथासंभव प्रामाणिक दिखाने के लिए, आंचल ने हाल ही में रिश्तों का मांझा के आगामी विवाह अनुक्रम के लिए एक प्रामाणिक बंगाली दुल्हन अवतार लिया था। अभिनेत्री बहुत खूबसूरत लग रही थी क्योंकि उसने सोने के गहनों से मेल खाने के लिए सुनहरे विवरण और कढ़ाई से सजी लाल बनारसी साड़ी पहनी थी। जबकि सेट और प्रोमो से उनकी तस्वीरें ट्रेंड कर रही हैं, ऐसा लग रहा है कि आंचल के पास इस तरह के अवतार में आने और इस महत्वपूर्ण अनुक्रम की शूटिंग के लिए एक अच्छा समय था। वास्तव में, अभिनेत्री ने यह भी खुलासा किया कि कैसे बिपाशा बसु लुक के पीछे सबसे बड़ी प्रेरणाओं में से एक थीं।



वह खुलासा करती है, ''मुझे बंगाली संस्कृति पसंद है और मैं वास्तव में उत्साहित हो गई जब मुझे पता चला कि मुझे रिश्तों का मांझा में एक शादी के दृश्य की शूटिंग करनी है। दीया का किरदार निभाना और बंगाली संस्कृति को मूर्त रूप देना काफी रोमांचक रहा है, इस शो ने बंगाली दुल्हन बनने के मेरे सपने को भी सच कर दिया है।''

## तकनीक का ज्ञान या नहीं

ओनी सब के 'वागले की दुनिया-नई पीढ़ी नए किस्से' ने तीन अलग-अलग पीढ़ियों के दर्शकों को आकर्षित किया है, और इसकी ताज़ा कहानी को पूरे देश में पसंद किया जाता है और इसकी सराहना की जाती है। आने वाले एपिसोड में राजेश (सुमीत राघवन) के उत्साह को दिखाया जाएगा क्योंकि वह अपने आधिकारिक काम के लिए कोडिंग सीखने की चुनौती लेता है।

कियारा के साथ, राजेश के बॉस, (अंजू जाधव) कंपनी में तकनीकी रूप से संचालित कोडर्स पेश करने का प्रयास करते हैं, राजेश खुद को कोड सीखने की एक नई चुनौती लेता है ताकि वह अपनी टीम की निगरानी कर सके। वह चुनौती लेता है और पूछता है अपने बॉस से क्रैश कोर्स करने के लिए आठ दिन। हर कोई हैरान है क्योंकि राजेश 40 साल की उम्र में कोडिंग के माध्यम से नई तकनीक सीखने के लिए कदम बढ़ाता है। वह महत्वाकांक्षी होने के लिए उन पर की गई टिप्पणियों पर ध्यान नहीं देता है, और कई बाधाओं का सामना करने के बाद, वह आखिरकार एक कोडिंग क्लास में शामिल हो जाता है। वह संयोग से उसी कोचिंग सेंटर में अपने बेटे, अथर्व (शीहान कपही) के रूप में उतरता है। अथर्व, जो इसे सहजता से करता है, की तुलना में राजेश के लिए कक्षा में नई चीजों को




समझना मुश्किल हो जाता है।

क्या राजेश अपने बेटे की तरह तेज गति से सीखने के मॉड्यूल को बनाए रख पाएगा? क्या वह केवल आठ दिनों में कोड करना सीखने में सफल हो जाएगा?

राजेश वागले की भूमिका निभा रहे सुमीत राघवन ने कहा, ''यह राजेश के लिए एक बैक टू स्कूल स्थिति थी और ये एपिसोड मुझे अपने स्कूल के दिनों में वापस ले गए। इन एपिसोड की शूटिंग के लिए मेरे पास बहुत अच्छा समय था क्योंकि यह बहुत मजेदार था।, और मुझे पुराने दिनों को याद करने का अवसर मिला। मेरा मानना है कि सीखने का कोई अंत या सही उम्र नहीं है। कुछ भी नया सीखने के लिए, उसके प्रति सही रवैया और जुनून होना चाहिए।''

डरावना नहीं अजीब

## दि मैनर



**एमेज़ॉन प्राइम**
**कलाकार : बारबरा हर्षे, ब्रूस डेविसन, स्टेसी ट्रैविस, सिएरा पेटन, जिल लार्सन**
**रेटेड : 4.5/10**

ऐसी फिल्में जहां सब कुछ डरावना दिखता है, निश्चित संकेत हैं कि चीजें अच्छी नहीं चल रही हैं – या तो पात्रों के लिए या इसे देखने वालों के लिए। और अगर शैली डरावनी है, तो यह आप में से हेबी-जीबी को डराने के लिए बाध्य है। अफसोस की बात है कि हाल ही में हॉलीवुड या बॉलीवुड से आने वाली सभी डरावनी फिल्में या तो खूनी हैं – बहुत सारे खूनी और बदसूरत चेहरे या अजीब। डराने वाला भागफल अब नहीं है। कॉन्ज्यूरिंग सीरीज़ जैसी कुछ फ़िल्मों को छोड़कर, बाकी सिर्फ आपको रुला देती हैं क्योंकि भूत, प्राणी, चुड़ैल या यहाँ तक कि लाश भी पाप के रूप में बदसूरत हैं।

उम्मीद है कि निर्देशक यह समझेंगे कि लंबे दांतों वाले बदसूरत और मुड़े हुए शरीर से लार टपकती है या खून शायद ही दर्शकों को डराने वाला हो। क्या वे विष को भूल गए हैं? ज्यादातर लोग उससे प्यार करते हैं – उसका बदसूरत दिखने वाला चेहरा। लोग सीरीज में अगले का इंतजार करते हैं।

इसलिए, द मैनर के पास दर्शकों के लिए पेश करने के लिए कुछ भी नया नहीं है। एक 70 वर्षीय एक देखभाल करने वाले के घर में चली जाती है क्योंकि घर में एक बेटी और एक पोते के बावजूद वह अब घर पर नहीं रह सकती है! भारत में हमारे लिए एक अजीब अवधारणा। फिर, ज़ाहिर है, अजीब चीजें होने लगती हैं। अनुमान लगाया जा सकता है। यह महिला जिज्ञासु है यह एक अल्पमत है। यह भी अनुमानित है। कि हर देखभाल करने वाला शामिल है। जाहिर है। कि वह तीन खुशमिजाज लोगों से दोस्ती करती है, जहां अन्य लोग ज़ोंबी अवस्था में हैं, बेटी के हैकल्स को उठाना चाहिए था। अजीब तरह से यह नहीं है। वह अपनी मां के कहने पर डॉक्टर पर विश्वास करना पसंद करती है।

लेकिन फिर यह एक फिल्म है। यहां कुछ भी वास्तविकता के करीब नहीं है या ऐसा कुछ है जिससे लोग संबंध पाएंगे। रात में टकरा जाने वाली चीजें भी डरावनी नहीं होतीं। अफसोस की बात है कि यहीं पर द मैनर लड़खड़ा जाता है। यह एक हॉरर फिल्म है। आतंक कहाँ था? जब तक कोई यह न समझे कि पेड़ का एक हिस्सा खुद ही उखड़ गया है और अपने शिकार को खा जाने के लिए बाहर निकल गया है। डराने वाला नहीं! फिर से – हमने नार्निया श्रृंखला देखी है। यहां सब कुछ समान है।

एक हॉरर फिल्म में आपको डराने के लिए कुछ ऐसा पेश करना होता है जो पहले कभी नहीं देखा गया हो। यह सब एक अजीब चरमोत्कर्ष के साथ समाप्त होता है। **-शालिनी सक्सेना**



प्यारा और खूबसूरत

## मपेट्स हांटेड मैंशन

**डिज्नी+हॉटस्टार**
**कलाकार : बिल बैरेटा, डेव गोएल्ज़, ब्रायन हेंसन, एरिक जैकबसन, पीटर लिंज़ो**
**रेटेड : 5.5/10**

यह अजीब बात है कि भले ही यह हैलोवीन वीक नहीं है, लेकिन कई ऐसी हॉरर फिल्में हैं जो ओटीटी पर रिलीज हो रही हैं। यहां चांदी की परत है। कठपुतली प्रेतवाधित हवेली कम से कम पूर्व-किशोरों के लिए है। एक और प्लस यह है कि वे कठपुतली हैं और वे प्यारे और प्यारे हैं।

हम में से कई लोग केर्मिट द मपेट को देखकर बड़े हुए हैं – हरे मेंढक ने निश्चित रूप से हमारा मनोरंजन किया। अफसोस की बात है कि इसमें उनकी मौजूदगी महज दो मिनट के लिए ही है। लेकिन यह उस मज़ा को दूर नहीं करता है जो बच्चे इसे देख रहे होंगे।

बेशक, भूत हैं लेकिन वे सभी कठपुतली हैं, इसलिए वास्तव में डरावना नहीं है। हम सभी जानते हैं कि वे शुरू से ही अजीब दिखते हैं। पेपे, मपेट को ही लीजिए। वह राजा झींगा है। यहां तक कि हर जगह अपने अजीबोगरीब झंडे के साथ, वह प्यारा दिखता है और खुद को प्यार करता है। वह टोपी की एक बूंद से डरता है, फिर भी वह मजाकिया है। द ग्रेट गोंजो में खुद है – एक मपेट जो सूरज के नीचे किसी चीज से नहीं डरता। और अपने स्वभाव के प्रति सच्चे। उसे अपने दोस्त पेपे को खोने से ज्यादा कुछ नहीं डराता। अपनी लंबी घुमावदार नाक से गोंजो आपका मनोरंजन करता है।

बाकी भूत भी अजीब होते हैं। डायलॉग्स जैसे ओह हाउ घोउल (कूल), मैं आज शाम आपका होस्ट बनूंगा। योर घोस्ट होस्ट और और नो फ्लैश पिक्चर्स प्लीज। आत्माएं चमकदार रोशनी के प्रति संवेदनशील हैं वयस्कों को पूरे समय मुस्कुराता रखेंगे और बच्चों का मनोरंजन करेंगे।

एक फिल्म जो आपके बच्चों को 50 मिनट तक व्यस्त रखेगी। **— शालिनी सक्सेना**